सूर्योदय 5:19 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 25 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,373 |
| निफ्टी | 24,716 |
| सोना | 96,192 |
| चांदी | 97,392 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



पीएम के जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने की संभावना कम

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 3 जून 2025 | 21 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 155, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

**आज का मैच**

पंजाब vs बेंगलुरु

समयः रात 7:30 बजे (अहमदाबाद)

## न्यूज शॉर्ट्स

### चेन्नई के अन्ना विवि में रेप के दोषी को उम्रकैद

**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई स्थित अन्ना यूनिवर्सिटी में हाई प्रोफाइल यौन शोषण मामले के दोषी ज्ञानसेकरन को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। महिला कोर्ट की जज एम राजलक्ष्मी ने कहा कि दोषी को बिना किसी छूट के कम से कम 30 साल जेल में रहना होगा। दोषी पर 90 हजार रुपए जुर्माना भी लगा है। ज्ञानसेकरन को 28 मई को दोषी ठहराया था। उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न, रेप, धमकी और अपहरण सहित सभी 11 आरोप सही साबित हुए थे। मामले में कम से कम 29 गवाहों ने गवाही दी और पुलिस ने 100 पन्नों का चार्जशीट दाखिल किया था। (अनंत ज्ञान)

### बेंगलुरु में कोहली के पब पर कार्रवाई

**एजेंसी, बेंगलुरु।** बेंगलुरु में क्रिकेटर विराट कोहली के वन8 कम्यून पब और रेस्टोरेंट पर कार्रवाई हुई है। पब में स्मोकिंग जोन नहीं होने के कारण पुलिस ने मंगलवार को मैनेजर और स्टाफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। विराट का वन8 कम्यून पब एमजी रोड पर स्थित है। पुलिस के बताया कि पब में कोटपा एक्ट (सिगरेट एंड अदर तंबाकू प्रोडक्ट एक्ट) के नियमों का उल्लंघन हो रहा था। एक्ट की धारा 4 और 21 के तहत एफआईआर दर्ज हुई है। कोटपा एक्ट के अंतर्गत होटल, रेस्टोरेंट, एयरपोर्ट जैसे सार्वजनिक जगहों पर अलग से स्मोकिंग जोन बनाना जरूरी है। (अनंत ज्ञान)



### बांग्लादेश के नोटों पर अब मंदिरों की तस्वीरें

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश में रविवार को नए बैंक नोट जारी किए गए हैं। इन नोटों पर से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता और देश के संस्थापक राष्ट्रपति शेख मुजीबुर रहमान की तस्वीर को हटा दिया गया है। नए नोटों पर देश के पारंपरिक स्थलों को भी जगह मिली है। बांग्लादेश बैंक के प्रवक्ता आरिफ हुसैन खान ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि नई सीरीज और डिजाइन के तहत नोटों पर किसी भी इंसान की फोटो नहीं होगी बल्कि इसकी जगह प्राकृतिक परिदृश्य और पारंपरिक स्थल नजर आएंगे। नए बैंक नोटों में हिंदू और बौद्ध मंदिरों के साथ-साथ ऐतिहासिक महलों की तस्वीरें भी शामिल होंगी। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- नगर निगम हमीरपुर को मिले तीन वैलनेस सेंटर -पेज 2
- हिमाचल प्रदेश में घर-घर कैंसर की पहचान शुरू -पेज 3
- जुब्बल-कोटखाई बनेगा खेल हब: रोहित ठाकुर -पेज 6
- एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ गरजे लोग -पेज 9
- फिल्म फेस्टिवल में संस्कृति से करेंगे परिचितः मल्होत्रा -पेज 11


# सिक्किम में मिलिट्री कैंप पर लैंडस्लाइड, 3 जवान शहीद

## चार जवानों को मलबे से जिंदा निकाला, छह सैनिक अभी भी लापता

**एजेंसी, नई दिल्ली/गंगटोक**

सिक्किम में रविवार शाम 7 बजे एक मिलिट्री कैंप भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया। घटना में 3 जवान शहीद हो गए, वहीं चार जवानों को मलबे से जिंदा निकाला गया है, उन्हें मामूली चोटें आई हैं। छह जवान अभी लापता हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है।

सेना ने सोमवार को घटना की जानकारी दी और बताया कि जिन जवानों के शव मिले हैं, उनकी पहचान हवलदार लखबिंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। दूसरी तरफ सिक्किम के लाचेन और लाचुंग में 30 मई से फंसे एक हजार से ज्यादा टूरिस्टों को भी सोमवार को रेस्क्यू किया गया।



सिक्किम में हुए लैंडस्लाइड की तस्वीर।

**सेना का सर्च ऑपरेशन जारी**

बता दें कि सिक्किम सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में पिछले 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में अब तक 37 लोगों की जान गई है। इसमें असम में 10, अरुणाचल प्रदेश में 9, मिजोरम में 5 और मेघालय में 6 मौतें शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल का जवान भी शहीद

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** सिक्किम में हुए भीषण भू-स्खलन ने हिमाचल के सिरमौर जिले के बड़ा बन गांव के सैनिक लांस नायक मनीष ठाकुर (24) को छीन लिया। तीन डोगरा रेजिमेंट में तैनात मनीष लगभग 7:30 बजे सिक्किम में छत्ते नामक स्थान पर हुई लैंडस्लाइड की चपेट में आ गए। मनीष ठाकुर की 3 महीने पहले 6 मार्च को तनु देवी से शादी हुई थी। उनके घर में पत्नी के अलावा, पिता जोगिंदर सिंह, मां किरण बाला और एक छोटा भाई है। मनीष के पिता जोगिंदर सिंह मजदूरी करते हैं। मनीष 10 अप्रैल को ही छुट्टी काटकर ड्यूटी लौटे थे। सैनिक कल्याण बोर्ड जिला सिरमौर के उपनिदेशक मेजर दीपक धवन ने शहीद लांस नायक मनीष ठाकुर की शहादत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि उन्हें कमान कार्यालय से इस दुखद घटना की सूचना मिली है। मेजर धवन ने बताया कि शहीद की पार्थिव देह मंगलवार तक नाहन पहुंचने की संभावना है। उनके पैतृक गांव बड़ा बन में पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वीर सैनिक मनीष की शहादत की खबर फैलते ही न केवल उनके परिवार में, बल्कि पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय विधायक अजय सोलंकी ने भी लांस नायक मनीष ठाकुर की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शहीद के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।



# वन मित्रों से बोले सीएम- भविष्य सुनिश्चित करूंगा, इंतजार करें

## हमीरपुर में वन मित्रों की पासिंग परेड का किया निरीक्षण

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को हमीरपुर में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने नादौन के दो महिला मंडलों अमलैहड़ व भवड़ां को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। ये दोनों महिला मंडल दो-दो हेक्टेयर वन भूमि पर पौधरोपण करेंगे। सीएम ने ग्रीन एडॉप्शन योजना का शुभारंभ भी किया। पहले चरण में अंबुजा कंपनी 25 हेक्टेयर, अडानी फाउंडेशन 10 हेक्टेयर तथा अल्ट्राटेक 10 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण कर उनकी देखभाल सुनिश्चित करेंगे, जिसके लिए मुख्यमंत्री ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपे। इस योजना के तहत निजी उद्यम, कंपनियां और गैर-सरकारी संगठन बंजर वन भूमि को गोद लेकर पौधरोपण करेंगे। बड़ू में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग में फील्ड स्टाफ की कमी थी, जिससे वन संरक्षण में बाधा आ रही थी, इसलिए मेरिट के आधार पर वन मित्रों की नियुक्ति की गई है और इनमें बेटियां नौकरियां प्राप्त करने में आगे निकल गईं।

**राजीव गांधी वन संवर्धन योजना और ग्रीन एडॉप्शन योजना का किया शुभारंभ**

सीएम सुक्खू ने वन मित्रों को भरोसा दिलाया कि उनका भविष्य सुरक्षित है, वे चिंता न करें। उन्होंने वन मित्रों से कहा, 'आपके भविष्य की नीति पर विचार किया जाएगा। अब आप सरकारी सिस्टम में आ गए हैं, आप ही वनों के सच्चे संरक्षक हैं।'



प्रमाण पत्र वितरित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### स्मारिका और पुस्तक का किया विमोचन

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 'संवाद' स्मारिका तथा पुस्तक 'द माउंटेन्स विल्डरनेस ऑफ स्पीति' का विमोचन भी किया। वन मित्रों की हाजिरी के लिए विभाग की एक मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बेहतर कार्य करने वाले पालमपुर के ब्लॉक अधिकारी राकेश कुमार व उनकी टीम तथा चंबा के अरण्यपाल अभिलाष दामोदर और उनकी टीम को सम्मानित किया।

# प्रदेश भाजपा में जोश भरकर दिल्ली लौटे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

## पंचायतीराज व निकाय चुनाव के लिए कमर कसने के निर्देश

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के वरिष्ठ नेतृव में जोश भरते हुए पंचायतीराज और निकाय चुनाव को लेकर कमर कसने को कहा। साथ ही मोदी सरकार के 11 साल 'संकल्प से सिद्धि तक' कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनाने के भी निर्देश दिए। नड्डा ने विमल नेगी मामले सहित प्रदेश के राजनीतिक हालात की फीडबैक भी ली। हालांकि उनकी व्यस्तता के चलते कोर ग्रुप की बैठक ज्यादा देर नहीं चली। बैठक के बारे में बताते हुए रणधीर शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा आने वाले पंचायतीराज चुनाव को लेकर कमर कसने को कहा गया और आने वाले समय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष इसको लेकर टोलियों का गठन भी करेंगे। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, संगठन महामंत्री सिद्धार्थ, सांसद हर्ष महाजन, सदस्य विपिन परमार, डॉ सुरेश कश्यप, सतपाल सत्ती, रणधीर शर्मा व अन्य उपस्थित रहे।



# जेईई एडवांस्ड में कोटा के रजित गुप्ता ने किया टॉप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईआईटी कानपुर ने जेईई एडवांस्ड एग्जाम का परिणाम 2 जून को जारी कर दिया है। कुल 1,80,422 स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 54,378 क्वालिफाई हुए हैं। कोटा में रहकर तैयारी करने वाले रजित गुप्ता ने परीक्षा में टॉप किया है। रजित के पिता दीपक गुप्ता बीएसएनएल में अभियंता एवं मां डॉ. श्रुति अग्रवाल जेडीबी कॉलेज में होम साइंस सब्जेक्ट की प्रोफेसर हैं। अपनी कामयाबी पर रजित ने कहा कि अपनी हर गलती से सबक लिया। गलतियां दूर होने से ही सब्जेक्ट की नींव मजबूत होती है। इस साल कॉमन रैंक के लिए स्कोर वाइज कट ऑफ 74, ओबीसी-ईडब्ल्यूएस के लिए 66, जबकि एससी-एसटी के लिए 37 मार्क्स रहा। कॉमन रैंक के लिए मिनिमम कट ऑफ 20.56 प्रतिशत, ओबीसी-ईडब्ल्यूएस लिए 10.50 प्रतिशत, जबकि एससी-एसटी के लिए 10.28 प्रतिशत रहा है। (अनंत ज्ञान)



# एचपीयू को मिला स्थायी कुलपति

## प्रो. महावीर सिंह जल्द संभालेंगे कमान, अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) को आखिरकार तीन साल के लंबे इंतजार के बाद एक स्थायी कुलपति मिल गया है। सरकार ने सोमवार को प्रोफेसर महावीर सिंह को विश्वविद्यालय का नया कुलपति नियुक्त करने की अधिसूचना जारी कर दी है। यह खबर एचपीयू प्रशासन और छात्र समुदाय के लिए बड़ी राहत लेकर आई है, जो लंबे समय से इस महत्वपूर्ण पद पर स्थायी नियुक्ति का इंतजार कर रहे थे।

### कुमारसैन के रहने वाले हैं प्रो. महावीर

**प्रो.** महावीर खुद इसी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध नैनो वैज्ञानिक हैं। उनके पास न केवल अकादमिक उत्कृष्टता है, बल्कि प्रशासनिक अनुभव का भी एक लंबा और प्रभावशाली रिकॉर्ड है, इससे पहले, उन्होंने बद्दी के एक निजी विश्वविद्यालय में कुलपति के रूप में अपनी सेवाएं दी है। एचपीयू में वह भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष और डीन फिजिकल साइंस के रूप में कार्य कर चुके हैं।



### तीन साल का लंबा इंतजार खत्म

**कुलपति** का पद तीन साल से खाली पड़ा था। केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसपी बंसल ही एचपीयू के कार्यवाहक कुलपति के रूप में अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। उनका तीन साल का कार्यकाल पिछले महीने ही समाप्त हो गया था, जिसके बाद से नए कुलपति की तैनाती का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था।

# आतंक के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति : अनुराग



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर अफ्रीकी देश मिस्र में आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को स्पष्ट किया। अनुराग ठाकुर आतंकवाद पर भारतीय सेना की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के उद्देश्य से भारत की ओर से विदेश यात्रा पर गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के ग्रुप-7 सांसदों के साथ प्रवासी भारतीयों व दूतावास के अधिकारियों से भी मिले। प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र में मुस्तकबल वतन पार्टी के सीनेटरहोसम अल-खौली, सांसद हजम उमर, विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष, सीनेट के सदस्यों के साथ बैठक कर आतंकवाद पर भारत का रुख रखा। सीनेट ने भारत के साथ एकजुटता की बात को दोहराते हुए घनिष्ठ रणनीतिक साझेदारी को दिए जाने वाले महत्व को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

### सुकमा में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी, रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस और सुरक्षा बलों की कार्रवाई लगातार जारी है और इस दौरान नक्सल संगठन को बड़ा झटका लगा है। सोमवार को सुकमा जिले में पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारियों के सामने 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें एक महिला और एक पुरुष पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इन पर 25 लाख रुपए का इनाम था। (अनंत ज्ञान)

### कठुआ में दिखे तीन संदिग्ध आतंकवादी

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर में सोमवार को संदिग्ध आतंकियों की गतिविधि देखी गई। इसके बाद सुरक्षाबलों ने फॉरेस्ट एरिया में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। हीरानगर के सलाधी इलाके में एक नागरिक ने तीन संदिग्ध व्यक्तियों को देखा था। जॉइंट ऑपरेशन टीम संदिग्धों की तलाश में जुटी है। (अनंत ज्ञान)

## विमल नेगी मौत मामले में कई रहस्यों से पर्दा उठने की उम्मीद

# सीबीआई के डीआईजी खुद खंगाल रहे रिकॉर्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में चीफ इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मौत का मामला अब केवल एक आपराधिक जांच तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसने प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था और सुशासन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिल्ली से आई सीबीआई की टीम की एंट्री, जिसकी अगुवाई डीआईजी स्वयं कर रहे हैं, ने इस मामले को और अधिक संजीदगी प्रदान की है। इस प्रकरण ने सीधे तौर पर प्रदेश के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों को निशाने पर ले लिया है, जिसके परिणामस्वरूप कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं।



सीबीआई की टीम लगातार शिमला में डटी हुई है और विमल नेगी से जुड़े हर छोटे-बड़े रिकॉर्ड को खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि टीम ने एसपी ऑफिस से हजारों पन्नों के रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिए हैं। टीम हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) के कार्यालय का रुख भी कर सकती है, जहां नेगी कार्यरत थे।

### सरकार की भूमिका और आगे की राह

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हाईकोर्ट के सीबीआई जांच के आदेश को चुनौती न देने का फैसला कर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संदेश दिया है। उन्होंने सीबीआई जांच में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है, जो इस बात का प्रतीक है कि सरकार मामले को दबाने की बजाय पारदर्शी तरीके से जांच कराना चाहती है। हालांकि, मुख्यमंत्री ने हाईकोर्ट की उस टिप्पणी पर असंतोष व्यक्त किया था, जिसमें हिमाचल कैडर के किसी भी अधिकारी को जांच में शामिल न करने की बात कही गई थी। यह एक संवेदनशील बिंदु है, जो राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों के मनोबल और उनकी कार्यप्रणाली पर अप्रत्यक्ष रूप से असर डाल सकता है।

### संजय गांधी ने हाईकोर्ट में दायर की नई याचिका

**शिमला।** विमल नेगी की रहस्यमयी मौत की जांच सीबीआई को सौंपने के हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ आईपीएस संजीव गांधी ने अब नई याचिका दायर की है। अवकाश पर चल रहे गांधी ने 23 मई के एकल पीठ के आदेश को चुनौती देते हुए, जांच में सीबीआई की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। यह नया घटनाक्रम तब सामने आया है जब गांधी द्वारा अपनी आधिकारिक हैसियत से दायर की गई पिछली अपील को प्रक्रियात्मक खामियों के कारण खारिज कर दिया गया था। गांधी ने अदालत की निगरानी में जांच की मांग की है।

**सीबीआई की निष्पक्षता पर उठाए सवाल**

# इस बार सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद

## मौसम विभाग ने जारी की एडवाइजरी, इस माह भी बरसेंगे बादल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में इस साल मानसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के पूर्वानुमान के अनुसार, इस दक्षिण-पश्चिम मानसून में सामान्य वर्षा (734.4 मिमी) के 109 फीसदी से अधिक बारिश होने की उम्मीद है। जून महीने में भी प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान है। यह कृषि और जल संसाधनों के लिए फायदेमंद है।

मौसम विभाग ने बाढ़, परिवहन में बाधा और सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं जैसे संभावित जोखिमों के प्रति भी आगाह किया है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों का उपयोग और बेहतर निगरानी तंत्र आवश्यक होंगे। हालांकि इस साल 1 मार्च से 31 मई तक चले प्री मानसून सीजन में हिमाचल प्रदेश में सामान्य से 27 फीसदी कम बारिश हुई। इस अवधि में 240.7 मिमी के मुकाबले केवल 175.0 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 1901-2025 की अवधि में 39वीं सबसे कम बारिश है। हालांकि, सिरमौर और सोलन जिलों में अच्छी बारिश हुई, जबकि चंबा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर जैसे जिलों में कम बारिश हुई।

### आज और कल हल्की बारिश के आसार

**मौसम** विभाग के अनुसार 3 और 4 जून को राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। 5 जून को राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के आसार हैं। 6 जून को उच्च पर्वतीय अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश होगी। सप्ताह के शेष दिनों में शुष्क मौसम बना रहेगा। अगले 2-3 दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, कुछ स्थानों पर तापमान में गिरावट होगी। इसके बाद अगले 3-4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।



**सियासत** सुक्खू सरकार के लिए खतरे की घंटी, कांग्रेस में थम नहीं रही गुटबाजी की चिंगारी

# कांग्रेस के लिए कलह और बढ़ता कर्ज बना संकट

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल में सत्ताधारी कांग्रेस में अंदरूनी कलह थमती नहीं दिख रही, उस पर सरकार के ऊपर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ने लगा है। दोनों का संगम विचित्र राजनीतिक घटनाक्रम को जन्म दे रहा है, जिसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

जानकारों का मानना है कि सत्ता संभालने के अढ़ाई साल बाद भी प्रदेश कांग्रेस इकाई में गुटबाजी और वर्चस्व की लड़ाई खुलकर सामने आ रही है। सीएम सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार को लगातार पार्टी के भीतर से ही चुनौतियां मिल रही हैं। दिग्गज दिवंगत नेता वीरभद्र सिंह परिवार से आने वाले नेताओं और उनके समर्थकों की नाराजगी अक्सर सार्वजनिक मंच पर उभरती रही है। हाल के कुछ घटनाक्रमों ने इस कलह को और गहरा किया है।

**अनंत ज्ञान विशेष**

मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल के बीच कई विधायकों को उम्मीद थी कि उन्हें मंत्रिमंडल में जगह मिलेगी, लेकिन ऐसा न होने से उनमें असंतोष व्याप्त है। मंत्रिमंडल में फेरबदल की हर बार की चर्चा पार्टी के भीतर नई सुगबुगाहट पैदा करती है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी और विभिन्न बोर्डों-निगमों में नियुक्तियों को लेकर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के बीच कथित तौर पर सहमति का अभाव है, जिससे कार्यकर्ताओं में भारी निराशा है। कुछ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता अपने आपको हाशिए पर महसूस कर रहे हैं, जिससे उनकी मुखरता बढ़ती जा रही है। इस अंदरूनी खींचतान का सीधा असर सरकार के कामकाज और छवि पर पड़ रहा है। निर्णय लेने की प्रक्रिया धीमी हो रही है और सरकार की प्राथमिकताएं स्पष्ट नहीं दिख रही हैं।

**संगठन में नियुक्ति को लेकर खींचतान जारी**

**पूर्व अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बढ़ती जा रही नाराजगी**

### कर्ज पर कर्ज, आर्थिक संकट की आहट?

**कांग्रेस** सत्ता में आने के बाद से ही लगातार कर्ज लेने को मजबूर है। राज्य पर पहले से ही भारी कर्ज का बोझ था, और मौजूदा सरकार के कार्यकाल में इसमें अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। गौर रहे कि हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर्यटन, कृषि और बागवानी पर बहुत अधिक निर्भर करती है। कोविड-19 महामारी के बाद से पर्यटन क्षेत्र पूरी तरह से उबर नहीं पाया है, और प्राकृतिक आपदाओं ने कृषि-बागवानी को भी प्रभावित किया है, जिससे राज्य के राजस्व सृजन में कमी आई है।

### केंद्र सरकार पर कम सहायता देने का आरोप

**राज्य** सरकार का आरोप है कि केंद्र सरकार से पर्याप्त वित्तीय सहायता नहीं मिल रही है, जिससे उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए बाजार से कर्ज लेना पड़ रहा है। इसके अलावा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करने का कांग्रेस का चुनावी वादा, हालांकि कर्मचारियों के लिए एक बड़ी राहत रही है, लेकिन इससे राज्य के खजाने पर भारी वित्तीय बोझ पड़ा है।

### राज्य के बढ़ते कर्ज को साधने की चुनौती

**कांग्रेस** के भीतर की कलह और राज्य के बढ़ते कर्ज का बोझ एक साथ मिलकर एक गंभीर चुनौती पैदा कर रहे हैं। बढ़ते कर्ज और सीमित राजस्व के कारण सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कमी हो रही है, जिससे नई परियोजनाओं को शुरू करना मुश्किल हो रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को न केवल अपनी पार्टी के भीतर संतुलन साधना होगा, बल्कि राज्य की आर्थिक स्थिति को भी पटरी पर लाना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### लंबलू अस्पताल में सेवाएं देंगे मेडिसिन विशेषज्ञ



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** लंबलू और आसपास के ग्रामीणों को अब गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए हमीरपुर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। कई गंभीर बीमारियों का इलाज उन्हें अब आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू में ही उपलब्ध होगा क्योंकि अब आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अक्षय शर्मा सेवाएं देंगे। बता दें की अक्षय शर्मा इससे पहले जिला आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर में सेवारत थे। लीवर, हार्ट और शुगर व अन्य बीमारियों के मरीजों को अब आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू में बेहतर उपचार मिलेगा। अक्षय शर्मा ने बताया कि मरीज शुरुआती लक्षणों में ही उपचार शुरू करवा दे तो उन्हें जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सकता है। आजकल का खानपान ऐसा है जो कई गंभीर बीमारियों को आमंत्रित करता है। सुबह उठाकर सैर और व्यायाम और चिकित्सक के परामर्श से बड़े से बड़े रोगों को हराया जा सकता है। उन्होंने स्थानीय लोगों से आग्रह किया है कि गंभीर रोगों से पीड़ित मरीज उनसे परामर्श लेकर अपना उपचार करवाएं।

### 30 तक बंद रहेगी हरसौन-लंगवाण सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल हमीरपुर में हरसौन-लंगवाण सड़क का अपग्रेडेशन कार्य आरंभ किया गया है। इस कार्य के चलते उक्त सड़क पर वाहनों की आवाजाही 30 जून तक बंद कर दी गई है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि अपग्रेडेशन कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए हरसौन-लंगवाण सड़क पर यातायात 30 जून तक बंद किया गया है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक बड्-टौणी देवी सड़क या ककड़ियार-तरोपका सड़क या गुधर्वीं पुल-हरसौन या मुलाना-छियोड़ी सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए 16 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया 2 से 16 जून तक चल रही है। पंजीकरण शुल्क सामान्य वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए 350 रुपए तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए 250 रुपए निर्धारित किया गया है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आवेदन पत्र भरने के लिए अभ्यार्थी से पंजीकरण शुल्क के अलावा कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। पंजीकरण शुल्क का भुगतान किसी भी ऑनलाइन माध्यम जैसे नेट बैंकिंग, एटीएम कार्ड या किसी भी पेमेंट प्लेटफॉर्म गूगल पे, फोन पे की यूपी आईडी के माध्यम से किया जा सकता है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) हमीरपुर में विभिन्न व्यवसायों सिलाई प्रौद्योगिकी, कॉस्मेटोलॉजी, फैशन डिजाइन एवं प्रौद्योगिकी और सरफेस ऑर्नामेंटेशन टेक्निक्स (कढ़ाई) के लिए सीटें भरी जाएंगी। आवेदन करते समय अभ्यार्थियों के पास 10वीं का प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड, जाति प्रमाण पत्र तथा अन्य दस्तावेज होने चाहिएं। इसके अलावा अभ्यर्थी के पास अपना मोबाइल नंबर जोकि आधार कार्ड से लिंक हो और ईमेल आईडी होना अनिवार्य है।

### मैकेनिक, सिक्योरिटी गार्ड के साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव कैहडरू में स्थित ओम् नमः शिवाय ऑटोमोबाइल्स में मैकेनिक के दो और सिक्योरिटी गार्ड के चार पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए 4 जून को जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर दो बजे तक साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए दसवीं या बारहवीं पास और मोटर मैकेनिक ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा धारक पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे। उनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। मोटर मैकेनिक के पदों के लिए अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को बारह हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ ने निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ के संस्थापक बीडी शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा, जिला प्रधान केसी गौतम, महासचिव शम्भू राम जसवाल, बिझड़ी खंड प्रधान नरेंद्र बन्याल, महासचिव तोता राम जन्जुआ, कोषपाल अजीत चैधरी, संरक्षक परस राम ठाकुर, सलाहकार बालकृष्ण जस्वाल द्वारा बिझड़ी खंड इकाई सदस्य एवं सेवानिवृत्त प्रगति सहायक राम आसरा, निवासी मैहरे, तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया गया व शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई।

## मुख्यमंत्री सुक्खू के राजनीतिक सलाहकार बिट्टू की मांग पर सीएम ने दी सौगात

# नगर निगम हमीरपुर को मिले तीन वैलनेस सेंटर

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर नगर निगम को एक साथ तीन वैलनेस सेंटर देने की घोषणा की है। वन मित्रों के कार्यक्रम में उन्होंने अपने राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू की मांग पर इसकी घोषणा की। इस बड़ी सौगात से शहर को फायदा होगा। सोमवार को बड़ू में पॉलीटेक्निक कॉलेज के मैदान में आयोजित वन विभाग के वन मित्र संवाद समारोह और राजीव गांधी वन संवर्धन योजना एवं राजीव गांधी ग्रीन अडॉप्शन स्कीम के शुभारंभ समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने इनकी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू की मांग पर तुरंत मंच से ही नगर निगम क्षेत्र हमीरपुर के लिए तीन वैलनेस सेंटर स्वीकृत करने की घोषणा कर दी। इन वैलनेस सेंटरों के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र हमीरपुर में रहने वाले लोगों को उनके घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से शहरवासियों को निश्चित रूप में फायदा होगा, इसीलिए अब इनके खुलने की इंतजार उन्हें रहेगी।




मुख्यमंत्री से संवाद करते हुए महिला वन मित्र।

वहीं, मुख्यमंत्री ने वन मित्रों से 'संवाद' कार्यक्रम में बातचीत की और उनके प्रशिक्षण अनुभव बारे जानकारी हासिल की। धर्मशाला में नियुक्त वंशिका ने अपने प्रशिक्षण अनुभव के बारे में मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें पौधरोपण से लेकर वन्य प्राणियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री ने पूछा कि आपने ट्रेनिंग कहां ली, तो वंशिका ने कहा कि नगरोटा सूरियां में। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देहरा में अंतरराष्ट्रीय स्तर का चिड़ियाघर बना रही है, जहां वन्य प्राणियों को देखने के लिए देश-विदेश से पर्यटक आएंगे। शिमला की मुस्कान चौहान ने मुख्यमंत्री को बताया कि किताबों से कहीं ज्यादा वह फील्ड में सीख रही हैं। मुख्यमंत्री ने पूछा कि अब तक आपने क्या-क्या सीखा? मुस्कान ने कहा कि हमें पौधरोपण, नर्सरी प्रबंधन तथा वन संरक्षण बारे जानकारी मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी बीट में जंगलों में आग लगती है, ख्याल रखना।

परवाणु में तैनात वन मित्र दिव्यांशु सिंह ने कहा कि पहले वनों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी, लेकिन विभाग में आने के बाद वनों के महत्व बारे विस्तृत जानकारी प्राप्त हो रही है कि जंगल हमारे लिए क्यों जरूरी हैं? उन्होंने कहा कि सभी वन मित्र पूरे जोश से कार्य करेंगे और पौधरोपण करने के साथ-साथ जंगल बचाने का भी कार्य करेंगे।

कुल्लू की आकांक्षा ठाकुर ने वन मित्रों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पहला अवसर है जब वन विभाग में एक साथ 2061 नौकरियां प्रदान की। उन्होंने कहा कि वह डेढ़ महीने पहले ही विभाग में आए हैं और विभाग के काम को समझा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जो भी निर्देश देगी, उन्हें फील्ड में लागू करने के लिए समर्पण और निष्ठा से कार्य करेंगे।

## उपमंडलीय पुलिस अधिकारी कार्यालय नादौन का किया लोकार्पण

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**



**नादौन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार दोपहर बाद नादौन उपमंडल में नए उप मंडलीय पुलिस अधिकारी कार्यालय का लोकार्पण किया। इस कार्यालय के तहत थाना नादौन और थाना सुजानपुर का कार्य इसके सुपुर्द रहेगा। कार्यालय के खुलने से थाना नादौन की 49 पंचायतें तथा थाना सुजानपुर की 32 पंचायतें के अलावा नगर पंचायत नादौन व नगर पंचायत सुजानपुर लाभान्वित होंगी। उद्घाटन मौके पर डीसी अमरजीत सिंह, एसपी भगत सिंह ठाकुर, एएसपी राजेश कुमार, डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा, पुलिस उपअधीक्षक नितिन चौहान और हरीश गुलेरिया, अस्थायी प्रभार उपमंडलीय पुलिस अधिकारी नादौन तथा अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**सभी प्रकार की सुविधाओं से होगा लेस :** यह कार्यालय सभी प्रकार की सुविधाओं से सुसज्जित है। इसके क्रियान्वयन से पुलिस बल को कानून व्यवस्था को और अधिक सशक्त व प्रभावी बनाने, अपराध नियंत्रण व जांच तथा आम नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र निवारण में मदद मिलेगी।

## चलसाई बीट में जंगल में लगी आग से लाखों रुपए की वन्य संपत्ति राख



आग से पशु-पक्षियों को भी नुकसान पहुंचा।

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** बिझड़ी वन परिक्षेत्र के चलसाई बीट में बाद दोपहर अचानक आग लगने से अंबोटा के बीच जंगल का बड़ा हिस्सा जलकर राख हो गया। इस घटना से वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है।

बताते चलें कि आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते जंगल के चारों तरफ फैल गई। आसपास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यदि ग्रामीण समय पर सक्रिय न होते तो आग और भी विकराल रूप धारण कर सकती थी, जिससे और अधिक क्षति होने की आशंका थी।

आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग बिझड़ी भी मौका पर पहुंचा और आग को साथ लगते घरों की तरफ जाने से रोका जिसके चलते लोगों ने राहत की सांस ली। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि आग किसी शरारती तत्व द्वारा लगाई गई है, वन विभाग को जिस पर कड़ा संज्ञान लेना चाहिए।

इस संदर्भ में जब वन रक्षक संजीव कुमार से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि चलसाई बीट के अंतर्गत जंगल में किसी शरारती तत्व द्वारा आग लगा दी गई, जिस पर ग्रामीणों और अग्निशमन विभाग की मदद से काफी हद तक काबू पा लिया गया है, लेकिन काफी हद तक वन संपदा को नुकसान पहुंचा है।

## सेना शिक्षा कोर ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



समारोह से पूर्व सभा हाल में वेटरन ने एक बैठक का आयोजन भी किया तथा बीते दिनों को याद किया।

**अनंत ज्ञान, भोटा**

सेना शिक्षा कोर के वेटरन ने अपनी कोर का 105वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस समारोह में मेहर सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह मे अध्यक्षता सूबेदार सेवानिवृत्ति ओंकार सिंह पठानिया ने की। मुख्य अतिथि को वेटरन एईसी पीसी कंवर, आनरी कैप्टन दिलीप सिंह ठाकुर, नायव सूबेदार एसपी शर्मा, नायब सूबेदार अशोक कुमार शर्मा और नायक सूबेदार शेर सिंह राणा द्वारा सम्मानित शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया।

सभी उपस्थित अधिकारियों ने सेना की विभिन्न संस्थाओं और फारमेशन में दी गई सेवाओं और साथ-साथ बीते दिनों को याद किया। ऐसे लम्हे भी आए उसे समय सभी वेटरन भाव विभोर हो गए। नायब सूबेदार बलवीर सिंह जम्वाल ने विभिन्न जिलों से आने वाले वेटरन का स्वागत किया। समारोह से पूर्व सभा हाल में समस्त उपस्थित वेटरन ने एक बैठक का आयोजन भी किया गया।

## टैम्पो के खाई में पलटने से चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोटा से जाहू वाया लदरौर सड़क पर जमली-प्लासी सडक के मोड पर ऑटो टेंपों अनियंत्रित होकर करीब 300 फुट गहरी खाई में गिर कर पलट गया है। इससे चालक अमर सिंह की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है तथा एक अन्य जीत राम घायल अवस्था में भोरंज सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। दोनों की मुंडखर पंचायत के मुंडखर तुलसी गांव के रहने वाले हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मनोह के एक होटल में मुंडखर से गई बारात में शामिल होकर टैम्पोंमें बैठक कर दोनों अमर सिंह व जीत राम वापस आ रहे थे, तब यह घटना घटी। जीत राम को घायल अवस्था में भोरंज सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच को शव में कब्जे में लेकर राधा कृष्ण मेडिकल कॉलेज हमीरपुर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लि. हमीरपुर के छात्र जेईई एडवांस्ड 2025 में टॉप स्कोरर बने

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर,**

राष्ट्रीय स्तर की टेस्ट तैयारी सेवा प्रदाता आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (ऐईएसएल) ने गर्व के साथ घोषणा की है कि हमीरपुर के इसके तीन छात्र प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा में टॉप स्कोरर बने हैं, जो कि भारत की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक है। यह परिणाम आईआईटी कानपुर द्वारा घोषित किए गए हैं। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से छात्रों की मेहनत, समर्पण और एईएसएल के विशेषज्ञ शिक्षकों एवं व्यापक पाठ्यक्रम द्वारा दी गई सशक्त अकादमिक सहायता का प्रमाण मिलता है।



कार्यक्रम में छात्रों को सम्मानित किया गया।

छात्र अर्पित शर्मा ने आल इंडिया रैंकिंग 3096 प्राप्त किया, तन्मय कौशल, जिन्होंने आल इंडिया रैंकिंग 10,265 प्राप्त किया, सुहानी सोनी जिन्होंने आल इंडिया रैंकिंग 21,880 प्राप्त किया, उज्वल चौहान जिन्होंने आल इंडिया रैंकिंग 17648 प्राप्त किया, निश्चय जिन्होंने आल इंडिया रैंकिंग 23,492 प्राप्त किया, आर्यन चौहान जिन्होंने आल इंडिया रैंकिंग 30,506 प्राप्त किया, सूर्यांश पटियाल जिन्होंने आल इंडिया रैंकिंग 31,056 प्राप्त किया और हिमानी कौंडल शामिल है।

ये छात्र ऐईएसएल के कक्षा कार्यक्रम का हिस्सा थे, जो विशेष रूप से जेईई अडवांस्ड की तैयारी के लिए डिजाइन किया गया है। जेईई एडवांस्ड को विश्व की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है, जो गहरी अवधारणात्मक समझ और मजबूत समस्या-समाधान क्षमताओं के आधार पर ही सफलता मिलती है।

छात्रों को बधाई देते हुए डॉ.सुरेंद्र चैहान क्षेत्रीय निदेशक, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने कहा कि यह परिणाम ऐईएसएल द्वारा छात्रों में स्थापित किए गए शैक्षणिक अनुशासन और कड़ी मेहनत का प्रमाण हैं। हम अपने सफल छात्रों पर गर्व महसूस करते हैं और उन्हें आई आई टीस और आगे के भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## विमल नेगी की मौत की सीबीआई जांच पर घबराई सरकार : राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

### बोले-वालों से नहीं बच पाएंगे मुख्यमंत्री सुक्खू

स्वर्गीय विमल नेगी की रहस्यमयी मौत अब प्रदेश की न्यायिक संवेदना और प्रशासनिक जवाबदेही की कसौटी बन गई है। सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि इस मामले में प्रदेश सरकार की टालमटोल और हड़बड़ाहट अब पूरी तरह उजागर हो चुकी है। राजेंद्र राणा ने कहा कि नेगी परिवार ने शुरू से ही सीबीआई जांच की मांग की थी, लेकिन सरकार ने इसे नजरअंदाज कर मामले की जांच शिमला पुलिस को सौंप दी। जब हाईकोर्ट ने इसे सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया, तो यह साफ हो गया कि सरकार कुछ छिपा रही थी।

राजेंद्र राणा ने शिमला एसपी द्वारा कोर्ट में व्यक्तिगत याचिका दायर करने को असंवैधानिक बताया और सवाल उठाया कि एक पुलिस अधिकारी को यह हिम्मत आखिर किसने दी? उन्होंने पूछा कि क्या यह केवल एक अधिकारी की पहल थी या किसी राजनीतिक दबाव में आकर उन्होंने यह कदम उठाया था। उन्होंने कहा कि एक एसपी इस तरह व्यक्तिगत रूप से अपील नहीं कर सकता। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर एसपी के बचाव में सामने आने और विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को सवाल उठाने का पूरा अधिकार है। अगर सरकार की नीयत साफ होती, तो वह सीबीआई जांच से डरती नहीं।

राजेंद्र राणा ने कहा कि प्रदेश की जनता इस रहस्य को जानना चाहती है कि आखिर मुख्यमंत्री को एक एसपी के बचाव में सामने आने की जरूरत किस लिए पड़ी। मुख्यमंत्री सीबीआई जांच से परेशान क्यों दिख रहे हैं। राजेंद्र राणा ने साफ किया कि यह लड़ाई केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की न्यायिक चेतना की लड़ाई है। भाजपा तब तक चुप नहीं बैठेगी, जब तक सच सामने न आ जाए और दोषियों को सजा न मिल जाए।

## श्रद्धालुओं को समझाया तप का महत्व

**अनंत ज्ञान, रंगस**

रंगस के न्याटी में स्थित राम मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा के पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। कथा ब्यास पं. लखनपाल अंगरीश ने प्रथम स्कंध से कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने भगवती की उत्पति का विस्तृत वर्णन किया। अंगरीश ने कथा में माता सती के देह त्याग और पार्वती के जन्म का प्रसंग सुनाया गया।

श्रोताओं ने पार्वती और उनकी माता मैना रानी के बीच हुए संवाद को सुना। भगवान शिव के लिए पार्वती द्वारा किए गए तप का वर्णन भी किया गया। अंगरीश ने रामचरित मानस की चौपाई के माध्यम से तप का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि विष्णु, शंकर और ब्रह्मा जी अपने-अपने कार्यों को तप के बल से ही करते हैं। शेषनाथ भी तप के बल से ही पृथ्वी को धारण करते हैं। कथा में स्यमंतक मणि की कथा का वर्णन किया गया। द्वापर युग के व्यासों के नाम बताए गए। लक्ष्मी द्वारा भगवान विष्णु को दिए गए शाप और उनके हयग्रीव अवतार की कथा ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। वहीं, श्रीमद देवी भागवत कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कलश यात्रा राम मंदिर से चल कर रंगस होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। उसके बाद कथ ब्यास पं. लखनपाल को गद्दी पर विराजमान किया। मंदिर के पुजारी सुभाष चंद के अलावा मदन गोपाल, संजीव कुमार, अशोक कुमार बताया कि कथा का प्रवाह 8 जून तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक होगा। रात्रि को आरती 8 बजे प्रतिदिन होगी। 8 जून को पूर्णाहुति पर भंडारे का आयोजन होगा।



न्याटी गांव में कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

### श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली भव्य कलश यात्रा

## जरूरतमंदों को निशुल्क व्हीलचेयर उपलब्ध करवा रही प्रयास संस्था

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रयास संस्था हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों मे घर-द्वार पर जनता को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध करवा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पांचवीं बार के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में सामाजिक संस्था प्रयास द्वारा जन कल्याणकारी योजना अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से प्रतिदिन लोगों को घर-द्वार पर निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का उपलब्ध करवा रही है।



बिलालपुर जिले की संस्थान ने की सहायता।

हमीरपुर जिले के अवाहदेवी से संचालित सामाजिक संस्था 'प्रयास' के सौजन्य से चलाई जा रही इस योजना में दवा, डॉक्टर और स्वास्थ्य उपचार की सुविधा घर-द्वार पर ही जनता को उपलब्ध करवाई जा रही है । जनता के स्वास्थ्य को जांचने की 40 प्रकार की रक्त जांच भी निशुल्क की जाती है और उन जांच के आधार पर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा उपचार एवं निशुल्क दवाइयां मरीजों को दी जाती है। गांव व डाकघर डंगार, विधानसभा क्षेत्र घुमारवीं जिला बिलासपुर के अमर सिंह जायसवाल जो की गंभीर बीमारी से ग्रसित है, उनको निशुल्क व्हील चेयर उपलब्ध करवाई गई।

संस्था समय समय पर ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भी मरीजों के लिए वितरित कर रही है। संस्था के संयोजक संजीव राजपूत ने बताया की अगर किसी मरीज को इन उपकरणों की जरूरत हो तो डॉक्टर की प्रिस्क्रीप्शन दिखा कर व अन्य जरूरी कागज दिखाकर प्रयास संस्था के अवाहदेवी स्थित कार्यालय मे संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

**मंथन** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने किया ई-पहल एवं सुधारों पर संवादात्मक सत्र का आयोजन

# कर्मचारियों की समस्याओं का किया निवारण

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, जिला कार्यालय पालमपुर ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा की गई ई-पहल एवं सुधारों पर संवादात्मक सत्र का आयोजन मैसर्स गुरुकुल एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी गोपाल नगर, दड़ूही में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय कुमार, सहायक भविष्य निधि आयुक्त, पालमपुर ने की।

उन्होंने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा की गई नवीनतम ई-पहल एवं सुधारों पर नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों के साथ संवादात्मक सत्र का आयोजन किया जिसमें उन्होंने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा की गई ई-पहलों जैसे स्वतः दावा निपटान, चेक लीफ, प्रमाणित बैंक पासबुक की आवश्यकता को हटाना, सरलीकृत सदस्य प्रोफाइल सुधार प्रक्रिया, सरलीकृत पीएफ हस्तांतरण, यूएएन का सृजन एंव सक्रियन और केंद्रीयकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) लागू किए जाने के बारे में जानकारी दी।



कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय कुमार, सहायक भविष्य निधि आयुक्त पालमपुर ने की।

पूर्व में पेंशन सदस्यों द्वारा उस कार्यालय में पेंशन दावा किया जाता था जिसके अंतर्गत उसका नियोजक अनुपालन कर रहा है और बाद में उस कार्यालय द्वारा अन्य कार्यालय को पेंशन दावा विवरण के साथ पीपीओ जारी करने एवं पेंशन वितरण के लिए उस कार्यालय में भेजा जाता था, जिसके तहत कर्मचारी का बैंक एवं शाखा अवस्थित होता था जोकि एक लंबी प्रक्रिया थी।

अब केंद्रीयकृत पेंशन भुगतान प्रणाली के तहत जनवरी 2025 से अब किसी भी बैंक एवं शाखा में उसी कार्यालय से पीपीओ एवं पेंशन प्राप्त कर सकता है। इसके तहत कर्मचारी का भविष्य निधि एवं पेंशन अंशदान जमा हो रहा था, जिससे पेंशन दावों का त्वरित गति से निपटान किया जा सकेगा। इसके साथ उन्होंने अन्य विभिन्न मदों पर शिविर में उपस्थित सदस्यों को जानकारी साझा की।

कार्यक्रम में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन जिला कार्यालय पालमपुर के प्रवर्तन अधिकरी ब्रह्म दास भी उपस्थित रहे। इस शिविर में 35 से 40 संस्थाओं के नियोजकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त विजय कुमार, सहायक भविष्य निधि आयुक्त ने कर्मचारी भविष्य निधि एवं उपबंध अधिनियम, 1952 से जुड़ी नियोक्ताओं, कर्मचारियों की अन्य जिज्ञासाओं, समस्याओं को भी सुना और उनका मौके पर ही निवारण किया गया।

## विधायक के प्रयासों से हुआ क्रिटिकल केयर सेंटर स्वीकृत : सुजानपुर कांग्रेस



शिमला के प्रवास के बाद सुजानपुर में विधायक का जोरदार स्वागत किया गया।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत सिंह शिमला के प्रवास के बाद सुजानपुर पहुंचे। विधायक के स्वागत व धन्यवाद करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता डोली महाराणा प्रताप चौक पर इकट्ठा हुए। स्थानीय कांग्रेसियों ने बताया कि रणजीत सिंह पहले विधायक हैं, जिन्होंने विधानसभा का अनंत विकास तो करवाया ही है, लेकिन सुजानपुर के अस्पताल में भी जान डाल दी है। आज तक कभी भी सुजानपुर अस्पताल में विशेषज्ञ नियुक्त नहीं हुए, लेकिन विधायक रणजीत ने यहां पर एक नहीं, 3-3 विशेषज्ञयों कि नियुक्ति करवाई है, साथ ही में पहली बार सुजानपुर अस्पताल को 26 करोड़ कि राशि केंद्र सरकार से क्रिटिकल हेल्थ सेंटर के लिए मुहया करवाई है। विधायक ने मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से मिलकर इस सेंटर की स्वीकृति के लिए एक कदम उठाया था जो सफल हुआ। इस सेंटर को स्वीकृत करवाने का पूरा पूरा श्रेय विधायक कै. रणजीत सिंह, मुख्यमंत्री सुक्खू व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को जाता है।

# एनवीएस परीक्षा में दूरदराज के केंद्रों को बनाया था निशाना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) की गैर-शिक्षण पदों की भर्ती परीक्षा में नकल का एक बड़ा मामला सामने आया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि कई अभ्यर्थियों ने नकल करने के इरादे से जानबूझकर दूरदराज के परीक्षा केंद्रों का चुनाव किया था।

**पुलिस जांच में हुआ खुलासा**

उन्हें लगा था कि इन इलाकों में बड़े शहरों जैसी पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था नहीं होगी, लेकिन उनका यह अंदाजा गलत निकला। शिमला सहित देश के कई हिस्सों-जिनमें अरुणाचल प्रदेश का ईटानगर और उत्तर प्रदेश का प्रयागराज भी शामिल हैं, इसमें इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ ऐसे अभ्यर्थी पकड़े गए हैं।

शिमला पुलिस ने इस संबंध में छह एफआईआर दर्ज की हैं। पकड़े गए 40 अभ्यर्थियों में 35 पुरुष और 5 महिलाएं शामिल हैं, जो हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली से संबंधित हैं। इनमें अधिकांश हरियाणा के बताए जा रहे हैं।

### एएसपी की अगुवाई में एक विशेष जांच दल का किया गठन

**पुलिस** अब इस बात की गहनता से छानबीन कर रही है कि क्या इन सभी अभ्यर्थियों को नकल कराने के पीछे कोई एक ही गिरोह सक्रिय था या ये अलग-अलग मामले हैं। एसएसपी शिमला ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एएसपी रतन सिंह नेगी की अगुवाई में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है।

### 18 मई का है मामला

**बता** दें कि यह मामला 18 मई का है, जब एनवीएस परीक्षा के दौरान शिमला के विभिन्न केंद्रों से इन अभ्यर्थियों को पकड़ा गया था। पुलिस अब हैंडलरों तक पहुंचने के लिए पकड़े गए अभ्यर्थियों से पूछताछ कर रही है। जल्द ही अहम खुलासे होने की संभावना है।

## हिमाचल में पंचायत चुनावों में बड़ा बदलाव, स्थानीय निकाय के चुनाव में दिखेगा असर

# पहली बार 10 साल का रोस्टर लागू

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने पंचायत चुनाव प्रणाली में एक ऐतिहासिक बदलाव किया है। अब राज्य में पंचायत चुनावों के लिए रोस्टर प्रणाली को अगले दस सालों के लिए लागू कर दिया गया है। यह पहली बार है, जब रोस्टर में इतने लंबे समय तक कोई बदलाव नहीं होगा, जिसका सीधा असर 2025 में होने वाले पंचायत चुनावों पर पड़ेगा।




जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, आगामी दिसंबर में होने वाले चुनावों तक संबंधित जिलों की पंचायतों में इस रोस्टर प्रणाली को शीघ्रता से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसका अर्थ यह है कि इस चुनाव में जो पंचायतें जिस वर्ग और श्रेणी के लिए आरक्षित होंगी, वे अगले दस सालों तक उसी वर्ग और श्रेणी के लिए आरक्षित रहेंगी।

**पंचायतों में रोस्टर प्रणाली को लागू करने के निर्देश**

**जनप्रतिनिधियों को दोबारा सत्ता में आने का मिलेगा मौका**

### फैसले के पीछे सरकार का तर्क, विकास को मिलेगी गति

**पंचायतीराज** एवं ग्रामीण विकास विभाग ने इस कदम को पंचायतों के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने से जोड़ा है। विभाग मानना है कि इस कदम से जनप्रतिनिधियों को दोबारा सत्ता में आने का मौका मिलेगा। सरकार का तर्क है कि जब संबंधित पंचायत का प्रधान जानता होगा कि उसकी पंचायत अगले दस साल तक उसी वर्ग के लिए आरक्षित रहेगी, तो वह विकास कार्यों को अधिक त्वज्जो देगा। सरकार का कहना है कि इससे बजट का सदुपयोग होगा और लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर लाभ मिल पाएगा।

### पुरानी प्रणाली की खामियां दूर करने का दावा

**सरकार** ने यह भी तर्क दिया है कि पांच साल की पुरानी रोस्टर प्रणाली में अक्सर प्रधान या अन्य जनप्रतिनिधि अपने कार्यकाल के अंतिम वर्षों में काम को गंभीरता से नहीं लेते थे। अगले चुनाव में आरक्षण में बदलाव के डर से वे काम में दिलचस्पी नहीं लेते थे, जिससे पंचायतों के विकास पर नकारात्मक असर पड़ता था। दस साल के रोस्टर से इस समस्या के समाधान की उम्मीद है।

### उम्मीदवारों के लिए झटका

हालांकि, सरकार के इस फैसले से प्रदेश में कई लोगों के चुनाव लड़ने के सपने चकनाचूर हो सकते हैं। वे पांच साल से इस इंतजार में थे कि रोस्टर प्रणाली के लागू होने से उनकी पंचायतों में नया सिस्टम लागू होगा। लेकिन दस साल तक एक ही रोस्टर सिस्टम को अपनाने से कई लोगों का चुनाव लड़ने का सपना अधूरा रह जाएगा।

### कांग्रेस सरकार ले रही गलत फैसले : भाजपा

**उधर,** भाजपा का सीधा आरोप है कि आगामी पंचायत चुनाव में निश्चित हार को देखते हुए कांग्रेस सरकार विभिन्न पंचायतों और नगर निकायों के वार्डों के आरक्षण को लेकर सरेआम धांधली और गैर-कानूनी तौर तरीकों पर उतर आई है। सरकार विपक्षियों के वार्डों को आरक्षित कर अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए 'चोर दरवाजों' से गलत फैसले ले रही है, ताकि वे मनमर्जी से अपने क्षेत्र की पंचायतों को आरक्षित कर सकें।

# 13 साल की बच्ची के दिल में था छेद, टांडा में सर्जरी

आशीष दमीर, अनंत ज्ञान

**टांडा (कांगड़ा)।** हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े दूसरे अस्पताल टांडा में डॉक्टरों ने चंबा के भरमौर की 13 वर्षीय बच्ची, जो जन्म से ही एक दुर्लभ हृदय दोष (एएसडी विद कॉर्टियाट्रियम) से पीड़ित थी, की सफल हार्ट सर्जरी की है। माता-पिता के अनुसार, बच्ची में आठ महीने की उम्र से ही तेज हृदय गति, होठों का नीला पड़ना, वजन न बढ़ना, सांस लेने में तकलीफ, बार-बार छाती में संक्रमण जैसे लक्षण थे। टांडा के सीटीवीएस विभाग ने मूल्यांकन पर पाया कि बच्ची के दिल में बड़ा छेद था। दिल की कुछ नसों का असामान्य संबंध था। दिल कक्षों का आकार बढ़ा हुआ था और शरीर में रक्त की आपूर्ति भी बाधित थी।



दूर के उच्च स्वास्थ्य संस्थान में जाने में असमर्थता और खराब वित्तीय स्थिति के कारण बच्ची का पहले ऑपरेशन नहीं हो सका। अब टांडा के सीटीवीएस विभाग ने सफल हार्ट सर्जरी कर बच्ची को नया जीवन दिया है। हिमकेयर ने इस मामले में सभी खर्चों का ध्यान रखा। ऑपरेशन के बाद बच्ची की हालत ठीक है।

### कॉलेज प्रिंसिपल ने दी टीम को बधाई

बच्ची के इतने बड़े सफल ऑपरेशन पर टांडा मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर मिलाप शर्मा ने समस्त डॉक्टरों की टीम को बधाई दी और बच्ची के जल्द स्वास्थ होने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि यह बीमारी 10 लाख में से सिर्फ एक व्यक्ति को होती है, जिसमें से पीड़ित उक्त बच्ची का टांडा में सफल ऑपरेशन कर डॉक्टरों ने मिसाल कायम की है।

### सर्जरी करने वाली टीम में ये डॉक्टर रहे शामिल

**सर्जरी** करने वाली टीम में डॉ. देशबंधु शर्मा (एचओडी), डॉ. विकास पंवार, डॉ. पुनीत शर्मा शामिल थे। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. भारती गुप्ता, डॉ. अमन शर्मा, डॉ. निधि और सीटीवीएस और एनेस्थीसिया के पैरामेडिकल स्टाफ शामिल थे।

# भाजपा ने तिरंगा यात्रा से सेना का बढ़ाया मनोबल : नड्डा

अनंत ज्ञान, सोलन

भाजपा जिला सोलन ने सोमवार को तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम का आयोजन किया, इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विशेष रूप से भाग लिया और तिरंगा यात्रा के माध्यम से सेना का मनोबल बढ़ाया। यह यात्रा सपरून के पैरागौन होटल से ओल्ड एलआईसी ऑफिस तक चली।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का हजारों कार्यकर्ताओं ने स्वागत। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, सांसद सुरेश कश्यप, डॉ. सिकंदर कुमार, प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, सुरेश चंदेल, जिला अध्यक्ष रतन पाल, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, विवेक शर्मा उपस्थित रहे।


सोलन में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा।

इस अवसर पर डॉ. राजीव बिंदल प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि सोलन के मॉल रोड में जोश और जुनून का सैलाब उमड़ा। हजारों की संख्या में बुजुर्ग, युवा, माताएं, बहनें देशभक्ति का जज्बा लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के साथ तिरंगा यात्रा में चले।

डॉ. बिन्दल ने कहा कि हमें कष्ट के साथ कहना पड़ता है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विमल नेगी की मृत्यु के मामले की जांच में सहयोग करने से पीछे हट रहे हैं।

# फ्रॉड वेबसाइट पर बुकिंग से हो रही ठगी : एएसपी हितेश

संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** उत्तराखंड में चल रही चार धाम यात्रा के लिए आपने हेलीकाप्टर राइड की बुकिंग करवानी है तो अधिकारिक साइट से करवाएं, अन्यथा आप धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं।

उत्तराखंड में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जिसके चलते एडीजी लॉ एंड ऑर्डर उत्तराखंड ने सभी डीजी को पत्र लिखकर लोगों को जागरूक करने को कहा है। साथ ही यह भी कहा है कि यदि किसी राज्य के लोग उत्तराखंड चार धाम यात्रा हेतू हेलीकॉप्टर राइड बुकिंग करवाना चाहते हैं तो अधिकारिक वेबसाइट हैलीयात्रा डॉटआरसीटीसी डॉटकोडॉटइन से ही करवाएं। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश के 18 हजार लोगों ने चार धाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर राइड बुकिंग करवाई है। एएसपी, जिला कांगड़ा हितेश लखनपाल ने कहा कि चार धाम यात्रा के लिए हैलीकॉप्टर राइड बुकिंग करनी है अधिकारिक साइट पर जाकर कर सकते हैं, यह अधिकारिक वेबसाइट है। अन्य फ्रॉड साइटस पर बुकिंग करवाकर लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं।

उत्तराखंड में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिसके चलते एडीजी लॉ एंड ऑर्डर उत्तराखंड ने सभी डीजी को लिखा है, जिससे लोग फ्रॉड साइटस पर हेलीकॉप्टर राइड बुकिंग बारे जागरूक हो सकें।

## हाटी को एसटी दर्जा देने पर 7 जुलाई को फैसला

पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में सिरमौर जिले के ट्रांसगिरी क्षेत्र के हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 7 जुलाई को अंतिम सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने स्पष्ट किया है कि सुनवाई टाली नहीं जाएगी। हाईकोर्ट ने इस संबंध में जारी कानून के अमल पर रोक लगा रखी है, साथ ही, जनजातीय विकास विभाग के उस पत्र पर भी रोक लगाई है, जिसके तहत हाटी समुदाय को जनजातीय प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश दिए गए थे। अब 7 जुलाई की सुनवाई इस मामले में निर्णायक होगी।

**अब टाली नहीं जाएगी सुनवाई : हाईकोर्ट**






# सख्त यातायात कानून बनाने की शांता कुमार ने उठाई मांग

अनंत ज्ञान, पालमपुर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कानून और सजा लागू करने की मांग की है।



शांता कुमार ने कहा कि आज के अखबार में एक ही दिन में चार सड़क हादसों में 10 लोगों की मौत की खबर पढ़ी, जो अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हवाले से कहा कि भारत में हर साल लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें करीब 1.88 लाख लोग जान गंवाते हैं। शांता कुमार ने कहा कि दुनिया की रिपोर्टों के अनुसार 90 प्रतिशत दुर्घटनाएं मानवीय गलती के कारण होती हैं जैसे तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि कनाडा में उनके दामाद को तेज रफ्तार में पकड़े जाने पर 6 महीने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि ऐसे सख्त दंड से व्यक्ति जीवनभर नियम नहीं तोड़ता। भारत में सड़क परिवहन को यातायात का मुख्य साधन बताते हुए कहा कि अगर नियम तोड़ने पर कठोर दंड, जैसे 50 हजार का जुर्माना और लाइसेंस रद्द करने जैसी कार्रवाई का प्रावधान हो, तो दुर्घटनाएं कम हो सकती हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि सड़कों पर आधुनिक निगरानी यंत्र लगाए जाएं और कानूनों को सख्ती से लागू किया जाए।

**बोले-सख्त सजा से आधी हो सकती हैं सड़क दुर्घटनाएं**

## बोर्ड कल करेगा लीट का परिणाम जारी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की ओर से चार जून बुधवार को लेटरल एंट्री टेस्ट (लीट) का परिणाम जारी कर दिया जाएगा। लीट के लिए दो हज़ार 50 उम्मीदवारों के लिए 13 केंद्र बनाए गए थे, जिसमें 1783 उम्मीदवारों ने परीक्षा में भाग लिया था, जबकि 267 अबसेंट पाए गए थे। लीट परीक्षा के माध्यम से प्रदेश के सरकारी व निजी बहुतकनीकी संस्थानों में डिप्लोमा इंजीनियरिगं द्वितीय वर्ष के लिए प्रवेश प्रदान किया जाएगा। उक्त परीक्षा की आंसर-की तकनीकी बोर्ड की ओर से बोर्ड की बेवसाइट में अपलोड कर दी गई थी, जिसमें छात्रों को त्रुटियों से संबंधित जांच पड़ताल व सुधार के बाद अब परिणाम को तैयार किया जा रहा है। वहीं, इससे पहले तकनीकी शिक्षा बोर्ड की ओर से बहुतकनीकी प्रवेश परीक्षा पैट का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। तकनीकी शिक्षा बोर्ड के सचिव अशोक पाठक ने बताया कि लीट परीक्षा का परिणाम चार जून तक जारी किया जाएगा।

# वीरभद्र सिंह की जयंती पर प्रतिमा अनावरण की तैयारियां शुरू



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, जो कि वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष भी हैं, ने घोषणा की है कि हिमाचल प्रदेश के छह बार के मुख्यमंत्री रहे स्व. वीरभद्र सिंह की जयंती पर 23 जून को रिज मैदान पर आयोजित उनकी प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जाएगा।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी वीरभद्र सिंह के समर्थकों को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल के सभी सदस्य, विधायक, पूर्व विधायक, विपक्ष के नेता और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### फाउंडेशन युवाओं के कल्याण को देगा प्राथमिकता

**विक्रमादित्य** ने कहा कि फाउंडेशन प्रदेश में सामाजिक दायित्वों के साथ जन कल्याण और युवाओं के कल्याण को प्राथमिकता देगा। विश्वास व्यक्त किया कि भले ही वीरभद्र सिंह अब हमारे बीच नहीं हैं, मगर उनके आदर्श हमेशा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

### तैयारियों पर की चर्चा

**बैठक** के दौरान 23 जून को शिमला के रिज मैदान पर होने वाले प्रतिमा अनावरण समारोह के लिए फाउंडेशन की ओर से की जाने वाली तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

## पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नवंबर/दिसंबर 2024 में आयोजित डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) भाग-1 और भाग-2 परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया।

परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. हेम राज बैरवा ने बताया कि डीएलएड की परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के लिए विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, उनका परिणाम आज घोषित कर दिया गया। परीक्षार्थी अपना परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

**स्वास्थ्य** | महिलाओं की सेहत को लेकर सरकार का बड़ा कदम, तीन तरह के कैंसर की होगी जांच

# हिमाचल में घर-घर कैंसर की पहचान शुरू

शुभम राही, अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक मजबूत और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशानुसार राज्य में नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज प्रोग्राम के तहत अब घर-घर जाकर कैंसर रोगियों की पहचान की जाएगी।

**30 साल से ऊपर की महिलाओं की होगी स्क्रीनिंग**

इस पहल का उद्देश्य गंभीर बीमारियों की पहचान कर इलाज की ठोस कदम उठाना है। इस प्रोग्राम के तहत ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर से ग्रसित महिला मरीजों की पहचान की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इन तीनों प्रकार के कैंसर महिलाओं में अधिक पाए जाने वाले रोग हैं और समय रहते पहचान होने पर इनका इलाज संभव है। यही वजह है कि यह प्रोग्राम खास तौर पर 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं और युवतियों पर केंद्रित है।

### आशा कार्यकर्ताओं और हेल्थ वर्करों को दिया विशेष प्रशिक्षण

**स्वास्थ्य** विभाग ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं और हेल्थ वर्करों को विशेष प्रशिक्षण दिया है। प्रशिक्षण में उन्हें यह सिखाया गया कि कैंसर के लक्षणों की पहचान कैसे करनी है, संदिग्ध मामलों को किस तरह से आगे की जांच के लिए भेजना है, और समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कैसे फैलानी है। प्रशिक्षण के बाद इन स्वास्थ्य कर्मचारियों ने घरों में जाकर महिलाओं की स्क्रीनिंग का कार्य शुरू कर दिया है। यह प्रयास न केवल कैंसर की समय पर पहचान के लिए अहम है, बल्कि यह ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को भी दर्शाता है। वहीं, बिलासपुर जिले की बात करें तो वहां 1.5 लाख से अधिक महिलाएं और युवतियां ऐसी हैं, जो इस प्रोग्राम के दायरे में आती हैं। स्वास्थ्य विभाग के पास इनका पूरा रिकॉर्ड मौजूद है और अब इन सभी की डोर-टू-डोर जांच की जाएगी। जांच के दौरान यदि किसी महिला में कैंसर के लक्षण पाए जाते हैं, तो उन्हें आगे की जांच और उपचार के लिए संबंधित चिकित्सा केंद्रों में भेजा जाएगा।



### कैंसर के मामलों में हो रही वृद्धि

गौरतलब है कि भारत में कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। कई बार लक्षणों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे बीमारी गंभीर अवस्था में पहुंच जाती है। खासकर ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में कठिनाई होती है। ऐसे में यह घर-घर जाकर स्क्रीनिंग का मॉडल स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक प्रभावी, संवेदनशील और समान बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। सरकार और स्वास्थ्य विभाग की यह कोशिश न केवल मरीजों को लाभ पहुंचाएगी, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

**कैंसर के विभिन्न प्रकार**
- ओरल कैंसर (मुख कैंसर)
- ब्रेस्ट कैंसर (स्तन कैंसर)
- सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर)।



"यह कार्यक्रम महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिले में इस कार्य के लिए पूरी योजना बनाई गई है और जल्द ही प्रत्येक पात्र महिला की जांच पूरी कर ली जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आदेशानुसार यह अभियान शुरू किया गया है।

-डॉ. शशि दत्त शर्मा, सीएमओ बिलासपुर।

## लकड़ी की छड़ी से पीट पीटकर पत्नी की हत्या

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिला के कोटखाई क्षेत्र में एक नेपाली महिला की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घरेलू विवाद में गुस्से से बेकाबू हुए पति ने लकड़ी की छड़ी से पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मृतका की आयु 50 वर्ष है। जानकारी के अनुसार यह घटना रविवार की शाम कोटखाई थाना क्षेत्र में पेश आई। कोटखाई के ग्राम बधों, डाकघर रावलाक्यार निवासी हरी कृष्ण धांटा के बयान पर यह एफआईआर दर्ज की गई है।

पुलिस को बताया कि उनके यहां कार्यरत नेपाली मजदूर ने उन्हें सूचना दी कि बगाड़ी (देई के पास) स्थित राम धनी के डेरों में काम करने वाली दीपा (50) पत्नी जीत बहादुर (56) अपने डेरे (आवास) में अचेत अवस्था में पड़ी है, जिस पर उन्होंने पुलिस को सुचित किया।एसपी गौरव सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।




आचार्याः पितरः पुत्रास्तथैव च पितामहाः। मातुलाः श्वशुराः पौत्राः श्यालाः संबंधिनस्तथा॥

गुरुजन, ताऊ-चाचे, लड़के और उसी प्रकार दादे, मामे, ससुर, पौत्र, साले तथा और भी संबंधी लोग हैं॥

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 3 जून 2025

# वाराणसी के रत्नेश्वर मंदिर में सावन में नहीं चढ़ता जल

## महादेव का यह मंदिर 400 साल से 9 डिग्री के एंगल पर है झुका

आपने पीसा की मीनार के बारे में तो सुना ही होगा जो 4 डिग्री झुके होने के बावजूद ज्यों का त्यों खड़ा है, लेकिन धर्म नगरी वाराणसी में एक ऐसा मंदिर है जो 9 डिग्री झुके होने के बावजूद अपनी खूबसूरती से विश्व में प्रसिद्ध है। भगवान शिव और उनकी प्रिय नगरी काशी दोनों ही निराली है। केदारखंड में तिल-तिल बढ़ते बाबा तिलभांडेश्वर विराजमान हैं तो विशेश्वर खंड में अंश-अंश झुकता रत्नेश्वर महादेव का मंदिर है। सावन के महीने में भी रत्नेश्वर महादेव मंदिर में न तो बोल बम के नारे गूंजते हैं और न ही घंटा घड़ियाल की आवाज सुनाई देती है। महाश्मशान के पास बसा करीब 400 वर्ष पुराना यह दुर्लभ मंदिर आज भी लोगों के लिए आश्चर्य ही है।



### 10 महीने तक डूबा रहता है मंदिर

*कहा जाता है कि 12 महीनों में से 10 महीने तक यह मंदिर पानी में डूबा रहता है। यह मंदिर गंगाजल और मिट्टी से सना रहता है। यही वजह है कि सावन जैसे पवित्र महीने में भी यहां कोई शिवभक्त जलाभिषेक नहीं कर पाता। काशी के कण-कण में शिव का वास है, मगर रत्नेश्वर महादेव एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां भक्तों को दर्शन-पूजन का सौभाग्य नहीं मिल पाता है। अपनी स्थापत्य कला शैली के लिए प्रचलित यह मंदिर लगभग 400 साल से 9 डिग्री के एंगल पर झुका हुआ है। यह मंदिर गंगा नदी की तलहटी पर बना हुआ है।*

### महारानी अहिल्याबाई की दासी रत्नाबाई ने बनवाया था

*यह मंदिर वाराणसी के मणिकर्णिका घाट के ठीक बगल में स्थित है। इस मंदिर में भगवान शिव विराजमान हैं। इन्हें रत्नेश्वर महादेव के नाम से जाना जाता है। रत्नेश्वर महादेव घाट के बिलकुल किनारे गंगा नदी के तलहटी पर बना हुआ है। लगभग 400 वर्ष पहले इसे महारानी अहिल्याबाई की दासी रत्नाबाई ने बनवाया था। कहा जाता है कि यह मंदिर बनने के ठीक बाद ही यह नदी के दाहिने ओर झुक गया था। रानी अहिल्याबाई की दासी रत्नाबाई ने मंदिर बनाने की इच्छा जताई थी।*

### नाराज होकर अहिल्याबाई ने दे दिया श्राप

*रानी अहिल्याबाई ने गंगा किनारे की यह जमीन रत्नाबाई को दे दी थी, जिसके बाद रत्नाबाई ने इस मंदिर को बनवाना शुरू किया। मंदिर निर्माण के दौरान कुछ रुपए की कमी आई तो रत्नाबाई ने रानी अहिल्याबाई से रुपए लेकर इस मंदिर का निर्माण पूर्ण कराया। मंदिर बनने के बाद जब रानी अहिल्याबाई ने मंदिर देखने की इच्छा जताई और मंदिर के पास पहुंचीं तो इसकी खूबसूरती देखकर उन्होंने दासी रत्नाबाई से इस मंदिर को नाम न देने की बात कही। इसके बाद रत्नाबाई ने इसे अपने नाम से जोड़ते हुए रत्नेश्वर महादेव का नाम दिया। इससे नाराज होकर अहिल्याबाई ने श्राप दिया और माना जाता है कि जैसे मंदिर का यह नाम पड़ा यह दाहिनी ओर झुक गया।*

### भगवान शिव के दर्शन नहीं हो पाते

**मंदिर** की कलाकृति व कारीगरी देखते ही बनती है। गुजरात शैली पर बने इस मंदिर में अलग-अलग कलाकृति बनाई गई है। पिलर से लेकर दीवारें तक सभी पत्थरों पर नक्काशी का नायाब नमूना पेश कर रहे हैं। 330 से 400 साल पहले बिना किसी मशीन के सहारे ऐसी नक्काशी अपने आप में इस मंदिर के अनोखे होने की दास्तान बयां कर रही है। इस मंदिर के अनोखी खूबसूरती को देखने के लिए दूरदराज से लोग आते हैं। चाहे देश के हो चाहे विदेश के हो जो भी इस घाट पर आता है वह इस मंदिर को देखता रह जाता है। विश्व के कोने-कोने से लोग इस मंदिर के बारे में जानते हैं और इसकी खूबसूरती देखने विशेषकर बनारस आते हैं। इस मंदिर में भगवान शिव के रूप में शिवलिंग स्थापित किया गया है जो कि जमीन के 10 फुट नीचे है। हालांकि, यह मंदिर साल में 8 महीने गंगाजल से आधा डूबा हुआ रहता है और 4 महीने पानी के बाहर, इसके कारण इस मंदिर के गर्भगृह में कभी भी भगवान शिव का दर्शन नहीं हो पाता है। वह मिट्टी में दबे ही रहते हैं।

### कहते हैं, शिव की लघु कचहरी

*सावन के महीने में भी रत्नेश्वर महादेव में न तो बम भोले की गूंज सुनाई देती है न ही दर्शन- पूजन होता है। स्थानीय लोगों की मानें तो यह मंदिर श्रापित होने के कारण न ही कोई भक्त यहां पूजा करता और न ही मंदिर में विराजमान भगवान शिव को जल चढ़ाता है। आसपास के लोगों का कहना है की यदि मंदिर में पूजा की तो घर में अनिष्ट होना शुरू हो जाता है। खास बात यह है कि मंदिर के झुकने का क्रम अब भी कायम है। मंदिर का छज्जा जमीन से आठ फुट ऊंचाई पर था, लेकिन वर्तमान में यह ऊंचाई सात फुट हो गई है। मंदिर के गर्भगृह में कभी भी स्थिर होकर खड़ा नहीं रहा जा सकता है। गर्भगृह में एक या दो नहीं बल्कि, कई शिवलिंग स्थापित हैं। इसे शिव की लघु कचहरी कहा जा सकता है। सावन के इस पवित्र महीने में भी इस शिवालय में जल और दूध अर्पित करना तो दूर बल्कि दर्शन भी दुर्लभ है। यही वजह है कि सावन के पवित्र महीने में दूर-दूर से आने वाले कांवड़िए हों या शिवभक्त हर शिवालय में पहुंचकर दर्शन और जलाभिषेक जरूर करते हैं लेकिन, यहां पर आकर उन्हें मायूसी हाथ लगती है, क्योंकि बाबा के दर्शन संभव ही नहीं हो पाते हैं।*



## निर्जला एकादशी व्रत



# सब पापों से मुक्त करे निर्जला एकादशी

***निर्जला एकादशी का व्रत 7 जून को रखा जाएगा। ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी को भीमसेनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। ऋषि वेदव्यास जी के अनुसार, इस एकादशी को भीमसेन ने धारण किया था। इसी वजह से इस एकादशी का नाम भीमसेनी एकादशी पडा। इस एकादशी के दिन व्रत व उपवास करने का विधान भी है। इस व्रत को करने से व्यक्ति को दीर्घायु तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। निर्जला अर्थात जल के बिना रहना इस कारण इसे निर्जला एकादशी कहा जाता है। यह एक कठिन व्रत होता है। इस व्रत को निर्जल रखा जाता है अर्थात इस व्रत में जल का सेवन भी नहीं किया जाता।***

इस एकादशी को करने से वर्ष की 24 एकादशियों के व्रत के समान फल मिलता है। यह व्रत करने के पश्चात द्वादशी तिथि में ब्रह्मा बेला में उठकर स्नान, दान तथा ब्राह्मण को भोजन कराना चाहिए। इस दिन 'ऊंनमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करके गोदान, वस्त्रदान, छत्र, फल आदि दान करना चाहिए।

### निर्जला एकादशी व्रत कथा

**महाभारत** काल में भीमसेन ने व्यास जी से कहा की हे भगवान, युधिष्ठर, अर्जुन, नकुल, सहदेव, कुंती तथा द्रौपदी सभी एकादशी के दिन व्रत किया करते हैं, परंतु मैं भूख बर्दाश्त नहीं कर सकता। मैं दान देकर वासुदेव भगवान की अर्चना करके प्रसन्न कर सकता हूं। मैं बिना काया कलेश की ही फल प्राप्त करना चाहता हूं। अतः आप कृपा करके मेरी सहायता करें। इस पर वेद व्याद जी भीमसेन से कहते हैं कि हे भीम अगर तुम स्वर्गलोक जाना चाहते हो, तो दोनों एकादशियों का व्रत बिना भोजन ग्रहण किए करो, क्योंकि ज्येष्ठ मास की एकादशी का निर्जल व्रत करना विशेष शुभ कहा गया है। इस व्रत में आचमन में जल ग्रहण कर सकते हैं। अन्नाहार करने से व्रत खंडित हो जाता है। व्यास जी की आज्ञा अनुसार, भीमसेन ने यह व्रत किया और वे पाप मुक्त हो गए।

### संयम व भक्ति का प्रतीक एकादशी व्रत

**ये** व्रत सबसे कठिन माना जाता है, क्योंकि भक्त पूरे दिन पानी भी नहीं पीते हैं। गर्मी के समय में पानी के बिना रहना बहुत मुश्किल होता है, इसी वजह से जो भक्त ये व्रत कर लेते हैं, उन्हें सभी 24 एकादशियों का पुण्य मिल जाता है। इस व्रत में संयम की परीक्षा होती है, भक्त किस तरह खुद पर संयम रखकर पूरे दिन निराहार और निर्जल रहकर भक्ति करता है। इसी वजह से ये व्रत संयम और भक्ति का प्रतीक है।

### ऐसे कर सकते हैं एकादशी व्रत

जो लोग निर्जला एकादशी व्रत करना चाहते हैं, उन्हें दशमी तिथि (5 जून) की शाम को खाने में सात्विक आहार लेना चाहिए। जल्दी सोना चाहिए और सुबह सूर्योदय से पहले जागना चाहिए। स्नान के बाद उगते सूर्य को जल चढ़ाएं। घर के मंदिर में गणेश जी, भगवान विष्णु, महालक्ष्मी की विधिवत पूजा करें। गणेश जी को दूर्वा और लड्डू चढ़ाएं। विष्णु-लक्ष्मी को पीले फूल, तुलसी दल, धूप-दीप आदि चढ़ाएं। भगवान के सामने निर्जला एकादशी का व्रत करने का संकल्प लें। पूरे दिन बिना अन्न और जल के रहें। विष्णु सहस्रनाम का पाठ करें और हरि नाम का जप करें। जरूरतमंदों को दान करें और भोजन कराएं। शाम को पूजा करें। रात में जल्दी शयन करें। अगले दिन यानी द्वादशी तिथि पर भी सुबह जल्दी जागें, स्नान आदि कामों के बाद पूजा करें। घर में सात्विक भोजन बनाएं और जरूरतमंद लोगों को भोजन खिलाएं, इसके बाद खुद भोजन करें। इस तरह एकादशी व्रत पूरा होता है।


# गंगा दशहरा को धरती पर आई थी गंगा मैय्या

**प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की दशमी को गंगा दशहरा मनाया जाता है। वराह पुराण के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल दशमी बुधवार के दिन हस्त नक्षत्र में गंगा स्वर्ग से धरती पर आई थी। इस पवित्र नदी में स्नान करने से दस प्रकार के पाप नष्ट होते हैं। भगीरथी की तपस्या के बाद जब गंगा माता धरती पर आती हैं, उस दिन ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी थी। गंगा माता के धरती पर अवतरण के दिन को ही गंगा दशहरा के नाम से पूजा जाना जाने लगा। इस दिन गंगा नदी में खड़े होकर जो गंगा स्तोत्र पढ़ता है वह अपने सभी पापों से मुक्ति पाता है। स्कंद पुराण में दशहरा नाम का गंगा स्तोत्र दिया हुआ है। गंगा दशहरे के दिन श्रद्धालु जन जिस भी वस्तु का दान करें, उनकी संख्या दस होनी चाहिए और जिस वस्तु से भी पूजन करें उनकी संख्या भी दस ही होनी चाहिए। ऐसा करने से शुभ फलों में और अधिक वृद्धि होती है।**

### गंगा जी की कथा

**प्राचीनकाल** में अयोध्या के राजा सगर थे। महाराजा सगर के साठ हजार पुत्र थे। एक बार सगर महाराज ने अश्वमेघ यज्ञ करने की सोची और अश्वमेघ यज्ञ के घोडे को छोड़ दिया। राजा इंद्र यह यज्ञ असफल करना चाहते थे और उन्होंने अश्वमेघ का घोड़ा महर्षि कपिल के आश्रम में छिपा दिया। राजा सगर के साठ हजार पुत्र इस घोड़े को ढूंढते हुए आश्रम में पहुंचे और घोड़े को देखते ही चोर-चोर चिल्लाने लगे। इससे महर्षि कपिल की तपस्या भंग हो गई और जैसे ही उन्होंने अपने नेत्र खोले राजा सगर के साठ हजार पुत्रों में से एक भी जीवित नहीं बचा। सभी जलकर भस्म हो गए। राजा सगर उनके बाद अंशुमान और फिर महाराज दिलीप तीनों ने मृतात्माओं की मुक्ति के लिए घोर तपस्या की, ताकि वह गंगा को धरती पर ला सकें, परंतु सफल नहीं हो पाए और अपने प्राण त्याग दिए। गंगा को इसलिए लाना पड़ रहा था क्योंकि पृथ्वी का सारा जल अगस्त्य ऋषि पी गए थे और पूर्वजों की शांति तथा तर्पण के लिए कोई नदी नहीं बची थी। महाराज दिलीप के पुत्र भगीरथ हुए उन्होंने गंगा को धरती पर लाने के लिए घोर तपस्या की और एक दिन ब्रह्मा जी उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर प्रकट हुए और भगीरथ को वर मांगने के लिए कहा, तब भगीरथ ने गंगा जी को अपने साथ धरती पर ले जाने की बात कही, जिससे वह अपने साठ हजार पूर्वजों की मुक्ति कर सकें। ब्रह्मा जी ने कहा कि मैं गंगा को तुम्हारे साथ भेज तो दूंगा, लेकिन उसके अति तीव्र वेग को सहन करेगा? इसके लिए तुम्हें भगवान शिव की शरण लेनी चाहिए वही तुम्हारी मदद करेंगे। अब भगीरथ भगवान शिव की तपस्या एक टांग पर खड़े होकर करते हैं। भगवान शिव भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर गंगाजी को अपनी जटाओं में रोकने को तैयार हो जाते हैं। गंगा को अपनी जटाओं में रोककर एक जटा को पृथ्वी की ओर छोड देते हैं। इस प्रकार से गंगा के पानी से भगीरथ अपने पूर्वजों को मुक्ति दिलाने में सफल होता है।

*__न करें ये गलतियां:__ गंगा दशहरा का दिन बेहद महत्वपूर्ण और पवित्र दिन होता है। इस दिन कोई ऐसी गलती नहीं करनी चाहिए, जो पितरों को या देवी-देवताओं को नाराज कर दे। गंगा दशहरा के दिन दान करना चाहिए, लेकिन गलती से भी किसी को फटे-पुराने कपड़े, टूटी चप्पल, खराब जूते, टूटे बर्तन, बासी खाना दान में न दें। ऐसा करना कुंडली के कई ग्रहों को कमजोर कर सकता है और इससे वे नकारात्मक फल देने लगते हैं, जिससे घर में गरीबी-कर्ज बढ़ता है। पितर भी नाराज होते हैं। पितरों की नाराजगी घर-परिवार की खुशहाली और बरकत छीन लेती है। घर में झगड़े होते हैं, लोगों की तरक्की रुक जाती है।*



# मां धूमावती को काले तिल भेंट करने से होती हर मनोकामना पूरी

**जयंती विशेष**

*मां धूमावती जयंती के विशेष अवसर पर दस महाविद्या का पूजन किया जाता है। धूमावती जयंती समारोह में धूमावती देवी के स्तोत्र पाठ व सामूहिक जप का अनुष्ठान होता है। काले वस्त्र में काले तिल बांधकर मां को भेंट करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। परंपरा है कि सुहागिनें मां धूमावती का पूजन नहीं करती हैं और केवल दूर से ही मां के दर्शन करती हैं। मां धूमावती के दर्शन से पुत्र और पति की रक्षा होती है। पुराण अनुसार एक बार मां धूमावती अपनी क्षुधा शांत करने के लिए भगवान शंकर के पास जाती हैं, किंतु उस समय भगवान समाधि में लीन होते हैं। मां के बार-बार निवेदन के बाद भी भगवान शंकर का ध्यान से नहीं उठते। इस पर देवी श्वास खींचकर भगवान शिव को निगल जाती हैं। शिव के गले में विष होने के कारण मां के शरीर से धुंआ निकलने लगा और उनका स्वरूप विकृत और श्रृंगार विहीन हो जाता है। इस कारण उनका नाम धूमावती पड़ता है।*



*__कर्ज__ मुक्ति के उपायः घर पर हवन कराने के लिए धूमावती जयंती का दिन शुभ होता है। इस दिन आप नीम की पत्तियां और घी का इस्तेमाल करते हुए घर पर हवन करें। इस उपाय को करने से आर्थिक तंगी ठीक होती है और कर्ज से भी मुक्ति मिलती है।*

### माता धूमावती की पूजा के छह मंत्र

*__धार्मिक__ ग्रंथों के अनुसार रुद्राक्ष की माला से माता धूमावती के मंत्रों का जाप 21, 51 या 108 बार जाप करने का नियम है।*

- **धूं धूं धूमावती स्वाहा।**
- **धूं धूं धूं धूमावती स्वाहा।**
- **धूं धूं धुर धुर धूमावती क्रों फट् स्वाहा।**
- **धूं धूमावती देवदत्त धावति स्वाहा॥**
- **धूमावत्यै विद्महे संहारिण्यै धीमहि तन्नो धूमा प्रचोदयात।**

*__शत्रुओं से मुक्ति के लिएः__ शत्रु से परेशान हैं तो धूमावती जयंती पर घर पर हवन कराने के साथ ही नमक से तीन बार घर की नजर उतारें। इससे उपाय से घर की सारी नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाएगी और शत्रुओं का नाश होगा।*

*__परेशानियों से छुटकारा के लिएः__ जीवन में छोटी-बड़ी परेशानियों से परेशान रहते हैं, तो धूमावती जयंती पर आपको गुड़ का दान करना चाहिए। इसके साथ इस दिन कौवों को भोजन कराएं। इससे जीवन में चल रही परेशानियों से मुक्ति मिलेगी।*

## न्यूज ब्रीफ

### संत निरंकारी मिशन 5 को करेगा पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, गगल।** संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र की ओर से देशभर के 18 प्रमुख पर्वतीय पर्यटक स्थलों पर 5 जून को प्रातः 8:00 से दोपहर 2:00 बजे तक पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि मिशन वर्ष 2014 से ही संयुक्त राष्ट्र के 'यूनाइटेड नेशन एनवाइरनमेंट प्रोग्राम' पर्यावरण कार्यक्रम की थीम पर 'विश्व पर्यावरण दिवस' आयोजित कर रहा है।

### रिटायर्ड फौजियों ने मनाया 53वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** 74 आर्म्ड रिटायर्ड फौजियों ने रविवार को पंचरुखी के मीरा होटल में 53वां स्थापना दिवस मनाया। समारोह में कांगड़ा व मंडी जिले के रिटायर्ड फौजियों ने भाग लिया। सभी ने ड्यूटी के दौरान व रिटायर्ड होने के बाद जीवनशैली में आए परिवर्तन के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि फौजी रिटायरमेंट के बाद भी हमेशा देश सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। भारतीय सेना ने जो पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है, वह सराहनीय है। पूरे विश्व में भारतीय सेना का कोई मुकाबला नहीं है। अगर सीजफायर नहीं होता और हमें दोबारा बुलाया जाता तो देश सेवा के लिए है तैयार हैं। इस मौके पर कश्मीर सिंह, आत्मा राम, पुरान रानौत, भवानी प्रशाद, कश्मीर सिंह, प्रशोत्तम लाल, ध्रुव राज, निर्मल पूरी, शेर सिंह, आत्मा राम, मदन लाल, दलीप सिंह, धनी राम व कुलभूषण उपस्थित रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा से होता आध्यात्मिक विकास

**अनंत ज्ञान, आलमपुर।** जय महावीर कल्ब आलमपुर साईं की ओर से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन वेद व्यास पंडित तिलकराज ने बताया कि यह कथा सुनने से आध्यात्मिक विकास होता है। मन मस्तिक में शांति का सृजन होता है और पापों का नाश होता है। कथा सुनने से आध्यात्मिक विकास होता है और भगवान के प्रति भक्ति बढ़ती है। मानसिक तनाव कम होता है। जय महावीर क्लब आलमपुर के मुख्य संचालक राजेश राणा व कुलदीप राणा ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का सात दिन तक अवसर मिलेगा। कथा रोज 2:00 बजे से 5:00 तक चलेगी।

### बाबा पुलेशाह जी की मजार पर भंडारा कल

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल कैंट।** बाबा पुलेशाह जी की मजार पर बुधवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन योल कैंट में स्थित बाबा पुलेशाह सच्ची सरकार की पवित्र मजार पर संपन्न होगा। आयोजन समिति ने सभी भक्तजनों से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित कार्यक्रम में पधारें और गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त करें। यह जानकारी दी प्रदेश अखिल भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज मुख्य प्रभारी परमजीत सिंह ने दी।

### साई भ्रांता स्कूल में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय माध्यमिक पाठशाला साई भ्रांता में मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय निवासी राजन सूद ने अपनी स्व. मौसी सविता सूद की मधुर स्मृति में स्कूल परिसर में सरस्वती की मूर्ति की स्थापना की गई। पुजारी ओम प्रकाश शर्मा ने मूर्ति की स्थापना पर पूजा की। स्टूडेंट्स ने भजन कीर्तन का आयोजन किया व हलवा प्रसाद बांटा गया। मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना के कार्य के लिए मुख्याध्यापक अरुण जम्वाल की प्रशंसा की।

### करियाड़ा के लेफ्टिनेंट मेजर विपन हुए रिटायर



**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** करियाड़ा गांव के सपूत और पंजाब रेजिमेंट के सेवानिवृत्त मानद लेफ्टिनेंट मेजर विपन शर्मा सोमवार को जब अपने पैतृक गांव पहुंचे, तो पूरा इलाका देशभक्ति के रंग में रंग गया। गांववासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। लेफ्टिनेंट मेजर विपन शर्मा ने सेना में 32 साल 6 महीने सेवाएं दी। वे झारखंड स्थित पंजाब रेजिमेंट ट्रेनिंग सेंटर, रामगढ़ कैंट में सूबेदार मेजर व मानद लेफ्टिनेंट मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए।

### गैरी केयर फाउंडेशन ने खोला कार्यालय

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर क्षेत्र की गैरी केयर फाउंडेशन समाजसेवी संस्था ने जाच्छ में अपना कार्यालय खोला। इसका शुभारंभ स्व. निखिल गैरी के पिता हरदेव सिंह और माता ने किया। संस्था के पदाधिकारियों ने गैरी के माता-पिता व स्वजनों को सम्मानित किया। संस्था के पदाधिकारी अंकित वर्मा ने बताया कि निखिल सिंह ठाकुर उर्फ गैरी ने अल्पायु में समाजसेवा का बीड़ा उठाया था और क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे बढ़कर कार्य करता था, लेकिन 19 बर्ष की आयु में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। संस्था ने अब तक क्षेत्र में गरीब परिवारों से संबंधित 90 लड़कियों की शादी में करीब नौ लाख की आर्थिक मदद की है। 40 मरीजों के उपचार के लिए 7 लाख की राशि की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई है।

### नौरा कॉलेज में बीबीए व बीसीए के दाखिले शुरू

**अनंत ज्ञान, डरोह।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, नौरा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) और बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश पूर्णतः ऑफलाइन माध्यम से किया जा रहा है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने इच्छुक विद्यार्थी कॉलेज परिसर से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### प्राइवेट वाहन चालक ढो रहे सवारियां

**अनंत ज्ञान, डरोह।** धीरा पुलिस चौकी में धीरा, पुड़बा, रंड्डू, झरेट, पनापर, नौरा व आसपास के टैक्सी चालकों ने अपनी शिकायत को लेकर पुलिस चौकी धीरा के एएसआई देशराज को अवगत करवाया। चालकों ने कहा कि प्राइवेट गाड़ी वाले हमारे रोजगार पर डाका डाल रहे हैं। देशराज ने टैक्सी चालकों को आश्वस्त किया और कहा कि जो भी गाड़ी चालक ऐसा करेगा, उसकी वीडियो बनाकर मुझे भेजें, उनका दस हजार का चालान किया जाएगा और दूसरी बार गाड़ी जब्त कर ली जाएगी।

### बीड़ होटल एसोसिएशन 5 को करेगी सफाई

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बीड़ होटल एसोसिएशन की ओर से पौधरोपण एवं स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष सतीश अबरोल ने बताया कि राज्यसभा सदस्य इंदु गोस्वामी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। भाषा यानी बीड़ होटल एसोसिएशन पिछले लगभग 4 साल से अपने क्षेत्र में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर कार्य कर रही है।

# सीएम ने ज्वालामुखी में किया सिटी पुलिस चौकी का उद्घाटन

## नई फायर पोस्ट की आधारशिला भी रखी, 15 माह में पूरा होगा कार्य पूरा

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान**



ज्वालामुखी में शहरी पुलिस चौकी का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू।

**ज्वालामुखी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को कांगड़ा जिले के पुलिस जिला देहरा के अंतर्गत ज्वालामुखी में सिटी पुलिस चौकी का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि इस स्थान के धार्मिक महत्व को देखते हुए राज्य सरकार ने पुलिस चौकी खोलने का निर्णय लिया है, ताकि देश के विभिन्न भागों से हजारों की संख्या में इस पवित्र स्थान पर शीश नवाने पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालु स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें। मुख्यमंत्री ने ज्वालामुखी में नई फायर पोस्ट की आधारशिला भी रखी, जिसका निर्माण कार्य 5.36 करोड़ रुपए की लागत से आगामी 15 माह में पूरा कर लिया जाएगा। इस परियोजना में फायर टेंडर के लिए पार्किंग क्षेत्र तथा स्टाफ क्वार्टर भी होंगे।

### परियोजना को समय पर पूरा करने के निर्देश

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने बीएसएनएल इंजीनियरिंग विंग को परियोजना को निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक संजय रत्न, हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, डीआईजी अभिषेक दुल्लर, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस जिला देहरा के पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### कृषि विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालय स्पर्धा शुरू

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के 29वें वार्षिक अंतर महाविद्यालय खेल 2024-25 का सोमवार को छात्र कल्याण संगठन के इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्नातकोत्तर अध्ययन के अधिष्ठाता डॉ. आरके कपिला ने किया। उन्होंने छात्र कल्याण संगठन के प्रयासों की सराहना की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें समर्पण, अनुशासन और सच्ची खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की शुरुआत छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. एडी बिंद्रा के स्वागत भाषण से की। प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, वॉलीबाल, बास्केटबॉल, फुटबाल, पावरलिफ्टिंग, कबड्डी, खो-खो व आर्म रेसलिंग और क्रिकेट शामिल हैं। इस स्पर्धा का 6 जून को समापन समारोह होगा।

### हैप्पी बर्थडे



जंडपुर (बैजनाथ) की स्वास्तिका अवस्थी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### लॉरेट फार्मेसी संस्थान में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आज से

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** लॉरेट फार्मेसी संस्थान में शिक्षकों के शैक्षणिक एवं शोध विकास के लिए तीन जून से पांच जून तक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन ऑफ फार्मास्युटिकल टीचर्स ऑफ इंडिया हिमाचल इकाई की ओर से प्रायोजित किया जा रहा है। इस प्रोग्राम का मुख्य विषय 'शिक्षकों को सशक्त बनाना' जैसे नवाचार आधारित शिक्षण विधियां और डिजिटल शिक्षा और उसके साथ-साथ शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीकों, अनुसंधान विधियों और तकनीकी उपकरणों से अवगत कराना है। कार्यक्रम के दौरान इन विषयों पर विशेषज्ञों की ओर से व्याख्यान में परिणाम आधारित शिक्षा, आईसीटी के माध्यम से प्रभावी शिक्षण, पाठ्यक्रम निर्माण एवं मूल्यांकन, अनुसंधान पद्धति एवं शोध अनुदान, शोध अनुदान प्रस्ताव जैसे विषयों से अवगत कराया जाएगा। संस्थान के निर्देशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. एमएस आशावत ने बताया कि इस शैक्षणिक प्रोग्राम में विभिन्न संस्थानों से लगभग 150 प्रतिभागी भाग लेंगे।

## एबीवीपी का शिक्षा बोर्ड परिसर में फिर प्रदर्शन

### कहा- मांगें जल्द पूरी न हुईं तो छेड़ा जाएगा प्रदेशव्यापी आंदोलन



स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के बाहर प्रदर्शन करते एबीवीपी संगठन के कार्यकर्ता।

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने सोमवार को स्कूल शिक्षा बोर्ड की लापरवाही और छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ बोर्ड के बाहर परिसर में प्रदर्शन किया। 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में हुई अनियमितताएं और छात्रों पर थोपे गए अनुचित शुल्क को लेकर नाराजगी जताई।

एबीवीपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि 17 मई को जारी परिणाम में एक छात्रा को फेल घोषित किया था, जिसके बाद उसने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि 22 मई को आए संशोधित परिणाम में वही छात्रा पास पाई गई। यह घटना शिक्षा बोर्ड की गंभीर लापरवाही और असंवेदनशीलता को दर्शाती है। उन्होंने मांग की कि बोर्ड अध्यक्ष, सचिव और संबंधित परिणाम प्रबंधन विभाग पर तत्काल प्रभाव से सख्त प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई की जाए। बोर्ड में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

### वापस ली जाए बढ़ी हुई फीस

**एबीवीपी** कार्यकर्ताओं ने बढ़ी हुई फीस तत्काल प्रभाव से वापस लेने व प्रभावित छात्रों के परिणामों की स्वतंत्र और निष्पक्ष पुनर्समीक्षा करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि छात्रा के आत्महत्या प्रयास की न्यायिक जांच हो व उसे मानसिक, शैक्षणिक और आर्थिक सहायता दी जाए। छात्रहित की लड़ाई लड़ रहे विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर शिक्षा बोर्ड के सचिव की ओर से दर्ज झूठी एफआईआर को वापस लिया जाए। राष्ट्रीय मंत्री राहुल राणा ने कहा कि एबीवीपी ने शांतिपूर्वक धरना कर रही थी, लेकिन शिक्षा बोर्ड के सुरक्षा अधिकारियों ने बोर्ड के सचिव के इशारे पर गेट बंद कर दिए। गेट को खोलने में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को चोटें आईं, लेकिन कार्यकर्ताओं पर झूठी एफआईआर करने का दबाव बनाया जा रहा है। प्रदेश सह मंत्री अभिनव चौधरी ने कहा कि अगर दो दिन में फीस वृद्धि का फैसला वापस नहीं लिया जाता और शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों पर कार्रवाई व मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा।

## कोहाला में जल्द लगेगा नया ट्यूबवेल : निशु मोंगरा

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**



कोहाला में ग्रामीणों से मुलाकात करते हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के स्टेट चेयरमैन निशु मोंगरा।

**कांगड़ा।** कोहाला में ट्यूबवेल, घुरकड़ी, बीरता, ललेहड़, जोगीपुर को सीवरेज लाइन बिछाई जा रही है। यह काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। यह बात हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन और एपीएमसी जिला कांगड़ा के चेयरमैन निशु मोंगरा ने कोहाला पंचायत में आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए कही। लोगों ने कोहाला में पानी की कमी बात कही।

निशु मोंगरा ने कहा कि कोहाला में जल्द ट्यूबवेल लगाया जाएगा। इससे लोगों को साफ पानी पीने को मिलेगा। निशु मोंगरा ने कहा कि इच्छी, नंदेहड़, अब्दुल्लापुर, जमानाबाद में साफ पेयजल के लिए पांच करोड़ से ट्यूबवेल लग रहे हैं। अनसोली और भड़वाल में भी पानी की कमी है। इसके लिए अनसोली-भड़वाल वाटर स्कीम के लिए दो करोड़ सोलह लाख खर्च किए जाएंगे। इससे वहां पानी की कमी दूर होगी। एपीएमसी जिला कांगड़ा में किसानों के लिए बेहतरीन सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। पास्सू सब्जी मंडी को नए भवन में शुरू किया जाएगा। कछियारी में भी नई मंडी बनाई जा रही है। ई-नाम से कई किसानों को जोड़ा जा रहा है। किसानों को सबसिडी पर खरीफ के बीज दिए जा रहे हैं।

## पठानकोट के बमियाल क्षेत्र में युवक की हत्या

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**पठानकोट।** बमियाल क्षेत्र में एक युवक की हत्या होने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल पठानकोट पोस्टमार्टम के लिए शव भेज दिया है।

मृतक चरनजीत सिंह निवासी पलाह हलका भोआ का रहने वाला था और गुजरात में एक कंपनी में पोकलेन मशीन चलाता था। रविवार को ही गुजरात से वापस पठानकोट लौटा था। मृतक के पिता कुलवंत सिंह ने बताया कि उसकी लड़की के बेटे ने कहा कि मामा ने पहले खोजकी चक्क गांव के कालू पठानिया संग शराब पी और बाद में पलाह साइड आकर दोबारा खाना-पीना शुरू कर दिया। इसके बाद पता चला कि उसकी लाश सड़क किनारे पड़ी है। पिता ने संदेह जताया कि लड़के की किसी ने हत्याकर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। डीएसपी ग्रामीण सुखजिंदर थापर ने बताया कि कालू पठानिया और चरनजीत सिंह एक ही कंपनी में काम करते थे और दोनों में पहले भी किसी बात को लेकर झड़प हो चुकी थी। पुलिस ने मृतक के परिवार के बयानों पर मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** चौबीन मार्ग पर महाकाल से आगे बंडीयां खोपा में मोटरसाइकिल की टक्कर से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई।

खोपा गांव की 70 वर्षीय महिला रविवार दोपहर को खोपा बस स्टैंड की तरफ जा रही थी कि हनुमान मंदिर के समीप विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल की चपेट में आ गई। टक्कर के बाद महिला के सिर पर गहरी चोटें आईं। महिला को बैजनाथ अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी मुनीश ने बताया कि कुदैल गांव के 17 वर्षीय युवक सचिन पुत्र बिलायति के खिलाफ मामला दर्ज कर मोटरसाइकिल कब्जे में ले ली है।

## जिला स्तरीय बाबा क्यालू महाराज दंगल का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा के गंगथ में सोमवार को चार दिवसीय जिला स्तरीय श्री सिद्ध पीठ बाबा क्यालू महाराज दंगल का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने बतौर मुख्य अतिथि, जबकि एसडीएम डॉ. सुरिंद्र ठाकुर ने वशिष्ठ अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत एक भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसमें विधायक के साथ दंगल कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य,क्षेत्र की 25 पंचायतों के प्रधान, 25 छिंज कमेटियों के प्रधान तथा बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। विधायक मलेंद्र ने अपनी ऐच्छिक निधि से 31 हजार देने की घोषणा की। उन्होंने यह आश्वस्त किया कि भविष्य में इस दंगल को और अधिक व्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए वे हरसंभव सहायता प्रदान करेंगे। यह महादंगल 2 जून से 5 जून तक आयोजित किया जा रहा है। 3 जून को महिला पहलवानों के मुकाबले होंगे, जिनमें प्रथम पुरस्कार कार और द्वितीय पुरस्कार बुलेट मोटरसाइकिल रखा गया है।

## छात्रों को अकादमिक ज्ञान से लैस करना ही पर्याप्त नहीं : मनु भारद्वाज

### द्रोणाचार्य कॉलेज में रोजगार कौशल पर अतिथि संभाषण



द्रोणाचार्य शिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य।

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** द्रोणाचार्य शिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड सैल की ओर से एक दिवसीय इंपावरमेंट सेशन का आयोजन किया गया। इसकी थीम 21वीं सदी के रोजगार कौशल में निपुणता प्राप्त कर उज्ज्वल भविष्य के लिए छात्रों को सशक्त बनाना थी। कार्यक्रम में मनु भारद्वाज सॉफ्ट स्किल और व्यावहारिक प्रशिक्षक ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।

उन्होंने कहा कि आज की तेजी से बदलती दुनिया में छात्रों को केवल अकादमिक ज्ञान से लैस करना ही पर्याप्त नहीं है। 21वीं सदी के रोजगार कौशल में निपुण बनाना महत्वपूर्ण है, ताकि वे एक उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सके। 21वीं सदी के प्रमुख रोजगार कौशल अकसर 4सी के रूप में जाने जाते हैं, लेकिन इनमें कई अन्य महत्वपूर्ण क्षमताएं भी शामिल हैं। आलोचनात्मक सोच जानकारी का विश्लेषण करने, समस्याओं की पहचान करने और प्रभावी समाधान विकसित करने की क्षमता। यह छात्रों को तथ्यों का मूल्यांकन करने और तार्किक निर्णय लेने में मदद करता है। रचनात्मकता नए और अभिनव विचार उत्पन्न करने, बॉक्स से बाहर सोचने और विभिन्न दृष्टिकोणों से समस्याओं को हल करने की क्षमता है। इस मौके पर महाविद्यालय प्रबंधक निदेशक जीएस पठानिया, कार्यकारी निदेशक बीएस पठानिया, प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष सुमित शर्मा, अधिष्ठाता अनिता चंदेल सहित समस्त अध्यापक वर्ग उपस्थित रहा।

### 5 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएचपी) धर्मशाला ने इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीटी अकादमी, आईआईटी गुवाहाटी के सहयोग से सोमवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग पर पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का उद्घाटन किया। 2 से 6 जून 2025 तक निर्धारित, इस उन्नत प्रशिक्षण पहल का उद्देश्य एआई और एमएल के तेजी से विकसित हो रहे डोमेन में अत्याधुनिक ज्ञान और व्यावहारिक दक्षताओं के साथ संकाय सदस्यों और शोध विद्वानों को सशक्त बनाना है। एफडीपी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सीयूएचपी की रजिस्ट्रार प्रोफेसर सुमन शर्मा ने शिरकत की। सीयूएचपी के शिक्षा विभाग के प्रमुख प्रोफेसर विशाल सूद, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुपमा और एफडीपी समन्वयक डॉ. ललित मोहन शर्मा आदि उपस्थित थे।

**खेलकूद** स्व. जीएस बाली मेमोरियल ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप संपन्न

## सीनियर पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र विजेता

### एसडीएम मुनीष ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ी नवाजे

**अनंत ज्ञान, नगरोट बगवां**



ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

**नगरोटा** बगवां के राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय में 31 मई से 2 जून तक आयोजित विकास पुरुष स्वर्गीय जीएस बाली मेमोरियल ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 2025 संपन्न हो गई।

20 टीमें पुरुष वर्ग और 8 टीमें महिला वर्ग की रहीं। इस चैंपियनशिप में महाराष्ट्र, गोवा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, यूपी, उत्तराखंड, हरियाणा और हिमाचल राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। सीनियर पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र की टीम विजेता और यूपी की टीम उपविजेता रही। सीनियर महिला वर्ग में यूपी की टीम विजेता और हरियाणा की टीम उपविजेता रही। जूनियर ब्वॉयज वर्ग में गोवा की टीम विजेता और दिल्ली की टीम उपविजेता रही।

जूनियर गर्ल्स की टीम में गोवा की टीम विजेता और महाराष्ट्र की टीम उपविजेता रही। इस चैंपियनशिप के समापन समारोह पर एसडीएम नगरोटा बगवां मुनीश शर्मा मुख्य अतिथि और राजकीय विद्यालय बड़ोह के प्रधानाचार्य नीरज शर्मा विशेष अतिथि रहे। वहीं, एसडीएम मुनीष ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। एसडीएम मुनीष ने विभिन्न राज्यों से भाग लेने वाली टीमों की सराहना की। उन्होंने कहा इस तरह के खेल आज की आधुनिक युग की दौड़ भरी जिंदगी में बहुत उपयोगी हैं, जिससे कि बच्चे अपना तन और मन दोनों स्वस्थ रख सकते हैं और अपने आप को नशे से दूर रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने जीवन में किसी एक खेल को अवश्य शामिल करना चाहिए। इस मौके पर टेनिस बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्य ऋषि दिलवारिया मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रधानाचार्य सुरेंद्र सोनी, नीरज शर्मा, इमरान लारी महासचिव ऑल इंडिया टेनिस क्रिकेट संगठन, डॉ. गंगाधर अध्यक्ष टेनिस फेडरेशन, अमजद उस्मानी उत्तराखंड, निलेश नायक गोवा, सुरेंद्र कुमार हरियाणा और विभिन्न राज्यों से आए कोच उपस्थित रहे।

## आयुष मंत्री गोमा ने किया पंचायत सामुदायिक भवन बंदाहू का शिलान्यास

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने जनसभा को भी संबोधित किया।

**पालमपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने सोमवार को बंदाहू पंचायत में 1 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पंचायत सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। जनसभा को संबोधित करते हुए गोमा ने कहा कि प्रदेश सरकार पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि गांवों के स्तर पर शासन व्यवस्था को और अधिक प्रभावशाली बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि तय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा। इस पंचायत भवन में पंचायत सामुदायिक हाल, प्रधान कार्यालय, सचिव कार्यालय, रसोई घर, सामुदायिक सुविधा केंद्र जैसी आवश्यक सुविधा रहेगी।

उन्होंने कहा कि पहले पंचायत भवन निर्माण के लिए 33 लाख रूपए की राशि का प्रावधान था, लेकिन प्रदेश सरकार ने इस राशि को बढ़ाकर 1 करोड़ 14 लाख रूपए का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि पंचायतों के पास जहां पंचायत में कानून-व्यवस्था बनाने की अहम जिम्मेवारी रहती है। वहीं, गांव-गांव सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन भी किया जाता है और लोगों तक सरकार की नीतियों तथा कार्यक्रमों का लाभ पहुंचता है। उन्होंने आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी खोलने के लिए आने वाले समय में मुख्यमंत्री की ओर से घोषणा करवाने का आश्वासन दिया।

### जयसिंहपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को किया सुदृढ़

**गोमा** ने कहा कि जयसिंहपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष रूप से सुदृढ़ किया गया है, ताकि आमजन को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि कोसरी स्थित आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी को अब 10 बिस्तरों वाले अस्पताल का दर्जा प्रदान किया गया है, जिसकी अधिसूचना सरकार की ओर से जारी कर दी गई है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राजीव शर्मा, खंड विकास अधिकारी लंबागांव सिकंदर कुमार, स्थानीय प्रधान यशपाल चौहान, ओपी धीमान, टेकचंद, अशोक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चौपाल-नेरवा में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** विद्युत उपमंडल चौपाल के अंतर्गत आने वालें क्षेत्र चौपाल, देवत, शंठा, मझोटली, थाना, बोधना, सरांह, धबास, खादर, लिंग्जार, खगना और विद्युत् उपमंडल नेरवा के तहत नेरवा, बमटा, टिकरी, थरोच, केदी, किरण, रुस्लाह आदि क्षेत्रों में मंगलवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। एसडीओ विद्युत उपमंडल चौपाल हिमांशु नैनवात एवं कनिष्ठ अभियंता विद्युत इकाई नेरवा भारत भूषण ने बताया कि लास्टा धार 22 केवी एचटी लाइन में आवश्यक मुरम्मत के चलते उपरोक्त दिन और समय पर बिजली बंद रहेगी और मौसम के अनुकूलता शट डाउन किया जाएगा। उन्होंने समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### अलिजा नेशनल स्विमिंग स्पर्धा के लिए चयनित

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर ने बताया कि स्विमिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा उड़ीसा के भुवनेश्वर में 22 से 26 जून तक 78वीं सीनियर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए स्विमिंग पूल मंडी में ट्रायल आयोजित किए गए। एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर ने बताया कि 78वीं सीनियर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप उड़ीसा में रूट्स कंट्री स्कूल बाघी की छात्रा अलिजा नेशनल स्विमिंग गेम के 50 मीटर बैक स्ट्रोक में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। इस दौरान शिमला जिला स्विमिंग एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष एवं रूटस कंट्री स्कूल के मेनेजिंग डायरेक्टर सुनील रौहटा ने अलिजा को स्विमिंग नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन होने पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

### अब 1200 मतदाताओं के लिए एक मतदान केंद्र

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** मतदाताओं के अनुभव को बेहतर बनाने और निर्वाचन प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने बीते 100 दिनों में 21 नई पहलें शुरू की है, जिसमें प्रक्रियागत सुधार, प्रशिक्षण कार्यक्रम और हितधारक की सहभागिता शामिल है । निर्वाचक रजिटरीकरण अधिकारी व एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने कहा कि 21 नई पहल के तहत किसी भी एक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1200 कर दी गई है। ऊंची इमारतों, कॉलोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। निर्वाचक नामावली के उद्यतीकरण के लिए मृत्यु पंजीकरण का डाटा सीधे आरजीआई डाटाबेस से प्राप्त किया जाएगा और सत्यापन के बाद ही इसे उद्यतन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के बाहर मोबाइल फोन जमा करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। सीईओ डीईओ, ईआरओ स्तर पर अखिल भारतीय सर्वदलीय बैठकें आयोजित की गई हैं।

### आज सराहन में लगेगा जागरूकता शिविर

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** विकास खंड रामपुर के अंतर्गत आने वाले 37 ग्रम पंचायतों के राजस्व गांवों की वनाधिकार समितियों के प्रधानों व सचिवों के अतिरिक्त ग्राम पंचायत प्रधानों व सचिवों को वनाधिकार अधिनियम 2006 के संदर्भ में कार्यशाला का आयोजन कर विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। एसडीएम रामपुर हर्ष अमरेन्द्र सिंह ने कहा कि 3 जून को पंचायत घर सराहन में एक दिवसीय कार्यशाला, जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्राम पंचायत बौंडा, शाहधार, किन्नू, मशनू, सराहन, दोफदा के वनाधिकार व पंचायत प्रधानों तथा सचिवों को वनाधिकार अधिनियम 2006 की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, जबकि 4 जून को पंचायत तकलेज में ग्राम पंचायत दरकाली, काशापाट, मुनिश, तकलेज, कूहल, देवठी, बहाली, नरैण व भढ़ावली पंचायत को, 5 जून को पंचायत ज्योरी कूल में ग्राम पंचायत सरपारा,, लबाना-सदाना, फांचा, गानवी, क्याव, जघोरी, कूट, बधाल, ज्योरी, झाकडी व सनारसा, 6 जून को पंचायत समिति हाल रामपुर में ग्राम पंचायत रचोली, शिंगला, गोपालपुर, लालसा-डण्सा, दत्तनगर, देवनगर, कलेड़ा-मझेवटी, निरथ, फूंजा व धार-गौरा के वनाधिकारी समिति, ग्राम पंचायत प्रधानों व सचिवों को प्रशिक्षण दिया जाएगा । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह 10 बजे से आरंभ होगा । हर्ष अमरेन्द्र सिंह व खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र नेगी ने रामपुर विकास खण्ड़ के सभी वनाधिकारी समिति/ग्राम पंचायत प्रधानों व सचिवों को इन शिविर में अवश्य भाग लेने को कहा है ताकि वनाधिकार अधिनियम 2006 के बारे में अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध करवाया जा सके ।

# जुब्बल-कोटखाई बनेगा खेल हब : रोहित

## शिक्षा मंत्री बोले-खेल छात्रावास में किया जाएगा सुविधाओं का विस्तार

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सोमवार को कहा कि आने वाले समय में जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र खेलों के मामले में राज्य में शीर्ष स्थान पर होगा। उन्होंने यह बात ठाकुर रामलाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेल छात्रावास (कन्या), जुब्बल के निरीक्षण के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में कही।

रोहित ठाकुर ने छात्र जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करते हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में प्रयासरत है, वहीं खेलों को बढ़ावा देने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश भर में कुल नौ खेल छात्रावास हैं, जिनमें से ठाकुर रामलाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेल छात्रावास (कन्या) सबसे बड़ा बनकर उभर रहा है। 1987 में स्थापित इस छात्रावास में पहले केवल वॉलीबॉल का प्रशिक्षण दिया जाता था, लेकिन पिछले दो वर्षों में कबड्डी और बैडमिंटन जैसे दो अतिरिक्त खेलों को भी इसमें शामिल किया गया है। वर्तमान में, यहां वॉलीबाल और कबड्डी के लिए 20-20 सीटें, और बैडमिंटन के लिए 15 सीटें उपलब्ध हैं।

इसके अतिरिक्त, छात्रावास में 1 करोड़ रुपए की लागत से एक नया भवन भी बनाया गया है, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। रोहित ठाकुर ने प्रशिक्षण ले रही छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि वे आने वाले समय में देश-विदेश में जुब्बल का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को स्पोर्ट्स किट भी वितरित कीं।



जुब्बल-कोटखाई के प्रवास पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का स्वागत करते लोग।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा, निदेशक हिमफेड भीम सिंह झीटा, पूर्व जिला परिषद सदस्य मोतीलाल सिथता, उप शिक्षा निदेशक लेख राज भारद्वाज, प्रभारी खेल छात्रावास जुब्बल बलवंत झीटा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्कूल प्रबंधन के साथ बैठक और विकास कार्यों का लोकार्पण

**खेल** छात्रावास के निरीक्षण के बाद, शिक्षा मंत्री ने ठाकुर राम लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) के प्रधानाचार्य और अन्य शिक्षकों के साथ बैठक की। उन्होंने विद्यालय में चल रही गतिविधियों की समीक्षा की और प्रबंधन को भविष्य में संस्थान की प्रगति और उन्नति के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

# हिमाचल के पीपी सेंटरों में दवाइयों की कमी से बागवान परेशान: सुंदर डोगरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।

**प्रदेश** के सेब बागवान इन दिनों कीटनाशक और फफूंदनाशक दवाओं की भारी कमी से जूझ रहे हैं। बागवानी विभाग के प्लांट प्रोटेक्शन (पीपी) सेंटर खाली पड़े हैं, जिसके कारण बागवानों को निजी बाजार से मनमाने दामों पर दवाएं खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे उनकी लागत में कई गुना बढ़ोतरी हो गई है।

भाजपा नावर-कोटखाई मंडल के अध्यक्ष सुंदर डोगरा ने इस मुद्दे पर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह सेब बागवानों के साथ सरासर धोखा है। डोगरा ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान कांग्रेस नेताओं ने पीपी सेंटरों में समय पर दवाएं पहुंचाने और बागवानों को राहत देने के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन हकीकत में सरकार कुंभकरणी नींद में है और बागवान संकट में हैं।

डोगरा ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार बागवानी को प्राथमिकता देने के बजाय बागवानों को बेसहारा छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि समय पर कीटनाशक और फफूंदनाशक दवाओं की आपूर्ति नहीं होने से बगीचे बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ रहा है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि बाजार में दवाओं के दाम आसमान छू रहे हैं और बागवानों के कल्याण के लिए सरकार के पास न तो कोई योजना है और न ही इच्छाशक्ति।

### पीपी सेंटर में जल्द हो दवाइयों की आपूर्ति

**डोगरा** ने सरकार से तत्काल इन मांगों को पूरा करने की अपील करते हुए कहा कि बागवानी विभाग के पीपी सेंटरों में तुरंत दवाओं की आपूर्ति की जाए, जिन बागवानों ने मजबूरी में बाजार से महंगे दामों पर दवाएं खरीदी हैं, उन्हें सरकारी सब्सिडी या उचित मुआवजा दिया जाए। इस मुद्दे पर सरकार की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बागवानों को उम्मीद है कि सरकार जल्द ही इस गंभीर समस्या पर ध्यान देगी और उन्हें राहत प्रदान करेगी।



# ग्राम रोजगार सेवकों को 6 माह से नहीं मिला वेतन

## संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष मोहिंद्र ने सरकार पर अनदेखी के लगाए आरोप

सपना सूद, अनंत ज्ञान

**चौपाल/नेरवा।** ग्राम रोजगार सेवक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष मोहिंद्र नामटा ने सरकार पर जीआरएस की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कहा कि सरकार जीआरएस के प्रति इस कदर संवेदनहीन हो चुकी है कि जो जीआरएस गांव को संवारते है, उनके आर्थिक तंगी के कारण घर उजड़ने की कगार पर है।

प्रदेश में ग्राम रोजगार सेवकों को 6 महीने से वेतन न मिलने के कारण परिवार का पालन पोषण करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। महंगाई के इस दौर मे उन्हे बच्चों की पढ़ाई और परिवार के पालन पोषण की जदहोजाहद करनी पड़ रही है। यही नही अब तो उनके पास पंचायतों और ब्लॉक तक जाने के किराया तक नही है जिसके कारण बहुत रोष पनप रहा है। जिला ऊना के गगरेट ब्लॉक में छह माह से तथा जिला शिमला के चौहारा और जिला कांगड़ा के सुलह ब्लॉक में चार महीने से वेतन नहीं मिल पाया है, जिस कारण इन ब्लॉक्स के जीआरएस के समक्ष अपने परिवार के भरण पोषण की समस्या खड़ी हो गई है।

इसके आलावा केंद्र से बजट नही आने के कारण विभिन्न पंचायतों मे ग्राम रोजगार सेवकों को पिछले 5 माह से वेतन नही मिल रहा है, मनरेगा अधिनियम 2005 के अनुसार मनरेगा के अंतर्गत लगे कर्मचारियों को वेतन वे भत्तों का भुगतान का दायित्व राज्य सरकार का होगा। वही केंद्र से पैसा ना आने का कारण प्रदेश सरकार ने अभी तक अपना शेयर नही डाला है, जिसके चलते ग्राम रोजगार सेवकों वेतन नही मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मनरेगा अधिनियम के अंतर्गत समस्त हिमाचल मे मनरेगा के सुचारु रूप से संचालन हेतु वर्ष 2008 में ग्रामीण मनरेगा अधिननयम के अंतर्गत वर्ष 2008 में 1081 जीआरएस की तैनाती की गयी थी। 17 वर्ष पूर्व तैनात किये गए ये 1031 ग्राम रोज़गार सेवक अपनी सेवाएं प्रदेश के 91 विकास खंडों की 3616 पंचायतों में दे रहे हैं। ये जीआरएस अपने कार्य क्षेत्र में मनरेगा का सारा रिकार्ड का कंप्यूटर में दर्ज करना आदि कार्यों को सफलतापूर्वक अंजाम दे रहे है।

### आरएंडपी के लिए कोई नहीं बनी पॉलिसी

**जीआरएस** के लिए करीब 18 साल के कार्यकाल में अभी तक पद्दोन्नति और आरएंडपी के लिए कोई पॉलिसी नहीं बनी है और इन्हें ना ही समय पर वेतन मिलता है। उन्होंने कहा कि आरडीडी में इस समय एक हजार से अधिक पद खाली पड़े हैं। लिहाजा जीआरएस को इन खाली पदों पर ग्रामीण विकास विभाग में समायोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जीआरएस को अपने पैतृक विभाग में समायोजित करने के लिए पालिसी बनाई जाए ।

# अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव: विधायक हरीश जनारथा ने किया जिला स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा का शुभारंभ



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**अंतरराष्ट्रीय** ग्रीष्मोत्सव शिमला 2025 के तहत, सोमवार को इंदिरा गांधी खेल परिसर में जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। विधायक हरीश जनारथा ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे के खिलाफ जन आंदोलन में शामिल होने में मदद करते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन, जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन और जिला खेल परिषद को खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करने के लिए सराहना की।

### 38 स्कूलों के 250 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

**प्रतियोगिता** में 38 स्कूलों के लगभग 250 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों को ट्रैक सूट भी वितरित किए।

### नशे के खिलाफ खिलाड़ियों ने निकाली रैली

प्रतियोगिता के अवसर पर, सभी खिलाड़ियों ने नशे के खिलाफ एक रैली भी निकाली, जिसे विधायक हरीश जनारथा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# चरस और अवैध पिस्तौल के साथ पकड़े युवकों के मामले में नया मोड़

## चंडीगढ़ निवासी दोस्त से लेकर आए थे बिना लाइसेंस पिस्तौल

शुभम राही, अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर बहोल टोल प्लाजा के पास चरस और पिस्तौल के साथ पकड़े गए चार युवकों के मामले में पुलिस जांच के दौरान एक नया मोड़ सामने आया है।

स्पेशल डिटेक्शन टीम की ओर से रविवार देर शाम युवकों के पास से 1 किलो 63.7 ग्राम चरस और एक लोडेड पिस्तौल बरामद की गई थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विशाल (25), निवासी मकान नंबर 1421, रामदरबार फेज-2, चंडीगढ़, अभय (18), निवासी राजीपुर, पंचकूला, हरियाणा, अभिषेक (20), निवासी राजीपुर, कालका, पंचकूला, हरियाणा, अमन, निवासी मकान नंबर 1384, रामदरबार फेज-2, चंडीगढ़ के रूप में हुई है।

### पहले भी कुल्लू में खरीद चुके हैं चरस, सप्लायर के साथ था संपर्क

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**पुलिस** पूछताछ में खुलासा हुआ है कि बरामद पिस्तौल वे चंडीगढ़ निवासी एक दोस्त प्रिंस से लेकर आए थे। प्रारंभिक जांच में यह बात भी सामने आई है कि प्रिंस के पास इस पिस्तौल का कोई वैध लाइसेंस नहीं है। पिस्तौल को केवल दिखावे के लिए चंडीगढ़ से आए विशाल ने अपने दोस्त प्रिंस से लिया था। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि बरामद की गई चरस को विशाल और अमन ने खरीदा था, जिसमें उन्हें अजय और अभिषेक (दोनों भाई) का सहयोग मिला। ये दोनों पहले भी कुल्लू से चरस खरीद चुके हैं और वहां के सप्लायर्स से उनके संपर्क हैं। कुल्लू में अभय और अभिषेक ने ही सप्लायर से बातचीत कर चरस मंगवाई थी और अपने दोस्तों को दी थी। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि मामला संगठित नशा तस्करी और अवैध हथियार रखने से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पिस्तौल जिस व्यक्ति से लाई गई है, उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब प्रिंस को भी मामले में शामिल करते हुए उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

# हरित्लयांगर में बैल के हमले से 98 वर्षीय बुजुर्ग महिला घायल

**जगदीश सेठी, अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** डंगार पंचायत के तहत हरित्लयांगर (भोला) गांव में सोमवार को एक बेसहारा बैल ने 98 वर्षीय बुजुर्ग महिला पर हमला कर घायल कर दिया। महिला शांति देवी अपने घर के आंगन में बैठी थीं। परिजनों ने एंबुलेंस से शांति देवी को भराड़ी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह पहला मामला नहीं है। लगभग छह माह पूर्व भी एक ग्रामीण पर खेत में घुसकर बैल ने हमला किया था। डंगार पंचायत और आसपास के क्षेत्रों में दर्जनों बेसहारा पशु खुलेआम घूम रहे हैं, जो राह चलते लोगों पर हमला कर देते हैं। बच्चों के स्कूल जाने, महिलाओं के बाजार जाने और बुजुर्गों के अकेले बाहर निकलने में भारी दिक्कतें आ रही हैं। पंचायत प्रधान अनीता धीमान से बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में आया है। आगामी मीटिंग में इस विषय पर प्रस्ताव पारित किया जाएगा और शीघ्र ही प्रशासन को इस संबंध में पत्र भेजा जाएगा, ताकि इन बेसहारा पशुओं का स्थायी समाधान निकाला जा सके।

# आदर्श अस्पताल झंडूता के आपातकालीन भवन में पानी की कमी, मरीज परेशान

गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान

**झंडूता।** झंडूता उपमंडल के आदर्श हॉस्पिटल के आपातकालीन भवन में पिछले दो दिन से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस कारण अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की कमी से न केवल मरीजों की देखभाल प्रभावित हो रही है, बल्कि स्वच्छता और अन्य आवश्यक सेवाएं भी बाधित हो रही हैं। स्थानीय लोगों और मरीजों ने इस स्थिति पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पानी की कमी के कारण आपातकालीन सेवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। यह स्थिति मरीजों के लिए खतरनाक हो सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि अस्पताल में जलापूर्ति बहाल हो और मरीजों को राहत मिल सके। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर परमिंदर ने बताया कि मामला मेरे ध्यान में आया है। इसकी जानकारी ली जा रही है।



### बध्यात स्कूल को भेंट किए तीन पंखे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** रोटरी क्लब बिलासपुर ने राजकीय उच्च पाठशाला बध्यात को तीन सीलिंग फैन प्रदान किए गए। रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान इंजीनियर एनआर शर्मा, पूर्व प्रधान इंजीनियर विनोद कौशल, पूर्व सहायक गवर्नर टीसी सैणी व रोटेरियन चेतन ठाकुर ने पंखों को स्कूल मुख्याध्यापक रमेश चंद शर्मा को सौंपा। रोटरी क्लब के प्रधान सुनित गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब पहले भी बध्यात स्कूल को पढ़ाई में मदद के लिए कंप्यूटर भेंट कर चुका है। उन्होंने बताया कि पूर्व के वर्षो में रोटरी क्लब बिलासपुर जिले के 4 स्कूलों में हाथ धोने के अनके नलकों वाले वाशिंग स्टेशन उपलब्ध करवा चुका है, ताकि बच्चों को आसानी हो व स्वच्छता विशेष रूप से बनी रहे।

# डीसी ने होनहार समीर को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीसी राहुल कुमार ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरड़ी के मेधावी छात्र समीर निवासी गांव पलटी को 12वीं कक्षा (आट्र्स संकाय) की परीक्षा में 500 में से 490 अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में पांचवां तथा जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया। उन्होंने समीर को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि समीर जैसे प्रतिभाशाली छात्र प्रदेश की पहचान हैं और प्रशासन ऐसे विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा।

### सूखा पेड़ गिरने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के मुख्य बाजार से तहसीलदार कार्यालय जाने वाली सड़क पर अस्पताल के पास एक सूखा पेड़ गिरने से बड़े वाहनों की आवाजाही में भारी दिक्कतें हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पेड़ तेज हवा के कारण रविवार को सड़क पर गिर गया, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। झंडूता पंचायत के प्रधान राकेश चंदेल ने बताया कि इस मुद्दे को पत्रकारों द्वारा ध्यान में लाया गया। पेड़ काटने वाले को जल्द पेड़ को हटाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने चिंता जताई कि पेड़ रविवार से सड़क पर पड़ा है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों, जो इस मार्ग से गुजरते हैं, ने इसे हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

### राज्यस्तरीय मॉकड्रिल की तैयारियों पर बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राज्य स्तरीय 9वीं मेगा मॉकड्रिल के सफल आयोजन को लेकर जिला कार्यालय स्थित बचत भवन में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रतिनिधियों और सहयोगी कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मॉकड्रिल के 6 जून को निर्धारित कार्यक्रम के तहत इंसिडेंट रिस्पॉन्स टीम की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सभी संबंधित टीमों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित भूमिका का समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से निर्वहन सुनिश्चित करें। बैठक का समापन प्रतिभागियों की ओर से मॉकड्रिल की सफलता सुनिश्चित करने के लिए पूर्णसमर्पण एवं सहयोग देने के आश्वासन के साथ हुआ।

### वनों को आग से बचाने के लिए आगे आएं

**बलवंत कमल, अनंत ज्ञान, दधोल।** दधोल पंचायत के तहत वार्ड-1 और 2 में वन विभाग की तरफ से बनाई गई कमेटी ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। पंचायत प्रधान कंचन शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की। कमेटी के प्रधान बलवंत कमल सहित कमेटी के अन्य सदस्य एवं वार्ड नंबर एक और दो के ग्रामीणों ने भाग लिया। पंचायत सचिव नीना शर्मा ने लोगों को इस कमेटी के कार्यों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है, तो कोई व्यक्ति इसकी शिकायत कमेटी के माध्यम से सरकार को कर सकते हैं। गांव में कोई सरकारी भूमि खाली पड़ी है, तो उस पर अगर सार्वजनिक निर्माण जैसे महिला मंडल भवन, युवक मंडल भवन, सामुदायिक भवन, खेल मैदान बनाने चाहते हैं तो कमेटी के माध्यम से सरकार को अपना प्रस्ताव भेज सकते हैं। कमेटी के प्रधान बलवंत ने लोगों से अपील की कि अपने क्षेत्र के जंगलों को आग से बचाएं।

### बिलासपुर में वार्ड परिसीमन का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में नगर परिषद घुमारवीं, बिलासपुर, नयना देवी तथा नगर पंचायत तलाई के वार्ड परिसीमन का कार्य प्रारंभ कर दिया है। उपायुक्त राहुल कुमार ने नगर परिषदों और नगर पंचायत के वार्डों के पुनर्गठन तथा प्रत्येक वार्ड की सीमाओं को परिभाषित करने के प्रस्तावों के प्रकाशन का नोटिस जारी किया है। प्रस्तावों के अनुसार, नगर परिषद बिलासपुर, नगर परिषद नयना देवी और नगर पंचायत तलाई को वार्डों में बांटने तथा प्रत्येक वार्ड की सीमाएं निर्धारित करने के लिए संबंधित प्रस्ताव अगामी 7 दिनों तक कार्यालय समय के दौरान संबंधित कार्यालयों में निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे। डीसी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, यदि इन प्रस्तावों पर कोई आक्षेप दर्ज करवाना चाहता है या सुझाव देना चाहता है, तो वह नोटिस की प्रकाशन तिथि से 7 दिन के भीतर निर्धारित प्रारूप-2 में उपायुक्त कार्यालय को अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर नियत अवधि के भीतर विचार कर प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# बागा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



बागा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते नितेश निराला।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**अल्ट्राटेक** सीमेंट लिमिटेड (बागा सीमेंट वर्क्स) में सोमवार को बागा प्रीमियर लीग 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हुआ। टूर्नामेंट का शुभारंभ इकाई प्रमुख नितेश निराला ने किया। इस बार की लीग में कुल पांच टीमें भाग ले रही हैं। बागा लायंस, बागा पैंथर, बागा मैवरिक, बागा वॉरियर्स और बागा ईगल्स। हर टीम का नेतृत्व संबंधित विभागों के प्रमुख कर रहे हैं। खेलों के माध्यम से कर्मचारियों में सहयोग, टीम भावना और उत्साह बढ़ाने का उद्देश्य रखा गया है।

लीग के मैच प्रतिदिन शाम को खेले जाएंगे और विजेता का निर्णय फाइनल मुकाबले के बाद किया जाएगा। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख राजेश शर्मा, प्लांट तकनीकी प्रमुख नितिन दत्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कंपनी की महिला कर्मचारियों की भागीदारी भी सराहनीय रही।

# मिनर्वा स्टडी सर्किल घुमारवीं के 4 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड में किया कमाल

## प्रज्ञा सिंह ने ऑल इंडिया रैंक 315 हासिल कर चमकाया संस्थान का नाम

नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** मिनर्वा स्टडी सर्किल घुमारवीं के चार होनहार छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। प्रज्ञा सिंह ने ऑल इंडिया रैंक 315 प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है।



बेहतर प्रदर्शन करने वाले मिनर्वा स्टडी सर्किल घुमारवीं के स्टूडेंट्स।

इसके साथ ही तन्मय कौशल, अर्चित शर्मा और अंशुल धीमान ने भी जेईई एडवांस्ड में सफलता हासिल कर आईआईटी, आईआईएससी, आईआईएसटी और आईआईएसईआर में चयन पक्का कर लिया है। बच्चों ने अपनी सफलता के लिए अपने गुरुजनों, परिवार का आभार व्यक्त किया है। संस्थान के संस्थापक प्रवेश चंदेल और सह संस्थापक राकेश चंदेल ने छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी है। संस्थान के मुख्य प्रबंध निदेशक ने कहा कि मिनर्वा ने पहले ही जेईई मेन और नीट में अपनी योग्यता साबित की है और अब जेईई एडवांस्ड में भी संस्थान की सफलता की गाथा जुड़ गई है। उन्होंने बताया कि मिनर्वा इंस्टीट्यूट घुमारवीं और धर्मशाला शाखाओं में जेईई मेन, एडवांस्ड और नीट की तैयारियों के लिए नामांकन जारी हैं। इच्छुक छात्र जल्द आवेदन करें। बच्चों ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया और मोबाइल से दूरी बनाए रखी और हर दिन 8 से 10 घंटे समर्पित रूप से पढ़ाई की। राकेश चंदेल ने सफल छात्रों और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल संस्थान के लिए गर्व की बात है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगी।

# प्रदेश सरकार बिजली व्यवस्था संभालने में रही नाकाम : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं की जनता बिजली की मार से बेहाल है। कहीं हाई वोल्टेज से उपकरण जल रहे हैं, तो कहीं लो वोल्टेज से लोग परेशान हैं। क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को लेकर पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की हालत बेहद खराब है और कांग्रेस सरकार के पास इसे सुधारने की न तो नियत है, न ही कोई ठोस नीति। कांग्रेस सरकार बिजली व्यवस्था संभालने में पूरी तरह नाकाम रही है।



**कई पंचायतों के लोग जूझ रहे लो वोल्टेज की समस्या से**

भाजपा सरकार के समय घुमारवीं में बिजली समस्या के स्थायी समाधान के लिए 33 केवी सब स्टेशन स्वीकृत किया गया था। 17 अगस्त 2022 को इसकी मंजूरी भी मिल गई थी और इसके लिए 64.84 करोड़ रुपए का बजट भी पास हो चुका था, लेकिन सरकार बदलते ही इसका काम ठप पड़ गया। सरकार तथा घुमारवीं से विधायक व तकनीकी शिक्षा मंत्री इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों की सुविधा के लिए बजट सहित स्वीकृत करवाया गया 33 केवी सब स्टेशन की ढाई साल बाद भी स्थापित नहीं हो पाया। इसका खामियाजा घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ रहा है। शहर में रोजाना अघोषित कट लग रहे हैं, जिससे दुकानदार और आम लोग परेशान हैं। कई पंचायतों लगातार लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है।

# 3 साल से रेंट न देने पर उपतहसील धरवाला के कार्यालय को लगाए ताले

## मकान मालिक ने किराये के भुगतान के लिए कई बार डीसी, एसडीएम को लिखी थी चिट्ठी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**उपतहसील** धरवाला कार्यालय को सोमवार सुबह मकान मालिक ने ताले लगा दिए हैं। पिछले तीन वर्षों से तहसील कार्यालय का किराया ना मिलने पर ताले लगाए गए हैं। मकान मालिक त्रिपता देवी ने बताया कि उन्हें पिछले तीन वर्षों से तहसील कार्यालय का किराया नहीं मिला है। कई बार डीसी चंबा, एसडीएम चंबा और नायब तहसीलदार धरवाला को किराए के भुगतान के लिए चिट्ठी लिखी गई, लेकिन कोई असर नहीं पड़ा। तहसील कार्यालय को ताले लगाने की सूचना नायब तहसीलदार को पिछले 15 दिन पहले दे दी गई थी कि अगर एक जून तक उनका किराया नहीं दिया गया तो उसके बाद तहसील कार्यालय को ताला लगा दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जब तक उन्हें किराए का पूरा भुगतान नहीं होता तब तक तहसील कार्यालय के ताले नहीं खोलेंगी। तहसील कार्यालय को ताले लगने से लोगों के कामकाज प्रभावित हो रहें हैं। उधर नायब तहसीलदार धरवाला रूप सिंह नेगी ने कहा कि उप तहसील धरवाला कार्यालय को ताले लगने और किराए का भुगतान न होने की सूचना डीसी चंबा और एसडीएम चंबा को दे दी गई है

**कहा-नायब तहसीलदार को 15 दिन पहले दे दी थी सूचना**



उपतहसील धरवाला कार्यालय को ताले लगने से लोगों के कामकाज प्रभावित हो रहें हैं।

## दुर्घटना मामले में वांछित आरोपी किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सेल ने दुर्घटना मामले में वांछित उद्घोषित आरोपी को सोलन के अर्की के हवाणी कोल से गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी को पुलिस टीम ने आगामी कार्रवाई के लिए जिला के पुलिस थाना बल्ह के हवाले कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ टीम को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट नंबर-1 मंडी द्वारा बल्ह थाना में दर्ज एफआईआर में न्यायालय से फरार चल रहे उद्घोषित आरोपी को पकड़ने का जिम्मा सौंपा गया था। मामले में आरोपी को न्यायालय ने बीते वर्ष 24 जनवरी को उद्घोषित आरोपी घोषित किया था। इस पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई अमल में लाते हुए आरोपी विपिन कुमार पुत्र अछरू राम निवासी गांव कोल हवाणी को पकड़ने के लिए जांच शुरू की गई। इस पर आगामी कार्रवाई अमल में पीओ सेल ने आरोपी को हवाणी कोल से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को आगामी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना बल्ह के हवाले कर दिया गया है।

## डीसी कार्यालय के बाहर आमरण अनशन पर बैठे आरटीआई कार्यकर्ता

# जब तक मुझे न्याय नहीं मिलता तब तक 'मैं न खाना खाऊंगा, न पानी पिऊंगा': सोभिया राम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**ग्राम** पंचायत मोड़ा के आरटीआई कार्यकर्ता सोभिया राम ने सोमवार दोपहर मीडिया से बातचीत करते हुए सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि उनके गांव में आईआरडीपी योजना का दुरुपयोग हो रहा है और भ्रष्टाचार के कारण सच्चे गरीब व जरूरतमंद लोगों को इस योजना से वंचित रखा जा रहा है।

सोभिया राम ने कहा कि उन्होंने डीसी कार्यालय चंबा के बाहर आमरण अनशन शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'मैं न खाना खाऊंगा, न पानी पिऊंगा, जब तक मुझे न्याय नहीं मिलता।' उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें स्थानीय अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित किया गया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और मुख्यमंत्री महोदय को भी इस मामले की लिखित शिकायत भेजी है। उन्होंने आरोप लगाए कि ग्राम पंचायत मोड़ा, तहसील सलूनी, जिला चंबा में प्रधान, उप प्रधान, पंचायत सचिव और तकनीकी सहायक अपनी मनमानी कर आईआरडीपी योजना का लाभ नौकर और बड़े गाड़ीधारकों को दे रहे हैं। जिन लोगों के पास 3-4 वाहन (गाड़ियां) हैं, उनके पास दुकानें हैं, वे सरकारी कर्मचारी हैं या दुकानें किराए पर देते हैं, उन्हें आईआरडीपी नंबर दिए गए हैं। वहीं गरीब परिवारों को इस योजना से बाहर रखा गया है। आईआरडीपी नंबर 633130 (रत्नचंद) और 633090 (उनकी माता) को एक ही परिवार में दो बार लाभ दिया गया है, जबकि दोनों एक साथ रहते हैं और अपंग पेंशन भी प्राप्त करते हैं। शिकायत करने पर विभाग रिश्वत और दबाव के चलते कार्रवाई करने में विफल रहा है। शिकायतकर्ता: बालो पत्नी माधो राम ग्राम सलन, नाम सिंह पुत्र होशियारा, ग्राम व डाकघर मोड़ा व सोभिया राम पुत्र पन्नू, ग्राम आधेड़, ग्राम व डाकघर मोड़ा, तहसील सलूनी, जिला चंबा।



### सही लाभार्थियों को दिया जाए आईआरडीपी योजना का लाभ

**सोभिया** राम ने मीडिया से कहा कि मैंने अपनी आवाज मुख्यमंत्री तक पहुंचाई है। अब मैं तब तक चुप नहीं बैठूंगा जब तक गरीबों का अधिकार नहीं मिल जाता। सोभिया राम और ने मुख्यमंत्री व निदेशक पंचायतराज विभाग से अपील की है कि इस भ्रष्टाचार की तुरंत और निष्पक्ष जांच कराकर सही लाभार्थियों को आईआरडीपी योजना का लाभ दिया जाए।

# विधायक डॉ. जनक राज ने पुराने नक्शों को हटाने को लेकर बुलंद की आवाज

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** अगर भारत माता के नक्शे में ही त्रुटि हो, तो बच्चों को सच्चा देशप्रेम कैसे सिखाया जाएगा? इसी सोच को लेकर भरमौर-पांगी के विधायक डॉ. जनक राज ने जिला चंबा में शिक्षा क्षेत्र की एक गहरी खामियों पर सीधी चोट की है। डॉ. जनक राज ने चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को एक गंभीर पत्र भेजते हुए अनुरोध किया है कि जिले के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों में भारत के पुराने और असंगत नक्शों का सर्वे करवाया जाए और उन्हें भारत सरकार द्वारा अधिकृत नवीनतम मानचित्रों से शीघ्र बदलवाया जाए।

डॉ. जनक राज का कहना है कि देश की भौगोलिक अखंडता और विद्यार्थियों की बुनियादी समझ एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। अगर हम बच्चों को सही नक्शा नहीं दिखा सके, तो हम उन्हें अधूरी शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि शिक्षा विभाग इस दिशा में तत्काल कार्रवाई करते हुए पुराने मानचित्रों को हटवाकर नए, आधिकारिक नक्शे उपलब्ध करवाए। इससे बच्चों में राष्ट्रीय गर्व, सटीक ज्ञान और संवेदनशील नागरिकता विकसित होगी।

इस प्रेरणादायक और देशभक्ति से भरपूर पहल की क्षेत्र भर में सराहना हो रही है। लोग कह रहे हैं कि डॉ. जनक राज सिर्फ विधायक नहीं, एक सजग प्रहरी हैं जो राष्ट्रनिर्माण की नींव शिक्षा को मजबूत करने में लगे हैं।

### कई स्कूलों में लगे नक्शे भारत की वास्तविक सीमाओं को सही तरीके से नहीं करते प्रतिबिंबित




**विधायक** ने आगाह किया है कि वर्तमान में कई विद्यालयों में जो नक्शे लगे हैं, वे भारत की वास्तविक सीमाओं को सही तरीके से प्रतिबिंबित नहीं करते। यह न सिर्फ छात्रों के मन में भ्रम उत्पन्न करता है, बल्कि देश की संप्रभुता और अखंडता के लिए भी गंभीर खतरा है।

## चंबा के कराटे खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, ट्विंकल का नेशनल स्पर्धा के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश कराटे संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सब-जूनियर, केडिया, जूनियर एवं कैडेट कराटे प्रतियोगिता-2025 का आयोजन बैजनाथ में किया गया, जिसमें प्रदेश भर से 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में जिला चंबा कराटे संघ से चार प्रतिभागियों टविंकल महाजन, शिवांश राणा, वेदांश पुरोहित और आर्यवीर मियाने ने भाग लिया। सभी ने विभिन्न आयु और भार वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला चंबा का नाम गौरवान्वित किया। ट्विंकल महाजन ने कुमिते स्पर्धा में स्वर्ण पदक तथा काता स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। वहीं शिवांश राणा ने कुमिते में कांस्य पदक और वेदांश पुरोहित ने रजत पदक अपने नाम किया। खिलाड़ियों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी कोच कंचन जमवाल और अपने-अपने विद्यालयों के प्रबंधन को दिया। इस अवसर पर जिला कराटे संघ चंबा के चेयरमैन एवं रेफरी कमिशन के सदस्य पवन ठाकुर ने सभी विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने बताया कि ट्विंकल महाजन का चयन राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जिसका आयोजन जून माह में उत्तराखंड के देहरादून में होगा। इसके साथ ही उन्होंने हिमाचल कराटे संघ के महासचिव जमवाल को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# डीसी मुकेश रेपसवाल की पहल से आत्मनिर्भर महिलाओं को मिला मंच

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**शनिवार** को चौगान में अपनी पहचान और सम्मान की गुहार लगाने वाली चंबा की प्रेरणास्त्रोत महिलाएं ऋतु देवी और अनिता देवी सोमवार को आत्मविश्वास से भरी दिखीं। अनंत ज्ञान की टीम सोमवार को जब चंबा बाजार पहुंची, तो इन महिलाओं के चेहरे पर उम्मीद नहीं, अब संतोष और सफलता की मुस्कान थी। 'अब हमारा स्टॉल भीड़ के बीच है, और हमारा सामान भी बिक रहा है, यह शब्द थे अनिता देवी के थे जो अब सिर्फ कारीगर नहीं, चंबा की आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं।



दो दिन पहले डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल को सौंपे ज्ञापन के बाद प्रशासन ने इन महिलाओं की बात को गंभीरता से लिया और चौगान नंबर-2 के कोने में लगने वाले उनके स्टॉल्स को मुख्य स्थान पर स्थानांतरित कर दिया।

ऋतु देवी ने बताया कि अब ग्राहक रुकते हैं, बातें करते हैं, खरीदते हैं। पहली बार ऐसा हुआ कि हमारा खर्च निकला और कुछ पैसे हाथ में भी बचे।

### अब हमें दया नहीं, पहचान मिल रही

**यह** बदलाव न सिर्फ आर्थिक राहत लेकर आया, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण के उस असल स्वरूप को भी दर्शाता है, जिसकी कल्पना नीति-निर्माताओं ने की थी। अनंत ज्ञान से बातचीत में दोनों महिलाओं ने कहा कि हम प्रशासन और डीसी साहब के बहुत आभारी हैं। अब जब भीड़ के बीच स्टॉल लगा है, तो ग्राहक भी रुकते हैं और कमाई भी होती है। यह बदलाव दिखाता है कि यदि स्थानीय प्रशासन संवेदनशीलता और संकल्प के साथ काम करे, तो छोटी-छोटी आवाजें भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकती हैं।

# क्रिकेट में क्लेई टीम बनी विजेता

## खजुंड में एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न



क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता क्लेई टीम को सुरेश ठाकुर सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**ग्राम** पंचायत सरहान के गांव मढरुई के निवासी सुरेश ठाकुर द्वारा बीते रविवार को प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुंड में एक दिवसीय नि:शुल्क क्रिकेट ट्रॉफी का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में क्षेत्र की खेल भावना को प्रोत्साहित करते हुए लगभग एक दर्जन से अधिक टीमों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को किसी प्रकार की प्रवेश शुल्क नहीं देनी पड़ी, जिससे युवाओं में जोश और उमंग दोगुना देखने को मिला। दिन भर चले इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्लेई टीम ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। विजेता टीम क्लेई को आयोजक सुरेश ठाकुर द्वारा 5100 रुपये की नकद राशि एवं एक क्रिकेट बैट प्रदान किया गया। वहीं, उपविजेता रही भाला टीम को 2100 रुपये नकद व क्रिकेट स्टम्प्स बतौर इनाम भेंट किए गए।

## शहरी नगर निकायों के वार्डो के परिसीमन का प्रारूप प्रस्ताव प्रकाशित

# 9 जून तक दर्ज करें आपत्तियां व सुझाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने सोमवार को यहां बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई अधिसूचना के तहत जिला में शहरी निकायों के परिसीमन से संबंधित कार्यक्रम अधिसूचित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम मंडी, नगर परिषद, सुन्दरनगर, नेरचैक, सरकाघाट तथा जोगेन्द्रनगर, नगर पंचायत करसोग, रिवालसर, धर्मपुर, संधोल व बलद्वाड़ा के वार्डो के परिसीमन का प्रारूप प्रस्ताव प्रकाशित कर दिया गया है, जो कि संबंधित शहरी निकायों के कार्यालयों में लोगों के निरीक्षण के लिए सभी कार्यदिवसों में 9 जून, 2025 तक उपलब्ध रहेगा।

उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में संबंधित शहरी निकाय का स्थाई निवासी अपनी आपत्ति व सुझाव 9 जून तक दर्ज करवा सकते हैं। इन आपत्तियों व सुझावों का निपटारा 16 जून तक जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कर दिया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशों के प्रति अगले सात दिनों के अंदर मंडलायुक्त कार्यालय में अपील की जा सकती है, जिसका मंडलायुक्त द्वारा अपील दायर करने के पांच दिनों के भीतर निपटारा कर दिया जायेगा। उपायुक्त ने बताया कि पहली जुलाई, 2025 तक वार्डो के परिसीमन का अंतिम प्रकाशन कर दिया जायेगा। इसके बाद 11 जुलाई, 2025 तक सीटों के आरक्षण का रोस्टर भी जारी कर दिया जायेगा जबकि 15 जुलाई, 2025 तक आयोग द्वारा अंतिम आरक्षण आदेश जारी कर दिए जायेंगे।

उन्होंने कहा कि अगर उपरोक्त निर्धारित समय अवधि में कोई आपत्ति अथवा अपील दर्ज नहीं की जाती है तो परिसीमन के अंतिम आदेश जारी कर दिए जाएंगे और वार्डों के आरक्षण व रोटेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। इसके बाद परिसीमन एवं वार्डों के आरक्षण को अंतिम रूप प्रदान कर दिया जाएगा।

# प्रेम प्रवाहिनी रथयात्रा ने भरा नगर में उल्लास, बीड़ के लिए हुई रवाना



जोगिंद्रनगर में कार्यक्रम के दौरान सम्मानित करते हुए।

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** भगवान श्री सत्य साईं बाबा की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित की जा रही 'प्रेम प्रवाहिनी रथयात्रा' रविवार को आध्यात्मिक भव्यता के साथ जोगिंद्रनगर पहुंची। नगरवासियों में प्रेम, श्रद्धा और सेवा भाव का संचार करते हुए यह रथयात्रा सोमवार दोपहर बीड़ के लिए रवाना हुई। इस दिव्य यात्रा के स्वागत एवं आयोजन में नगर की विभिन्न संस्थाओं सनातन धर्म सभा, महिला मंडल, भजन मंडली, व्यापार मंडल, गणेश उत्सव समिति और श्रीराम कला मंच ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी संस्थाओं के सामूहिक सहयोग से आयोजन अत्यंत सफल और प्रेरणादायक रहा। सोमवार सुबह 5:30 बजे प्रभात फेरी निकाली गई, जिसके बाद दक्षिण भारत से आए विद्वान पंडितों ने वैदिक विधि से पूजा-अर्चना संपन्न कराई। रथ में विराजमान साईं बाबा की मूर्ति पर श्रद्धालुओं ने माल्यार्पण कर आरती उतारी।

## भाजपा मंडल रोहड़ू की मासिक बैठक संपन्न

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** भाजपा रोहड़ू मंडल की मासिक बैठक सोमवार को सर्किट हाउस रोहड़ू में मंडल अध्यक्ष विजय मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मासिक बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता व पूर्व मंडल उपाध्यक्ष एवं बराडा गांव के सुरजन सिंह रेटका, गावणा गांव के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ईश्वर सिंह मुल्टा, सैंजी गांव के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सुखदेव देष्टा एवं मोती लाल को टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं इस दौरान मंडल महामंत्री अरुण कुल्ला व राजा मेहता सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं के साथ वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरजन सिंह रेटक ने अपने निजी अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से उन्होंने रोहड़ू में भाजपा संगठन को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। साथ ही अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी अपने निजी अनुभव कार्यकर्ताओं के साथ साझा किए। उन सभी का भाजपा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

**अनंत Classifieds**

**नाम दुरूस्ती**

**मैं, अनीता कुमारी** (46 वर्ष) पुत्री श्री लक्ष्मी चंद निवासी गांव बारी, डाकघर सुंदरनगर, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी (हि.प्र.) ब्यान करती हूं कि मेरी बेटी के आधार कार्ड में उसका नाम (Aadya Thakur) गलत दर्ज है। जबकि सही नाम (Aadiya Thakur) है। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं, राज कुमारी** (51) पुत्री परषोत्तम दास वर्तमान पत्नी कृष्ण कुमार भारद्वाज, निवासी घर क्रमांक-153/10, हंडेटी, डाकघर पुराना बाजार, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम राज कुमारी शर्मा से बदलकर राज कुमारी रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**NAME CHANGE**

**I, Surinder Pal** (45 years) S/o Sh. Besar Ram, R/o V.P.O. Drang, Tehsil Padhar, Distt. Mandi H.P. solemnly declare that my daughter Haripriya CBSE Matriculation certificate under Roll No. 17267277 in his mother name Minakshi and father name Surender wrong entered. But Correct name of mother Minakshi Thakur and correct father name is Surinder Pal. All concerned note it.

**कार्यालय ग्राम पंचायत कपाही विकास खंड सुन्दर नगर जिला मण्डी (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कपाही विकास खण्ड सुन्दरनगर वित् वर्ष 2025 - 26 के लिए समस्त मदों से होने वाले विकास कार्यो के लिए सामग्री एवं अन्य हेतु निविदायें आमंत्रित करती है । अतः पंचायत कार्यालय के पास सप्लायर अपनी निविदा समाचार पत्र में प्रकाशित होने के सात दिन के भीतर बन्द लिफाफे में जमा करवायें । **सामग्री व अन्य विवरण :-**1 रेता Per Cum. 2 बजरी Per Cum. 3 पत्थर वोल्डर Per Cum. 4 पत्थर कटस्टोन Per Cum. 5 शटरिंग Per Sqm./Rmt. 6 ईंट Per Bricks. 7 PVC पाईप 110mm, 160mm, 200mm Per pipe. 8 साईन बोर्ड राइटिंग व वॉल राइटिंग Per Sqm. 9 सीमेंट ढुलाई सुन्दर नगर से कपाही व सीमेंट लोडिंग, अनलोडिंग -प्रति बैग सीमेंट 10 जे. सी. बी. से कार्य -प्रति घंटा, 11 लकड़ी Per Cum. **नियम एवं शर्तेः-** 1. सप्लायर के पास GST न0 होना आवश्यक है । 2. सप्लायर को GST नं.,पैन नं.,आधार नं. व बैंक खाता नं. की छायाप्रति पंचायत कार्यालय में जमा करवानी होगी । 3. सप्लायर को रेत,बजरी,पत्थर का M-Form देना अनिवार्य है बिना M-Form बिल स्वीकार नहीं किये जायेगें । 4. निविदायें वित् वर्ष 2025 - 26 के लिए ही मान्य होगी । 5. सामग्री निर्माण कार्यस्थल तक दी जानी अनिवार्य है । 6. सामग्री की सप्लाई ठीक व गुणवता न होने पर पंचायत निविदा रदद् कर सकती है। 7. जिस फर्म की निविदा कमेटी द्वारा पास की जाएगी उसे पंचायत में 50000 रु0 की राशि धरोहर राशि के रूप में जमा करवानी होगी ।

**प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत कपाही**
**विकास खंड सुन्दर नगर जिला मण्डी (हि.प्र.)**

### सूडोकु नवताल- 7449

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7448 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## बालवाटिका कक्षाओं के लिए प्रवेश शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** केंद्रीय विद्यालय एनएचपीसी चमेरा-2, करियां में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बालवाटिका कक्षा-1 और 2 में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया केन्द्रीय विद्यालय संगठन की दिशा-निर्देशों के अनुसार की जा रही है। बालवाटिका-1 में बच्चे की उम्र 3 से 4 वर्ष (31 मार्च 2025 तक), बालवाटिका-2 बच्चे की उम्र 4 से 5 वर्ष (31 मार्च 2025 तक) होनी चाहिए। पंजीकरण 2 से 12 जून तक (केवल कार्यदिवसों में) सुबह 10: 00 से दोपहर 12:30 बजे तक केंद्रीय विद्यालय एनएचपीसी चमेरा-2, करियां में कर सकते हैं।

**अनंत ज्ञान**

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

मंगलवार, 3 जून 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** अष्टमी (09:58): **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी (00:59), **पक्षः** शुक्ल, **योग** : हर्शण (08:07), अभीजित (11:51-12:46)। **राहुकाल** (03:47-05:31)।

**विशेष दिन**

- 03 जून 2025: धूमावती जयंती आज।
- 03 जून 2025: मासिक दुर्गाष्टमी आज।

**मेषः** यह अवधि मिश्रित प्रभाव प्रदान करती है। व्यवसायिक और आर्थिक प्रगति के लिए एवं सम्मान पाने के लिए, अवधि अनुकूल है। आपको उधार या उधार को कम करना चाहिए।

**वृषः** शैक्षिक रूप से बहुत सफल होंगे और आपका नाम और प्रसिद्धि व्यापक होगी। आप अच्छे स्वास्थ्य का आनंद लेंगे और आपका आत्मविश्वास-स्तर भी काफी बढ़ जाएगा।

**मिथुनः** आज आप अत्यधिक आशावादी न बनें और अत्यधिक सतर्क रहने का प्रयास करें। आपको अनुशासित रहना चाहिए। आर्थिक मामलों में आपको संयम बरतना चाहिए।

**कर्कः** आपको अपने गुप्त शत्रुओं द्वारा बनाई गई कुछ छोटी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। खर्च में काफी वृद्धि हो सकती है जो आपको तनाव में रख सकती है।

**सिंहः** आज आप लोकप्रियता हासिल करेंगे। व्यापार से आपकी कमाई बढ़ेगी। आप अभिजात वर्ग की पृष्ठभूमि की महिला से कुछ विशेष लाभों का आनंद ले सकते हैं।

**कन्याः** आप खुश और हंसमुख रहेंगे। आज आपकी वित्तीय स्थिति में काफी सुधार होगा। आपका पारिवारिक-जीवन खुशहाल और आनंदमय रहेगा। आप अच्छे स्वास्थ्य में होंगे।

**तुलाः** आज ग्रह स्थिति आपकी सोच को कुछ भ्रमित कर सकती है और आप अनिश्चित, स्वच्छंद और जिद्दी हो सकते हैं। आप शत्रु की कूटनीति के शिकार हो हो सकते हैं।

**वृश्चिकः** आपकी लोकप्रियता अपने चरम पर होगी और आप बहुत महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क स्थापित कर सकते हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में आप कमांडिंग स्थिति में रहेंगे।

**धनुः** आज यदि आप अधिकारियों के साथ टकराव से बच सकते हैं, तो आप व्यवसायिक क्षेत्र में अच्छी प्रगति कर सकते हैं। आपको स्वास्थ्य संबंधित शिकायत होने की संभावना है।

**मकरः** आप लगातार सिरदर्द और कुछ अन्य बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं। आपके जीवनसाथी का स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। आज आप वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।

**कुंभः** आप अच्छे स्वास्थ्य का आनंद लेंगे और पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। आय में वृद्धि संभव है। रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ आपके संबंधों में सुधार होगा।

**मीनः** पिता-पुत्र के संबंध बिगड़ने से बहुत परेशान हो सकते हैं। आप दूर स्थानों के लोगों के साथ व्यापार में नुकसान उठा सकते हैं। मां पक्ष के रिश्तेदारों के साथ रिश्ता बिगड़ सकता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मलथेहड़ विकास खंड बल्ह (स्थित नेर चौक) तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हि. प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मलथेहड़ द्वारा वर्ष 2025-2026 के लिए मटेरियल सामग्री की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिससे ग्राम पंचायत का कार्य सुचारू रूप से चल सके। मटेरियल सामग्री का विवरण इस प्रकार से है। सामाग्री विवरणः- रेत खडड / नदी (प्रति घन मीटर), रेत क्रशर (प्रति घन मीटर), बजरी 20,40एमएम खड्ड /नदी (प्रति घन मीटर), बजरी 20,40एमएम क्रशर (प्रति घन मीटर), सोलिंग बोल्डर (प्रति घन मीटर), पत्थर कट स्टोन (प्रति घन मीटर), पक्की ईंट मिट्टी के भटठे की द्वितीय श्रेणी (प्रति 1000), जेसीबी मशीन द्वारा कटान (प्रति घंटा), सामग्री ढुलान ट्रैक्टर/जीप अन्य वाहन, शटरिंग (प्रति वर्ग फुट), सीमेंट ढुलान एचपीएससी डिपो से ग्राम पंचायत स्टोर/कार्यस्थल तक (प्रति बैग), आरसीसी पाईप जीआई फ्रंट डाया प्रति मीटर (प्रति पाईप), दीवार टाईल और फ्लोर टाईल, साईन बोर्ड, 3x2 मटीरियल सहित पेंट सामग्री (सभी प्रकार की), साईन बोर्ड 4x5 सभी मटीरियल सहित, पीवीसी पाईप अलग-अलग डाया (प्रति मीटर प्रति पाईप) **शर्तें:-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकृत नंबर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें। इसके साथ आर नं., जीएसटी नं. की छाया प्रति आवश्यक है। सामग्री का रेट जीएसटी, सीएसटी सहित होगा। 2. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता जो खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम-फार्म जमा करवाना होगा एम-फार्म जमा उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री रॉयल्टी वर्तमान मु. फिक्सड/सरकारी रेट प्रति घनमीटर के हिसाब से काट ली जाएगी। 3. सभी निविदाएं सील बंद लिफाफे में देनी अनिवार्य होंगी अधूरी खुली निविदाएं मान्य नहीं होंगी। 4. जीएसटी/सीएसटी दरें निविदा/प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होगा। 5. पंचायत पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के परिवार से संबंधित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होंगी। 6. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेशिफिकेशन के अनुरूप होगी। 7. सामग्री कार्य स्थल सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. पारित निविदादाता को मु. 15000 (रू.) धरोहर सुरक्षित राशि रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवानी होगी। 9. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा। व अस्वीकृति सामग्री की अदायगी देय नहीं। 10. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समय अनुसार नहीं कर पाता तो उसकी गत सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 11. किसी भी निविदादाता को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने सशर्त निविदा समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूरा अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 12. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य निर्णय ..... की जस्टीफिकेशन व पारित निविदादाता साथ नेगोशिएशन अनुसार/उपरांत किया जाएगा। यह कुटेशन दिनांक 10.06.2025 को सांय 5 बजे तक कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए तथा दिनांक 13.06.25 को सुबह 11 बजे पंचायत कार्यालय में समस्त पंचायत पदाधिकारियों के समक्ष कुटेशन खोली जाएंगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत मलथेहड़ विकास खंड बल्ह (स्थित नेर चौक)**
**तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हि. प्र.)**

**TJCM Govt.College Sujanpur Tira, Distt.Hamirpur H.P.-176110**
Phone No : 01972-272440. E-mail : gcsujanpurhp@gmail.com

**Admission Notice 2025-26**

Online admission to the BBA/ BCA 1st semester (self financing courses) and BA/BSc/B.Com 1st year courses for academic session 2025-26 will commence form 1st June, 2025 to 19th June, 2025. The 1st Merit List will be displayed in the college notice board 20th June, 2025. Candidates can visit the website www.gc-sujanpur.ac.in.

| Name of Course | Eligibility | Date for submission of application form | No.of Seats |
|---|---|---|---|
| **BBA** | 10+2 exam passed with 50% marks & for SC/ST 45%) | 01-06-2025 to 19-06-2025 | Subsidized= 45 Non-Subsidized = 15 |
| **BCA** | 10+2 exam passed with 50% marks & for SC/ST 45%) | 01-06-2025 to 19-06-2025 | Subsidized = 45 Non-Subsidized = 15 |

Students seeking admission in BA/BSc/B.Com 1st Year are advised to visit the college website for eligibility, no. of seats, mode of admission, important dates etc. whereas students seeking admission in BA/BSc/BCom 2nd Year & 3rd Year must apply for roll on admission from 1st June to 19th June, 2025 on the online admission portal by visiting the college website.

**Principal/Director (HEIS)**

**जहां** शहद का अभाव हो वहां गुड़ से ही शहद का कार्य निकालना चाहिए। –**नेताजी सुभाष चंद्र बोस**

## संपादकीय

# युद्ध से बढ़ती टेंशन

रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से जारी युद्ध खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। हालांकि, कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप से दोनों देश युद्ध समाप्त करने पर राजी हो गए थे, लेकिन रूस के बड़े हमले के बाद जिस तरीके से यूक्रेन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए रूस के एयरबेस पर ड्रोन हमले किए उसने पूरी दुनिया की टेंशन बढ़ा दी है। सभी देश यह सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि ड्रोन तकनीक से इस तरह का जवाबी हमला आखिर ऐसे कारगर कैसे हो गया? विशेषज्ञ इसे हाल के समय की सबसे रणनीतिक और इनोवेटिव सैन्य कार्रवाइयों में एक मान रहे हैं। इस हमले ने न सिर्फ रूस की सैन्य संरचना को झटका दिया, बल्कि पूरी दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि अब युद्ध के तरीकों में कितनी तेजी से बदलाव आ रहा है। हाल ही में पाकिस्तान ने भी ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत पर तुर्की के ड्रोनों से कुछ ऐसे ही हमले किए थे, लेकिन भारत की रक्षा प्रणाली ने उन्हें समय रहते नष्ट कर दिया था। रूस और यूक्रेन के बीच चला रहा युद्ध अब केवल दो देशों के बीच की लड़ाई नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक स्थिरता, मानवता और आधुनिक युद्ध नीति के लिए एक चेतावनी बन गया है। यह युद्ध न सिर्फ जान-माल की भारी हानि का कारण बना है, बल्कि विश्व की अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और कूटनीतिक संतुलन पर भी गहरा असर डाल रहा है।


तकनीक की भूमिका युद्धों में दिन-ब-दिन बढ़ रही है। तकनीक युद्ध को तेज, सटीक और दूर से नियंत्रित बना रही है, लेकिन इस तकनीकी विकास के बावजूद, युद्ध का मूल स्वरूप नहीं बदला है-वह अब भी मौत, तबाही और विनाश लेकर आता है। रूस और यूक्रेन के इस युद्ध ने दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाया है। अरबों डॉलर युद्ध सामग्री पर खर्च हो चुके हैं। रूस पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों से उसकी मुद्रा कमजोर हुई है और वैश्विक व्यापार में उसकी हिस्सेदारी कम हो गई है। वहीं, यूक्रेन की हालत और भी खराब है-उसकी अर्थव्यवस्था भी चौपट हो चुकी है। लाखों लोग शरणार्थी बन चुके हैं और बुनियादी सुविधाएं तक प्रभावित हो गई हैं। इस युद्ध ने यूरोप में भी ऊर्जा संकट को जन्म दिया है। गैस और तेल की आपूर्ति बाधित हुई है, जिससे दुनियाभर में ईंधन की कीमतें बढ़ गई हैं। इससे वैश्विक महंगाई दर में वृद्धि हुई है और गरीब देशों को इसका खामियाजा उठाना पड़ रहा है। इन हमलों ने प्राकृतिक संसाधनों को भारी नुकसान पहुंचाया है।

विस्फोटों से निकला धुआं, रसायन और भारी धातुएं मिट्टी और जल स्रोतों को प्रदूषित कर रहे हैं। वन्य जीवों का जीवन संकट में पड़ गया है और पारिस्थितिकी संतुलन भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे समय में जब दोनों देश अपने 'अहम' के कारण युद्ध समाप्त नहीं कर पा रहे हैं, तब वैश्विक समुदाय को एकजुट होकर मध्यस्थता करनी चाहिए। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शांति स्थापित करने के लिए कई बार वार्ता की पहल की है। भारत की छवि एक संतुलित राष्ट्र और वैश्विक मध्यस्थ के रूप में उभरी है। डोनाल्ड ट्रंप की कोशिशें सराहनीय हैं, लेकिन सिर्फ अमेरिका और भारत के प्रयास काफी नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ, चीन, अरब लीग जैसे संगठनों और देशों को भी कूटनीतिक प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। युद्ध को रोकना सिर्फ युद्धरत देशों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि पूरे विश्व की साझा जिम्मेदारी बन जाती है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि युद्ध का अंत कैसे संभव हो? सबसे पहले रूस और यूक्रेन के बीच सीधी बातचीत बहाल होनी चाहिए। मध्यस्थ के रूप में एक निष्पक्ष देश या समूह की भूमिका अहम हो सकती है। स्थायी सीजफायर की घोषणा की जाए और अंतरराष्ट्रीय निगरानी दल यह सुनिश्चित करें कि दोनों पक्ष इसका पालन करें।

युद्ध के दौरान हुए मानवाधिकार उल्लंघनों की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को दंड मिले, जिससे न्याय की भावना बहाल हो। युद्ध से प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए वैश्विक सहायता की व्यवस्था हो, खासकर यूक्रेन के लिए। यदि कोई पक्ष लगातार शांति प्रयासों को नजरअंदाज करे, तो संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक शक्तियां आर्थिक और कूटनीतिक दबाव बनाएं। रूस-यूक्रेन युद्ध एक गहरी वैश्विक चुनौती बन चुका है, जो यह दर्शाता है कि आधुनिक युग में भी सत्ता, क्षेत्र और अहंकार के कारण युद्ध संभव है। भविष्य के युद्धों में भले ही मिसाइलें तेज हो जाएं, ड्रोन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित हों, लेकिन युद्ध कभी समाधान नहीं हो सकता। इसकी कीमत हमेशा इंसानियत को चुकानी पड़ती है। इसीलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि वैश्विक समुदाय मिलकर इस युद्ध को रोके और एक स्थायी, न्यायसंगत और शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में आगे बढ़े। अब समय आ गया है कि युद्ध को इतिहास के पन्नों में बंद कर, संवाद, शांति और सहयोग की नई इबारत लिखी जाए। ■

# पृथ्वी पर इंसानियत क्यों हो रही शर्मसार ?





लेखक : वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

क्या इस पृथ्वी पर हम अपने लिए ही आए हैं अथवा दूसरों की भलाई के लिए भी। यह बात है तो बहुत गंभीर। अगर हम केवल अपने व अपने परिवार के हित के लिए जीवित हैं तो हम महा स्वार्थी हैं तब हम में तनिक भी दया भावना नहीं है। हर समय हम अपना ही हित सोचते रहेंगें। लोभ, मोह-माया के चक्रव्यूह में फंस कर रह जाएंगे और फिर इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना आसान ही नहीं, बल्कि असंभव भी है। कितना ही अच्छा समय था जब लोग परस्पर दुख-सुख सांझा करते थे। आवश्यकता पड़ने पर एक-दूसरे से आगे बढ़कर सबकी मदद करने के लिए तैयार रहते थे। अभी कोई अधिक समय नहीं हुआ होगा, बड़ी मुश्किल से तीन-चार दशक पहले का समय ही ले लीजिए। उस समय अगर अड़ोस-पड़ोस में किसी की मौत हो जाती थी, तो घर में कई दिन चूल्हा नहीं जलता था। घर के आसपास वाले ही दुखी परिवार और आए हुए रिश्तेदारों के चायपान व भोजन की व्यवस्था करते थे। मृतक देह को भी उचित रस्मों-रिवाजों के अनुसार ही अग्नि भेंट किया जाता था, पर आज समय ने इतनी करवट ले ली है कि अब मृतक देह के पास बैठने की फुर्सत किसी के पास भी नहीं है। मृतक देह अभी घर में ही पड़ी होती है, पारिवारिक सदस्य एवं सगे-संबंधी अपने-अपने कामों को तरजीह देते रहते हैं। समय इतनी तेजी से परिवर्तित हो गया है कि अब मृतक देह के पास बैठने का किसी के पास थोड़ा सा समय भी नहीं है।

बस, जल्दी-जल्दी संस्कार करके अपने छोड़े हुए कामों से निवृत्त होने के लिए उत्सुक रहते हैं। वे तुरंत अपने पड़ाव पर पहुंचना चाहते हैं। उन सभी को अपना काम ही प्यारा होता है। समस्त रिश्ते-नातों को पीछे छोड़कर वे अपना उल्लू सीधा करना ही उनका मकसद होता है। दरअसल, संबंध, नाते-रिश्तेदारियां आधुनिक समाज में महज दिखावा मात्र ही रह गया है। मतलब के संबंध, अगर गरज है तो बुला लिया नहीं तो दूर से ही नमस्कार। फेसबुक में क्या है? आप स्वयं ही अवलोकन कीजिए। सच आपके समक्ष आ जाएगा। मन में दुर्भावना को पनपने न दो। पुराने दशक की हम पुन: बात करते हैं। उस समय अगर किसी के घर विवाह होता था तो गली-मुहल्ले के सभी लोगों को चाव चढ़ जाता था। बारात का स्वागत अथवा बारात जाने के लिए सभी बड़े-बढ़ेरे परस्पर बैठकर विचार-विमर्श करते थे।

कई दिन पहले ही हलवाई को मिठाइयां तैयार करने के लिए घर में बिठा लिया जाता था। चारों तरफ खुशी का महौल होता था। दो मंजों को जोड़कर काफी दिन पहले ही लाउडस्पीकर लगा दिए जाते। लोग तब सभ्याचारक गीतों का आनंद उठाते थे। अब का समय ले लीजिए। इंसान के पास वक्त अपने लिए ही है। विवाह होते हैं पर सब कुछ रेडीमेड। अश्लील, असभ्य व गंदे गीतों की भरमार है। ऐसे गीत परिवार में मिल बैठकर नहीं सुने जा सकते। विवाह समय गीत-संगीत के नाम पर जो दृश्य होता है उससे हम सभी भली-भांति परिचित हैं। पेट की खातिर विवश लड़कियों को नचाया जाता है। मनाही के बावजूद शराब के साथ हथियार ले जाने का फैशन एक गंभीर बीमारी बनती जा रही है। नि:संदेह इस पर अकुंश लगाने के लिए सरकार कठोर कदम उठा भी रही है। अपनी मर्जी के डांस पर अपनी मर्जी का गाना लगवाना अपनी शान समझा जाता है। अगर इन युवाओं की बात न मानी जाए, तो वे मरने-मारने के लिए तैयार हो जाते हैं। हमारी इंसानियत किधर को जा रही है? इससे भी अधिक इंसानियत तब शर्मसार होती देखी गई जब हमारे सामने ही कोई लड़ाई-झगड़ा होता है और हम मूक बने बैठे रह जाते हैं। आसपास किसी को कोई दुख-तकलीफ हो तो हम उन्हें पूछते तक नहीं, क्योंकि सब को अपनी ही फिक्र है। सभी लोग अपने कार्यों में ही व्यस्त हैं। दूसरे को कौन देखे? एक-दूसरे की बात को उछाल-उछाल करते हैं। किसी की भी इज्जत का ख्याल नहीं रखा जा रहा।

निंदा -चुगली का चारों ओर बोलबाला है। आज के समय अधिकांशत: बालिकाओं को फुसलाने के मामले अपने लोगों द्वारा ही किए जा रहे हैं। उनके साथ दुराचार करते हैं। सगे-संबंधी, रिश्तेदार भी इंसानियत का ध्यान नहीं रखते। इसीलिए हम कह सकते हैं कि अब इंसान सच्चे अर्थों में इंसान नहीं रहा बल्कि वह भूखा भेड़िया बन चुका है। यह सब पश्चिमी सभ्यता व मोबाइल की बेहद गंदी, घटिया देन है। अश्लील सहित्य भी इसके लिए जिम्मेदार है। ऐसा सहित्य इंसान को किधर ले जाएगा? समूचा सहित्य अश्लील नहीं पर अफसोस इस बात का है कि हम अच्छा सहित्य पढ़ना ही नहीं चाहते।

अत: देखिए दोष कहां है? बहुत ही चुभने वाली बात कहने जा रहा हूं। आधुनिक युवा वर्ग जो कि पूर्णत: नशाखोरी में डूबा हुआ है। कोई भी दोस्त-मित्र, स्नेही व गली-मुहल्ले वाले हमारी इस नशा ग्रस्त युवाओं को सही सेध नहीं दे रहे, बल्कि बहुतेरे ऐसे इंसान भी हैं जो दूसरों के बिगड़े बच्चों को देखकर खुश होते हैं पर दिखावे की हमदर्दी दिखाते हैं। क्या ऐसे लोग इंसान कहलवाने के हकदार हैं? यह सब झूठा खेल है। यह निरा प्रपंच है। यहां हमारा नैतिक फर्ज बनता है कि किसी न किसी तरीके से तालमेल करते हुए इस डूबती युवा पीढ़ी को बचाएं। प्रेम-प्यार में दिखावे न करो। ऐसा न हो कि समय हाथ से निकल जाए। यह आग हमारे घर में भी लग सकती है। इन नौजवानों के मां-बाप के कानों में यह बात अवश्य डालें कि अपने बच्चे को संभाल लो। संभालना या न संभालना उनकी मर्जी। हमने तो इंसानियत के नाते अपना फर्ज निभाना है। जब इंसानियत जागेगी हम अच्छे इंसान बनेंगे। अच्छे इंसान भाव अच्छे नागरिक ही एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। अगर हम चाहते हैं कि हम में पशुवृत्ति न रहे और हम अच्छे इंसान बनें, तो हमें परस्पर सुगठित होकर भाईचारा बनाना होगा। हरेक को अपना समझना होगा। अगर हम पढ़-लिखकर भी एक बढ़िया इंसान वाले गुण न अपना सके, तो इस पृथ्वी पर हमारा आने का मकसद कदापि पूरा नहीं होगा। यदि हमारे समक्ष कोई घायल व्यक्ति चीख-चिल्ला रहा है, मर रहा है तो हमारा नैतिक कर्तव्य है कि तुरंत उसे अस्पताल लेकर जाएं। हां, अगर आप घायल को अस्पताल ले जाने में असमर्थ हैं, तो दवाई-पैसे से भी यथासंभव/ यथोचित उस इंसान की सहायता कर सकते हैं। महज मोमबत्तियां जगाकर व फोटो खिंचवा कर इंसानियत जिंदा नहीं रहेगी। इसलिए हमें तन-मन, लगन व मेहनत ईमानदारी से सब की मदद हेतु आगे आना पड़ेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# साइकिल स्वच्छ व पर्यावरण के अनुकूल परिवहन साधन



लेखक : योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार




एक समय ऐसा था जब लोग मीलों दूर का सफर भी पैदल अथवा बैलगाड़ियों के माध्यम से कई-कई दिनों में पूरा किया करते थे।

साइकिल के आविष्कार ने लोगों की दुनिया ही बदल डाली। साइकिल ने लोगों के लिए मीलों दूर का सफर भी आसान बना दिया। कुछ दशक पूर्व तो बहुत से छात्र स्कूल तक पहुंचने के लिए भी मीलों दूर का सफर साइकिल से ही तय किया करते थे। हालांकि वह ऐसा दौर था, जब साइकिल को आमतौर पर निर्धनता का प्रतीक समझा जाता था और साइकिल को गरीब तथा मध्यम वर्ग के यातायात का ही अहम हिस्सा माना जाता था। तब खासकर मजदूर वर्ग के लोग, दूध वाले इत्यादि ही साइकिल पर दिखते थे। साइकिल की कीमत तब ज्यादा नहीं होती थी और प्राय: एक ही जैसी साइकिलें बाजार में मिलती थी, लेकिन समय के साथ बदलती तकनीक के दौर में साइकिलें भी हाईटेक होती गईं और आज बाजार में कुछ हजार से लेकर लाखों रुपए तक की साइकिलें उपलब्ध हैं। समय के साथ साइकिल की उपयोगिता और महत्व भी बदलता गया है और आज के आधुनिक दौर में साइकिलें अधिकांशत: व्यायाम अथवा शारीरिक फिटनेस के तौर पर प्रयोग की जाती हैं।

आज के जमाने में लोग घंटों साइकिल चालकर इससे सेहत और वातावरण को पहुंचने वाले फायदों के बारे में जागरूकता फैलाते हैं। दुनिया के कई हिस्से आज भी ऐसे हैं, जहां साइकिल के जरिए ही एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाया जाता है। साइकिल का दौर 1960 से लेकर 1990 के बीच काफी अच्छा चला, लेकिन उसके बाद समय बदलता गया और साइकिल का चलन भी कम होता गया।

भारत का साइकिल उद्योग आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है और भारत साइकिल का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। साइकिल पर्यावरण के लिए यातायात का सबसे उत्तम साधन है, क्योंकि इसके उपयोग से डीजल-पेट्रोल का दोहन कम होने के साथ ही प्रदूषण स्तर भी कम होता है। साथ ही शरीर को स्वस्थ रखने में भी साइकिल महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साइकिल चलाने से न केवल पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा मिलता है, बल्कि यह व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक होता है। यही कारण है कि साइकिल की विविधता, मौलिकता और परिवहन के एक व्यापक और सहज साधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 03 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है।

अप्रैल 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हर साल 3 जून को यह दिवस मनाने की घोषणा साइकिल सवारी से मिलने वाले स्वास्थ्य, पर्यावरण और आवागमन के लिए सबसे सस्ता साधन इत्यादि को देखते हुए की थी।

दरअसल साइकिल का महत्व धीरे-धीरे घटता जा रहा था, तकनीक के विकास के साथ ही पेट्रोल-डीजल इत्यादि से चलने वाली गाड़ियों का उपयोग बढ़ने लगा और लोगों ने समय की बचत तथा सुविधा के लिए साइकिल चलाना बेहद कम कर दिया। इसीलिए साइकिल के उपयोग और जरूरत के बारे में बच्चों और अन्य लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व साइकिल दिवस मनाने की जरूरत महसूस की गई। चूंकि साइकिल स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन का साधन है, इसलिए दुनियाभर में साइकिल के चलन को बढ़ावा देने का सीधा सा अर्थ है वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कम करना क्योंकि साइकलिंग में स्वाभाविक शून्य उत्सर्जन मान होता है, इसीलिए यह कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कमी में बड़ा योगदान देती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**केंद्र** सरकार ने आखिर लंबे अर्से बाद जाति गणना करवाने का फैसला तो कर लिया, लेकिन अब बुद्धिजीवियों में इस बात को लेकर चर्चा होने लगी है कि क्या केंद्र ने वाकई सही काम किया है? दरअसल, जाति गणना एक ऐसा संवेदनशील और बहस का मुद्दा है, जिसकी चर्चा होना तो स्वाभाविक है। केंद्र ने जाति गणना करवाने की हामी भरकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है, जिसकी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से गहरी प्रासंगिकता है। भारत में पहली बार जाति आधारित गणना ब्रिटिश काल में 1881 में शुरू हुई थी, लेकिन पूरी और विस्तृत जाति गणना 1931 में हुई थी। उसके बाद, 1941 में भी जनगणना हुई थी, लेकिन इसी दारौन द्वितीय विश्व युद्ध हो गया, जिसकी वजह से जातियों के आंकड़े अधूरे रहे।

**अभिषेक कुमार, धर्मशाला**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती


# भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी

**तृप्ति** मुर्गंडे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं जो एकल और युगल खेलती हैं। तीन बार की उपविजेता रहने के बाद उन्होंने 2009 की राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी। वह सीनियर नेशनल डबल्स रनर अप और जूनियर नेशनल डबल्स चैंपियन भी थीं। तृप्ति पांच बार दक्षिण एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भी हैं, जिसमें 2004 और 2006 में एकल में दो बार शामिल हैं। वह अपने भ्रामक स्ट्रोक के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने एकल में छह अंतरराष्ट्रीय खिताब जीते हैं। वर्ष 2006 में मेलबर्न में तृप्ति मुर्गंडे ने टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता था। वह साइना नेहवाल के साथ मेलबर्न राष्ट्रमंडल खेलों में महिला युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंची थीं, लेकिन कांस्य पदक प्लेऑफ में हार गईं। वर्ष 2014 में अपनी सेवानिवृत्ति के बाद तृप्ति मुर्गंडे 2017 से अब तक भारतीय राष्ट्रीय बैडमिंटन टीम के लिए भारतीय बैडमिंटन संघ की चयनकर्ता होने के साथ-साथ 2017 से भारतीय बैडमिंटन टीम के लिए एक कोच भी हैं। उन्होंने एशियाई जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 1999 में 17 साल की उम्र में पहली बार भारत का प्रतिनिधित्व किया था ■



तृप्ति मुर्गंडे
जन्म : 3 जून, 1982

कविता



## अंदर का बच्चा

आकाश प्रिंस, गांव जौवा, डा. गैहरा

*हर इंसान के अंदर होता एक बच्चा,*
*जो अक्ल से उसे करता थोड़ा कच्चा।*
*आसमान की ऊंचाइयों की रहे उसे तलाश,*
*पर मजबूरियां करती उसे हर बार हताश।*
*दुनियादारी की रहती समझ उसे है थोड़ी,*
*ख्वाबों की चाहत से आत्मा उसने झिंझोड़ी।*
*जरूरी समझे वो भी रोटी, वस्त्र और मकान,*
*जिसे पाने में अक्सर लग जाए उसे थकान।*
*सिखाती सीख उसे बातें अच्छी और सच्ची,*
*उठ जाए तो फिर उसके मनमैल की अर्थी।*
*जब कर्म करने को व्यक्ति का मन शरमाए,*
*फिर हे व्यक्ति तू फल की चाह रखे फिर काहे।*
*जब देखा तो घनघोर तमस की गहराई में,*
*खूब ही सुंदर रोशनी की किरण लहराई है।*
*देखो अपना मटमैला मन और उसके खेल,*
*हर कहीं व्याकुलता की अब छटा मत बिखेर।*
*क्योंकि देख यह मन अभी थोड़ा कच्चा है,*
*अभी तो यह बच्चा है अभी तो यह बच्चा है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# प्रदेश के आउटसोर्स कर्मचारियों की परेशानी को समझे सरकार



लेखक : योगिंद्र पाल वालिया
डडौर, बल्ह जिला मंडी



हिमाचल सरकार के विभिन्न विभागों, निगमों, बोर्डों आदि कार्यालयों में आउटसोर्स कर्मचारियों की संख्या लगभग 46000 पहुंच गई थी, जो आज के दिनों में लगभग 35000 शेष है। इस व्यवस्था के तहत कर्मचारियों को ठेकेदार एजेंसियों व कंपनियों के माध्यम से नियुक्तियां देना वर्ष 2009 से शुरू हुआ था, जो आज तक चल रहा है। कर्मचारी तो सरकारी कार्यालयों में काम करते हैं, परंतु उनकी नियुक्तियां व वेतन कंपनियों द्वारा दी जाती है। संबंधित विभाग पहले कंपनियों को पैसे देते हैं और फिर कंपनियां अपनी कमीशन आदि काटकर नियुक्त कर्मचारियों को वेतन बांटती हैं।

इस व्यवस्था से सरकार को परेशानी नहीं होती है और कम पैसा खर्च किए सरकारी कार्य हो रहा है। कर्मचारी आवाज उठाएंगे तो नियोक्ता कंपनी के सामने, जिन्होंने नियुक्तियों दी हैं। कर्मचारी न तो अनुबंध पर है और न ही भविष्य में नियमित होंगे। विरोध करने पर नौकरी से बर्खास्त का डर अलग रहता है। आउटसोर्स पर तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के तहत नर्सिंग स्टाफ, लिपिकीय कर्मचारी, सुरक्षा कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, सफाई कर्मचारी आदि रखें गए हैं। कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन 10-12 हजार दिया जाता है, और वेतन वृद्धि, बीमा, ई पीएफ जैसी सुविधाओं से वह कर्मचारी वंचित रहता है।

इस वर्ग की शिकायतें रहती है कि वेतन समय पर नहीं मिलता। एक तरह से यह शोषण है। दो-चार वर्ष तक किसी को इस व्यवस्था के साथ नौकरी में रखा जा सकता है, लेकिन लंबे अरसे तक कम वेतन देकर तथा बगैर अन्य सुविधाओं के कार्य लेना कर्मचारियों से अन्याय है। लगभग 125 एजेंसियां सरकार के पास पंजीकृत हैं, जो यह ठेकेदारी की जिम्मेदारी संभालते हुए नियुक्तियां देती हैं। चुनाव से पहले प्रत्येक राजनीतिक दल सहानुभूति प्रकट करते हुए आउटसोर्स कर्मचारी वर्ग को आश्वासन तो देते हैं, परंतु परिणाम धरातल पर ज्यों के त्यों ही दिखते रहते हैं। 2009 से 2025 तक 16 वर्ष हो गए हैं।

कर्मचारी कम वेतन के कारण घर परिवार की जिम्मेदारी उठाने में असमर्थ दिखते हैं। अनेक बार विधानसभा में प्रश्न उठे हैं, परंतु कोरे आश्वासन ही दिखाई दिए। मार्च 2025 में आयोजित विधानसभा में सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ने चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार गंभीर है और कमेटी गठित है, जो मूल्यांकन कर रही है। जल्दी ही नियम बनाए जाएंगे। वर्ष 2021 में मातृत्व अवकाश, टीए व आकस्मिक अवकाश सुविधा इन कर्मचारियों को दी गई है, परंतु वेतन वृद्धि, सेवानिवृत्ति आदि प्रावधान अभी तय करने की जरूरत है। सरकार की तरफ से यह बयान भी आया था कि भविष्य में आउटसोर्स नीति को बंद किया जाएगा, परंतु हैरानी हो रही है कि आजकल जो प्री प्राइमरी में भर्तियां हो रही है उन्हें भी इसी व्यवस्था के तहत भरा जा रहा है।

इसमें विवाद नहीं है और न होना चाहिए, परंतु सरकार को एक मुश्त वेतन या फिर दो-तीन साल बाद बढ़ोतरी, उसके बाद नियमित और अन्य सुविधाएं रिटायरमेंट पर ग्रेच्युटी आदि पहले ही स्पष्ट कर देनी चाहिए। सरकारी खजाने में अधिक दबाव न बना रहे, उसके लिए अस्थायी तौर पर व्यवस्था उचित है, लेकिन लंबे समय तक सरकारी नौकरी के महत्व को समझते हुए कर्मचारियों को लाभ देना जरूरी है। सरकार ने भविष्य की नियुक्तियों के लिए अनुबंध की जगह प्रोबेशन पीरियड तय किया है, यह सरकार की पहल स्वागत योग्य है। यदि शिक्षा विभाग में पीटीए, पैरा टीचर, एमएससी आदि ढंग से रखें अध्यापकों को नियमित किया जा सकता है, तो आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए भी सरकार उचित नियम व्यवस्था बना सकती है। एक ही कार्यालय में एक ही वर्ग के कर्मचारियों में कोई अनुबंध, कोई नियमित, कोई दिहाड़ी दार, कोई आउटसोर्स पर कार्य कर रहा है, तो यह असमानता दिखती है। समानता की तरफ यदि इन नियुक्तियों को मोडा जाता है, तो सरकार की यह सराहनीय पहल मानी जाएगी। सरकार के समक्ष यह चुनौती पूर्ण कार्य है, परंतु उचित हल सरकार को ही निकालना पड़ेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देश में सवाल-जवाब ठीक नहीं



लेखक : संजय गोस्वामी
अणुशक्ति नगर, मुंबई



ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सवाल जवाब करना अब ठीक नहीं है 26/11/08 आतंकी हमले में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने क्या किया यह जग जाहिर है भारतीय सेना में विश्वास होना बहुत जरूरी है हाल ही में कांग्रेस के एक प्रवक्ता का बयान आया ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस की देश सेवा को लेकर जिसमें एक बात भी यही थी कांग्रेस की उपलब्धि को लेकर पंडित जवाहर लाल नेहरू ने गोवा को पुर्तगाल से मुक्त कराया, यह बात सही है, लेकिन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने गोवा की मुक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो 400 से अधिक वर्षों तक पुर्तगाली शासन के अधीन था। हालांकि नेहरू ने शुरू में गोवा को संघ में लाने के लिए कूटनीतिक रास्ते अपनाए, लेकिन पुर्तगाल द्वारा बातचीत करने से इनकार करने के कारण अंतत: सैन्य कार्रवाई हुई। 18-19 दिसंबर, 1961 को ऑपरेशन विजय के तहत भारतीय सेनाओं ने गोवा, दमन और दीव को सफलतापूर्वक मुक्त कराया और उन्हें भारत में एकीकृत किया,15वीं शताब्दी के अंत में पुर्तगाली हिंद महासागर में आए और भारत के दक्षिण-पश्चिमी तट पर पहुंचे, जहां पेड्रो अल्वारेस कैब्राल ने 1500 में कोच्चि में पहली यूरोपीय बस्ती की स्थापना की।

1503 में पुर्तगालियों ने कोच्चि में एक किला बनाया, जो भारत में उनका पहला किला था। 1503 से 1663 तक, कोच्चि पर पुर्तगालियों का शासन रहा। कोच्चि भारत में पुर्तगालियों का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र था जिसके लिए पुर्तगालियों ने केरल में, लेटिन और पुर्तगाली भाषाओं को बढ़ावा दिया, और प्रिंटिंग प्रेस की शुरुआत व्यापार के लिए की। पुर्तगालियों ने भारत में कई व्यापारिक केंद्र स्थापित किए, जैसे कि कालीकट, गोवा, दमन, दीव और हुगली आदि। जब मैं केरल के पल्लिपुरम शहर में गया, तो देखा कि 1503 में पुर्तगाली नाविकों द्वारा निर्मित, पल्लिपुरम किला या टोरे डी पलिपोराओ, भारत में अभी भी अस्तित्व में सबसे पुराना यूरोपीय किला है। वास्को डी गामा 1498 में मालाबार तट के उत्तरी भाग में कालीकट, जिसे अब कोझीकोड के रूप में जाना जाता है, पहुंचे। जमोरिन साम्राज्य की राजधानी, कालीकट ने पुर्तगाली नियंत्रण का प्रयास किया, विशेष रूप से व्यापार पर (जबकि अरब सदियों से अच्छी तरह से स्थापित थे)।

आगे दक्षिण में कोचीन का बंदरगाह शहर था (जिसे आज कोच्चि कहा जाता है), और पुर्तगाली एडमिरल पेड्रो अल्वारेस कैब्राल ने 1500 में जमोरिन के खिलाफ स्थानीय शासक के साथ गठबंधन किया, जिससे मार पिट की कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया उस समय लड़ने के लिए उनके पास टोप और रिवाल्वर थी और कोच्चि के राजा के पास सिर्फ तलवार और जो लड़ने के लिए था वो बारूदी अस्त्र नहीं था इसलिए वहां उनको हरा नहीं पाएं और पुर्तगाली ने व्यापारी दृष्टिकोण से वर्षों तक शासन किया जिसके कारण कोचीन पुर्तगाली संरक्षित राज्य बन गया।

कोचीन वास्तव में पुर्तगाली भारत की पहली राजधानी थी कोच्चि में वास्को दा गामा की कब्र भी थी, जब तक कि उनके अवशेष 1539 में पुर्तगाल को वापस नहीं कर दिए गए। कोचीन पहले से ही एक वैश्विक व्यापार केंद्र था, जो पुर्तगालियों के आने से बहुत पहले ही अरबों और चीनी दोनों को आकर्षित कर रहा था। इसके शासक को चीनी लोग केयिल के नाम से जानते थे, और 1400 के दशक में मिंग राजवंश के शाही दरबार ने कोचीन को जमोरिन से बचाने के लिए विशेष दर्जा भी दिया था। चीनी एडमिरल झेंग हे ने सम्राट यंगले से उपहार भी लाए थे। यहूदी व्यापारियों का एक बड़ा समुदाय भी थे और पुर्तगालियों के आने पर सेंट थॉमस ईसाइयों भी भी। पाकिस्तान एक आतंकवादी देश है जरूरत परी तो सभी देश वाशी भारत के लिया मर मिटने को तैयार है लेकिन दूसरे देश की दखल अंदाज़ी पसंद नहीं है ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर अमेरिका की दखल अंदाज़ी अच्छा नहीं है.भारत के मामले में दूसरे देश की दखल अंदाज़ी अच्छा नहीं है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ गरजे लोग

## रखोह में हिमाचल किसान सभा के बैनर तले प्रभावितों ने किया प्रदर्शन, सड़क किनारे एक घंटे तक बोला हल्ला

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमाचल किसान सभा के आह्वान पर एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ शुरू किए निरंतर धरने प्रदर्शनों के तहत सोमवार को रखोह में प्रदर्शन किया गया। चार साल से एनएच निर्माण कार्य से दिक्कतें झेल रहे लोगों ने पिछले कुछ दिनों से एनएच निर्माण कंपनी गावर, भारत सरकार के सड़क परिवहन व राजमार्ग विभाग व स्थानीय प्रशासन के खिलाफ सड़कों पर उतर कर आंदोलन शुरू कर दिया है।



रखोह में एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करते हुए प्रभावित।

रखोह में हिमाचल किसान सभा के बैनर तले पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। ये सभी प्रदर्शन यूनिट एक के अंतर्गत अवाहदेवी से पाड़छु तक 3 साल से बन रही सड़क से पेश आ रही समस्याओं को लेकर किए गए। अब अगले चरण में लौंगनी, बनाल, बनेहरडी और कुमाहरडा में सड़क पर प्रदर्शन किए जाएंगे। जिसकी रूपरेखा 4 जून को कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बाद तैयार की जाएगी। ये बात पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह किसान सभा के पूर्व चंद पराशर, अमृत लाल, बृज लाल शर्मा, मेहर चन्द गारला, बिहारी लाल दिनेश काकु और रणताज राणा ने रखोह में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कही।

### 20 तक रिटेनिंग दीवारें लगाने के बारे में हुआ लिखित समझौता

सुबह से ही एसडीएम और विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे इसलिए एक घंटे तक शांतिपूर्ण तरीके से सड़क किनारे धरना दिया गया। भूपेंद्र ने कहा कि प्रभावितों और उन्होंने एसडीएम को कई बार मांगपत्र दिए हैं और 20 मई को कंपनी पर मुकदमा दर्ज करने बारे मांगपत्र दिया है, क्योंकि बहुत से लोगों के घर गिरने वाले हैं और अवैध डंपिंग और घटिया किस्म का काम कछुआ चाल से चल रहा है, लेकिन प्रशासन इनके बजाये प्रदर्शन के लिए मजबूर लोगों पर मुकदमे दर्ज करने में लगा है। जिससे प्रशासन व कंपनी की मिलीभगत का प्रमाण सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि मौर्थ के प्रभारी इंजीनियर तन्मय महाजन ने कबूल किया है कि उन्होंने गावर कंपनी पर अभी तक एक करोड़ का जुर्माना लगाया है और क्वालिटी कंट्रोल का काम देख रही एलएम मालविया कंपनी ने भी कंपनी द्वारा किये जा रहे घटिया किस्म के निर्माण कार्य बारे भारत सरकार को सूचित किया है। रखोह में आयोजित प्रदर्शन के बाद हुए लिखित समझौते में 15 जून तक रखोह बाजार की सड़क पक्का करना, नालियां बनाने, तोड़े गए रास्तों को पुनर्निर्मित करने, घरों के पास 20 जून तक सुरक्षा दीवारें लगाने बारे सहमति बनी।

# ड्रग फ्री हिमाचल ऐप पर दें नशे की बिक्री या सेवन से संबंधित जानकारी: उपायुक्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मंडी** जिला में नशे पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस बेहतर कार्य कर रही है। जिला में जिला स्तरीय एनकार्ड (नार्को कॉर्डिनेशन समिति) का गठन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य एनडीपीएस एक्ट को प्रभावी ढंग से लागू करना है। यह जानकारी उपायुक्त अपूर्व देवगन ने सोमवार को पुलिस लाईन मंडी में समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने कहा कि मंडी को नशामुक्त करने के लिए पुलिस तथा संबंधित एजेंसियां बेहतर कार्य कर रही है व नशा तस्करी में संलिप्त लोगों पर कठोर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए समाज के प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।


नशा निवारण बैठक की अध्यक्षता करते डीसी मंडी अपूर्व देवगन।

उन्होंने कहा कि नशे की तस्करी तथा उसका सेवन करने वाले लोगों की जानकारी पुलिस को बेहिचक दी जा सकती है अथवा 'ड्रग फ्री हिमाचल ऐप' पर भी दी जा सकती है। सूचना देने वाले की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय रखी जायेगी।

उपायुक्त ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान को जन आंदोलन बनाना होगा, जिसके लिए जिला के सभी शिक्षण संस्थानों, महाविद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण तथा निजी शिक्षण संस्थानों में नियमित जागरूकता शिविर लगाकर विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा अध्यापकों को इस संवेदनशील विषय पर जागरूक किया जायेगा। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ मदन कुमार ने नशे की सप्लाई व डिमांड श्रृंखला को तोड़ने बारे अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रीतम बने हेड ब्वॉय, भारती वर्मा हेड गर्ल

**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान, रिवालसर।** यूनिटी पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिवालसर में हेड ब्वाम्य, हेड गर्ल व क्लास मॉनिटर के लिए चुनाव करवाए गए। इस प्रक्रिया में बच्चों द्वारा तीन सदसीय चुनाव आयोग का गठन किया गया था। कक्षा मॉनिटर के लिए चुनाव प्रक्रिया में कुल 346 मतदाता थे, जिसमें 299 मतदाताओं ने मतदान किया। इन चुनावों में सभी कक्षाओं से कक्षा मॉनिटर के लिए 49 प्रतिनिधियों ने भाग लिया व उनमें से 12 प्रतिनिधि विजेता रहे। हेड ब्वॉय के लिए चार प्रतिनिधिओं ने चुनाव में भाग लिया जिसमें प्रीतम शर्मा (12 वीं) से 117 मत प्राप्त कर हेड ब्वॉय ऑफ स्कूल व हेड गर्ल के लिए चार प्रतिनिधिओं ने चुनाव में भाग लिया जिसमें भारती वर्मा (12वीं) से 130 मत प्राप्त कर हेड गर्ल चुनी गई। अंत में प्रधानाचार्य डी. डी. शर्मा ने विजेताओं को बधाई दी तथा उनको उनके दाइत्वों से अवगत करवाया।

### लोक लेखा समिति 6 को मंडी प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक आयुक्त मंडी कुलदीप पटियाल ने सोमवार को बताया कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति 6 जून को सभापति अनिल शर्मा की अगुवाई में मंडी प्रवास पर रहेगी। समिति में सदस्यों के रूप में विधायक डॉ हंस राज, बलबीर सिंह वर्मा, संजय रत्न, जीत राम कटवाल, इंद्र सिंह, डॉ. जनक राज, मलेन्द्र राजन, केवल सिंह पठानिया, कैप्टन रणजीत सिंह तथा कमलेश ठाकुर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लोक लेखा समिति सभापति अनिल शर्मा की अध्यक्षता में दोपहर बाद 3 बजे मंडी में जिला अधिकारियों के साथ एक बैठक करेगी।

### रिवालसर में निकाली नशा मुक्त भारत रैली

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, रिवालसर की संचालिका का बीके. सुनीता की अगुआई में चौक क्षेत्र में एक भव्य 'नशा मुक्त भारत' रैली का आयोजन किया गया। इस विशेष रैली में नगरवासियों, बच्चों, युवाओं एवं वरिष्ठ जनों ने उमंग, उत्साह और संकल्पशक्ति के साथ भाग लिया। रैली का उद्देश्य समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के प्रति जनजागरूकता फैलाना तथा एक स्वस्थ, सदाचारी और नशामुक्त भारत के निर्माण हेतु सकारात्मक संदेश देना था। यह रैली न केवल शारीरिक स्वास्थ्य की बात करती है, बल्कि आत्मिक शुद्धता और आंतरिक संकल्प-शक्ति को भी जागृत करने का संदेश देती है। ब्रह्माकुमारी संस्था के इस प्रयास की सभी ने सराहना की।

### सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जहल के देवीदढ में 4 जून को सुबह 10 बजे 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसकी अध्यक्षता लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह करेंगे। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि देवीदढ में आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम में आस-पास की 8 ग्राम पंचायतों जहल, कांढी कमरूनाग, धिस्ती, लोट, तुना, शाला, चच्योट तथा नौण के लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।

### नहीं रहे मशहूर चित्रकार सोहनलाल डोगरा

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** हिमाचल के सुप्रसिद्ध चित्रकार और राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त सोहनलाल डोगरा का सोमवार को निधन हो गया। सोहनलाल डोगरा ख्यात चित्रकार और शिक्षाविद होने के साथ साथ स्टेज कलाकार, गायक, अभिनेता,पाक कला में निष्णांत थे। इनकी कला के दर्शन उनके गृह निर्माण, रसोईघर, ड्रांइग रूम, शयन-कक्ष प्रांगण, वाटिका समस्त में उनकी कलात्मक सोच स्पष्ट दर्शन होते हैं। उनके मित्र कमल राणा ने बताया कि वह प्रतिदिन प्रातः उनसे मिलने आते हैं, आज भी साढ़े आठ बजे डोगरा के पास थे। वह मुस्कराते व बीच बीच में हल्के से हंस देते थे। नौ बजे अमर्तभवन चले गए। सुप्रसिद्ध लेखक कृष्ण महादेविया, पवन चौहान, भगत शेरडवाल, क्षत्रिय संघ सुंदर नगर के अध्यक्ष विजय, सचिव विनोद ने शोक व्यक्त करते कहा कि सोहनलाल डोगरा उत्कृष्ट बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे।

### फुटाखल मंदिर में गायत्री महायज्ञ 5 को

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र के फुटाखल मंदिर में वर्षा की देवी माता नौणी भगवती अठारह करडू फुटा बनखल में 5 जून को एक दिवसीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत कुफरी के उपप्रधान ओम प्रकाश ठाकुर ने बताया कि गायत्री महायज्ञ में क्षेत्र के विद्वान पंडित केवल कृष्ण शर्मा और उनकी टीम द्वारा मंत्रोउचारन से किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस दिन विशेष भंडारे का भी आयोजन किया जायगा। उन्होंने कहा कि वर्षा की देवी नौणी भगवती का फुटाखल में भव्य मंदिर बनाया गया है और लोग वारिश के लिए माता के मंदिर में हाजिरी लगाते है। माता खुश होकर बारिश देती है। उन्होंने कहा कि गायत्री महायज्ञ के सम्पन्न होने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि केवल कृष्ण शर्मा का सहयोग हर बार क्षेत्र के सभी मंदिरों में रहता है।

### ड्राइविंग टेस्ट 5 और 19 जून को होंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वाहन पंजीयन व अनुज्ञापन अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी रूपिन्दर कौर ने बताया कि वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन (एसडीएम) कार्यालय सदर मंडी के अंतर्गत 5 व 19 जून को छोटा पड्डल मैदान में बैडमिंटन कोर्ट के सामने की सड़क पर ड्राइविंग टेस्ट लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थी ड्राइविंग टेस्ट के लिए अपने फार्म फोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर फाइल के साथ लाना सुनिश्चित बनाएं। बिना फोटो, बिना फाईल तथा अधूरे फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

### मंडी जिले में 'कमाल का कैंप' अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से मंडी जिला में पांचवी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए 'कमाल का कैंप' अभियान चलाया जा रहा है, जिसका शुभारंभ आज उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने अभियान से संबंधित कलैंडर का विमोचन करते हुए किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि जिला में पांच सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक स्तर पर बच्चों को पढ़ने और गणित की क्षमताओं को और अच्छे से मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आज से पूरे मंडी जिला में आरंभ हो गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त दसवीं पास कोई भी युवा, जिनके पास स्मार्ट फोन हो, स्वेच्छा से इस कार्य को कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें अपने समीप के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क करना होगा। उन्होंने बताया कि इन स्वयंसेवकों को प्रशासन द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। उपायुक्त ने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे इन शिविरों में अपने बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि कमाल के कैंप में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों से बच्चों की शिक्षा की नींव और मजबूत हो सके। उन्होंने बाल विकास, पंचायती राज तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से भी इस कैंप को सफल बनाने के लिए इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ0 मदन कुमार, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के जिला समन्वयक विजय जमवाल सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# विश्राम गृह में शरारती तत्वों ने की तोड़फोड़

## प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी ने मामला दर्ज करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान, धर्मपुर

**धर्मपुर** विस क्षेत्र के सकलाना जल शक्ति विश्राम गृह में शरारती तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। इसके ऊपर अपनी बात रखते हुए प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी रजत ठाकुर ने कहा कि धर्मपुर विस क्षेत्र में हर विश्राम गृह में यह हाल बने हुए हैं और कांग्रेस के छुटभैया नेता हुड़दंग मचाकर सरकारी संपति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने तुंरत इस पर कार्रवाई करने की प्रशासन व जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से मांग की है।


जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह में शरारती तत्वों की ओर से की गई तोड़फोड़।

उन्होंने कहा कि सकलाना में जल शक्ति विभाग का विश्राम गृह पूर्व भाजपा सरकार में जल शक्ति मंत्री रहे ठाकुर महेंद्र सिंह ने बनवाया है और अब इनको नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जल शक्ति विभाग इस पर मामला दर्ज नहीं करवाता है तो फिर इसके खिलाफ भाजपा सड़कों पर उतरने के मजबूर हो जाएगी जिसकी पूरी जिम्मेवारी प्रदेश सरकार, प्रशासन व जलशक्ति विभाग की होगी। उन्होंने प्रदेश के सीएम सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से तुंरत कार्रवाई करने की मांग की है।

जब इसके बारे में जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता ई. कमल कुमार ने कहा कि विभाग इसका मामला दर्ज करवाएगा और जो भी दोषी होगा उसको बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना दोबारा न हो इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है ।

# शालानाला में वोल्वो यात्री से 50 ग्राम हेरोइन बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मंडी के अंतर्गत पुलिस थाना औट की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मंडी-कुल्लू हाइवे पर शालानाला में नाकाबंदी के दौरान एक वोल्वो बस यात्री से 50 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एएसआई राजन कुमार पुलिस टीम सहित रूटीन नाकाबंदी पर शालानाला में मौजूद थे। इसी दौरान मंडी से मनाली की ओर जा रही एक बोल्वो बस नंबर एएस-01 क्यूसी-5938 केटीसी को जांच के लिए रोका गया। पुलिस टीम जब बस की जांच के दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर घबरा गया। जिससे पुलिस को शक हुआ। पूछताछ पर उस व्यक्ति ने अपना नाम संदीप (39) पुत्र गुलशन बासुदेव निवासी गांव बदाह डाकघर मौहल तहसील एवं जिला कुल्लू बताया। संदीप ने बस की ऑनलाइन टिकट और सीट की बुकिंग अपने मोबाइल फोन पर दिखाई। संदेह के आधार पर जब संदीप के बैग की तलाशी ली गई तो बैग से 50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर एफआईआर दर्ज कर लिया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू को हो गया है जयराम फोबिया: इंद्र सिंह गांधी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**भाजपा** के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर तिखा हमला बोलते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर प्रदेश की जनता की आवाज को मजबूती से उठाते हैं। यह बात कांग्रेस के मुख्यमंत्री और नेताओं को रास नहीं आ रही। इसी कारण बार-बार नेता प्रतिपक्ष पर सुक्खू और कांग्रेस नेता झूठी टिप्पणियां करने से बाज नहीं आते है।



बल्ह के विधायक ने कहा कि विमल नेगी मौत मामले में सरकार की नियत में पहले से ही खोट नजर आ रहा है। जब से हाईकोर्ट में विमल नेगी मौत मामले में सीबीआई की जांच के लिए बोला है, मुख्यमंत्री पूरी तरह से बौखला गए हैं और इसी बौखलाहट में बार-बार वह जयराम के ऊपर टिप्पणी कर रहे है। मुख्यमंत्री इस तरह से बौखला गए हैं कि वह हाईकोर्ट के फैसलों को लेकर भी सवाल उठा रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को जनता को बताना चाहिए कि एक एसपी रैंक का अधिकारी खुद को सरकार से ऊपर मानते हुए हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने व्यक्तिगत रूप से एलपीए फाइल करने हाईकोर्ट कैसे पहुंच गए, जबकि मुख्यमंत्री ने कहा था कि वह इस फैसले को हाईकोर्ट मे चुनौती नहीं देंगे। आजकल अधिकारी भी प्रदेश सरकार और हाईकोर्ट की नहीं सुन रहे है।

# करसोग की महिलाएं सीखेंगी सुगंधित पौधों की खेती के गुर

लक्की शर्मा, अनंत ज्ञान

### 30 महिलाओं का दल थुनाग के लिए रवाना

**करसोग।** उद्यान विभाग की महक योजना के तहत वित पोषित सुगंधित पौधों की खेती पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए करसोग क्षेत्र की लगभग 30 महिलाओं का समुह उद्यानिकी एवं वानिकी विद्यालय थुनाग के लिए सोमवार को रवाना हुआ।

इस दल का नेतृत्व डॉक्टर विजय कुमार उद्यान विकास अधिकारी करसोग कर रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन उद्यान एवं वानिकी विद्यालय थुनाग में 2 से 6 जून तक किया जा रहा है। विषय विशेषज्ञ उद्यान डॉ. चमेली नेगी ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में सुगंधित पौधों की पहचान,वैज्ञानिक खेती के तरीके, नर्सरी तैयार करना, भूमि तैयार करना, रोपण सिचाई और किट व रोग प्रबंधन सहित आधुनिक खेती तकनीकों पर जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि महिलाओं को कटाई और उसके बाद का प्रबंधन, उचित सुखाने, भंडारण व प्रारंभिक प्रसंस्करण विधियों को भी सिखाया जाएगा। महिलाओं के इस 30 सदस्यीय दल में पांगणा, मांहूनाग, ग्वालपुर, चोरीधार, खन्योल बागड़ा इत्यादि क्षेत्रों की महिलाएं शामिल हैं जिन्हें डॉ .चमेली नेगी विषय विशेषज्ञ उद्यान ने करसोग ने रवाना किया। डॉ. चमेली ने कहा कि महिलाओं को इस विषय में गंभीरता से सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा सुगंधित पौधों की खेती करने के लिए सब्सिडी भी प्रदान की जाती है।

# सुंदरनगर कैंपस को बंद करने का विरोध तेज

## व्यापार मंडल ने सीएम को भेजा ज्ञापन, वैकल्पिक व्यवस्था की उठाई मांग

अनंत ज्ञान, मंडी

**सरदार** पटेल विश्वविद्यालय एसपीयू के सुंदरनगर कैंपस को बंद करने के सरकारी निर्णय का विरोध तेज हो गया है। इसी कड़ी में सुंदरनगर व्यापार मंडल ने इस फैसले के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सोमवार को एक ज्ञापन भेजा है। यह ज्ञापन मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन के माध्यम से प्रेषित किया गया है।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि एसपीयू कैंपस का बंद होना जनहित में अनुचित और शिक्षा क्षेत्र के लिए नुकसानदायक कदम है। उन्होंने सरकार द्वारा क्लस्टर यूनिवर्सिटी के भवन को एमएलएसएम कॉलेज को सौंपे जाने के निर्णय का स्वागत किया, लेकिन साथ ही यह स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय के


सुंदरनगर व्यापार मंडल के सदस्य उपायुक्त अपूर्व देवगन को ज्ञापन सौंपते हुए।

वर्तमान भवन को पधर व बासा के कॉलेजों में स्थानांतरित करने का फैसला किसी भी दृष्टिकोण से तर्कसंगत नहीं है।

व्यापार मंडल ने मांग की है कि एसपीयू कैंपस के संचालन के लिए सुंदरनगर में ही कोई वैकल्पिक स्थान शीघ्र उपलब्ध कराया जाए, जिससे छात्रों और कर्मचारियों को असुविधा न हो। प्रतिनिधिमंडल ने सुझाव दिया कि सुंदरनगर में कई ऐसे सरकारी भवन मौजूद हैं, जिनका प्रयोग विश्वविद्यालय कैंपस के रूप में किया जा सकता है। इसके साथ ही, उन्होंने एमएलएसएम कॉलेज प्रबंधन से अनुरोध किया है कि जब तक स्थायी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक अस्थायी रूप से कॉलेज परिसर में ही विश्वविद्यालय को संचालित करने की अनुमति दी जाए।

# इन्नर व्हील क्लब ने दी जिला अध्यक्ष को फेयरवेल पार्टी

**विनोद, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** इन्नर व्हील क्लब की जिला अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने पर इनर व्हील क्लब मंडी व सुकेत की कार्यकारिणी ने नेरचौक में एक फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि समारोह में उपस्थित हुईं। जिला अध्यक्ष मनमोहन सूरी के अलावा इनर व्हील क्लब मंडी की अध्यक्ष सोमा राणा, सचिव मृदुला ठाकुर, कोषाध्यक्ष बीना राणा, एडिटर नीरज शर्मा, क्लब पैटर्न सुप्रीता कपूर, एडवाइजर सरिता पाठक एवं सुकेत की अध्यक्ष सुमन सैनी, सचिव निशि गौतम, कोषाध्यक्ष रुक्मणी शर्मा, एडिटर अनीता वैद्य, एडवाइजर इंदिरा शर्मा व क्लब पैटर्न अमित राणा भी उपस्थित रहे। इनर व्हील क्लब जिला अध्यक्ष मनमोहन सूरी का कार्यकाल जुलाई 2025 को पूरा होने जा रहा है।

# नौकरी चाहिए तो 6 को पहुंचें सरकाघाट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस शाखा सरकाघाट में डेवलपमेंट मैनेजर व बिजनेस एसोसिएट के 10 पदों को नियमित आधार पर भरने व इंश्योरेंस एडवाइजर के 50 अस्थाई पदों को भरने जा रही है। सरकाघाट उप रोजगार प्रभारी सुमित शर्मा ने बताया कि बैंक द्वारा रोजगार कार्यालय को भेजे मांगपत्र के अनुसार उक्त पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन व पूर्व सैनिकों के लिए जमा दो पास व आयु सीमा 23 से 45 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में दर्ज होना चाहिए। नियोक्ता के द्वारा चयनित आवेदकों को 25 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार 6 जून को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक अपने सभी मूल प्रमाण पत्र सहित रोजगार कार्यालय सरकाघाट में साक्षात्कार के लिए उक्त नियोक्ता के समक्ष उपस्थित हो।

# पैराडाइज स्कूल सुंदरनगर के छात्र अर्जुन का एचसीएल टेकबी अर्ली करियर प्रोग्राम में चयन

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** पैराडाइज पब्लिक स्कूल सुंदरनगर के लिए यह गर्व का क्षण है कि इस विद्यालय के होनहार छात्र अर्जुन का चयन देश के एक अग्रणी और प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान एचसीएल टेकबी अर्ली करियर प्रोग्राम में हुआ है। अर्जुन ने हाल ही में 12वीं कक्षा की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है और अब वे सीधे इस उच्च स्तरीय उद्योगोन्मुखी कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे।

बता दें कि एचसीएल टेकबी अर्ली करियर प्रोग्राम एक विशिष्ट और अत्यंत प्रतिस्पर्धी पहल है, जिसका उद्देश्य कक्षा 12वीं के बाद प्रतिभाशाली छात्रों को आईटी और सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री के लिए प्रशिक्षित करना है। यह कार्यक्रम शिक्षा, कार्य और आय का अनोखा संयोजन प्रस्तुत करता है, जिसमें छात्र न केवल उच्च शिक्षा प्राप्त


एचसीएल टेकबी अर्ली करियर प्रोग्राम में चयनित छात्र को मिठाई खिलाते हुए।

करते हैं, बल्कि एचसीएल जैसी शीर्ष कंपनी में कार्य अनुभव भी प्राप्त करते हैं और साथ ही साथ उन्हें आर्थिक आत्मनिर्भरता भी प्राप्त होती है। अर्जुन का चयन इस कार्यक्रम में होना उनकी अथक मेहनत, निष्ठा और निरंतर लगन का परिणाम है। इस उपलब्धि के पीछे उनके शिक्षकों की मार्गदर्शना, परिवार का समर्थन और स्कूल के प्रेरणादायक वातावरण की भी अहम भूमिका रही है। इस गौरवपूर्ण क्षण पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद, अध्यक्ष जय सिंह सहित सभी ने अर्जुन को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानाचार्य प्रकाश चंद, अध्यक्ष जय सिंह ने कहा कि विद्यालय में अर्जुन की इस सफलता ने अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है कि यदि संकल्प मजबूत हो और दिशा सही हो तो किसी भी लक्ष्य को हासिल करना संभव है।

# टिक्करी सिध्यानी में चौथी राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन स्पर्धा शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

### मुख्यातिथि अश्वनी ठाकुर ने किया उद्घाटन

### 15 टीमों के 120 खिलाड़ी ले रहे भाग

**टिक्करी** सिध्यानी में चौथी राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक अश्वनी ठाकुर ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। बॉल बैडमिंटन संघ के प्रधान बीएल गोयल व महासचिव केसी ठाकुर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और उन्हें खिलाड़ियों से मिलवाया। साथ ही संघ की उपलब्धियों की जानकारी दी।

बीएल गोयल व केसी ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में 9 टीमों के 72 खिलाड़ी तथा लड़कियों के वर्ग में 6 टीमों की ओर से 48 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सोमवार को खेले गए मुकाबलों में लड़कों के वर्ग में कुल्लू ने चंबा को, हमीरपुर ने शिमला को, मंडी ने बिलासपुर को तथा ऊना ने सोलन को हराया। लड़कियों के वर्ग में कांगड़ा ने शिमला को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इस अवसर पर दीपक शारदा, सुरेश कुमार, संतोष, सौरभ पराशर, राजेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, मदन ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, टीना शर्मा और नर्वदा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**निपटारा** | मंडी जिले में कुल 19 राजस्व अदालतें आयोजित, सर्वाधिक इंतकाल के 27130 मामले निपटाए

# मई माह में राजस्व अदालतों में निपटाए 1239 मामले

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** मंडी जिला में अक्तूबर, 2023 से मई, 2025 तक कुल 19 राजस्व अदालतें आयोजित की जा चुकी हैं। जिला में आयोजित राजस्व अदालतों में इंतकाल के 27130, तकसीम के 881, निशानदेही के 810 तथा राजस्व दुरुस्ती के 302 मामलों का निपटारा किया गया। राजस्व अदालतों के आयोजन से जिला में मामलों के निपटारे को गति मिली है तथा काफी समय से लम्बित राजस्व मामलों की संख्या में भी आशातीत कमी आई है।

गत 30 मई एवं 31 मई को जिला में तहसील व उप-तहसील स्तर पर आयोजित राजस्व अदालतों में कुल 1239 मामलों का निपटारा किया गया। इनमें इंतकाल के 1088, तकसीम (हुकमी एवं खानगी) के 47, निशानदेही के 71 व राजस्व दुरुस्ती के 33 मामले शामिल हैं। इन मामलों को मिलाकर जिला में गत मई माह में इंतकाल के कुल 3303, तकसीम के 259, निशानदेही के 594 तथा राजस्व दुरूस्ती के 126 मामले निपटाए गए।



लोगों के राजस्व संबंधी मामलों को निपटाते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन।

करसोग क्षेत्र के नांज गांव के चुन्नी लाल ने कहा कि पहले लोगों को अपने राजस्व संबंधी कार्यों के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे। अब वर्तमान प्रदेश सरकार ने राजस्व अदालतों का आयोजन कर लोगों को सुलभ सेवाएं घर के पास ही सुनिश्चित की हैं। इसके लिए वह सीएम सुक्खू का आभार व्यक्त करते हैं।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि प्रदेश सरकार की पहल पर राजस्व मामलों के समयबद्ध निपटारे के लिए जिला में सभी राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। राजस्व अदालतों के आयोजन से इस कार्य में गति आई है और लोगों को घर-द्वार के पास ही सुविधा दी जा रही है।

### आसानी से पूरा हुआ कार्य: सरोज कुमारी

**जोगेंद्रनगर** क्षेत्र के हराबाग गांव की सरोज कुमारी ने बताया कि उनका तकसीम से संबंधित कार्य चल रहा है। राजस्व अदालत के माध्यम से यह कार्य आसानी से पूरा हो गया, जिसके लिए वह प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करती हैं।

### घर-द्वार पर मिली बेहतर सुविधा: तिलक

**सुंदरनगर** क्षेत्र के तिलक राज ने बताया कि राजस्व अदालत के रूप में लोगों को घर-द्वार पर राजस्व मामले निपटाने की बेहतर सुविधा मिली है। उनके इंतकाल संबंधी कार्य का राजस्व अदालत में निपटारा किया गया।

# 35 छात्रों ने लिया मनाली की वादियों में साहसिक प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर, मंडी के 35 विद्यार्थियों ने 21 मई से 30 मई तक आयोजित साहसिक शिविर में भाग लेकर अद्भुत अनुभव प्राप्त किए। यह शिविर हिमाचल प्रदेश सरकार के अधीन Atal Bihari Vajpayee Institute of Mountaineering & Allied Sports, Manali द्वारा आयोजित किया गया था। इस साहसिक टूर में विद्यार्थियों ने रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, रिवर क्रॉसिंग, ट्रेकिंग, कैम्पिंग, जंगल क्राफ्ट, सर्वाइवल और लीडरशिप जैसी गतिविधियों में भाग लिया। उन्हें लगभग 70 किलोमीटर की ट्रेकिंग करनी पड़ी और 8750 फीट की ऊंचाई तक का सफर तय करना पड़ा। यह शिविर हिमालय की कठिन परिस्थितियों में आयोजित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### सेवा संकल्प के रूप में मनाया राजेश का जन्मदिवस




**अनंत ज्ञान, गगरेट।** विधानसभा क्षेत्र गगरेट के पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा सचिव राजेश ठाकुर का जन्मदिवस सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा संकल्प के रूप में मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी में हवन यज्ञ में आहूतियां डालकर प्रदेश सहित संपूर्ण देश के कल्याण की कामना की तो जगह-जगह ठंडे पानी की छबीलें लगाकर राजेश ठाकुर के जन्मदिवस को सेवा संकल्प के रूप में मनाया। यही नहीं बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सिविल अस्पताल गगरेट में मरीजों को फल वितरित किए। नगर पंचायत गगरेट के अध्यक्ष अनिल कुमार नीलू, रोहित लखनपाल, पवन कुमार, ब्रह्म सिंह, उपनीश राजपूत, संजीव ठाकुर, दिलावर सिंह, संजीव संधू, लाडी प्रधान, जस्सी प्रधान रमन ठाकुर जानी, अमन सांख्यान, राजेश ठाकुर, भाजयुमो अध्यक्ष सन्नी पटियाल सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि पूर्व विधायक राजेश ठाकुर सदैव दीन दुखियों की आवाज बनकर खड़े रहे हैं, यही वजह है कि आज भाजपा कार्यकर्ता उनके जन्मदिवस को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मना रहे हैं।

### मलांगड़ के युवक मंडल अमरेहड़ा ने लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में भीषण गर्मी में जहां एक ओर लोग घरों में कैद हैं, वहीं दूसरी ओर मलांगड़ के युवक मंडल अमरेहड़ा ने समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए सोमवार को ठंडे पानी की छबील लगाई। इस सेवा कार्य के अंतर्गत राहगीरों को न केवल शीतल पेयजल उपलब्ध करवाया गया, बल्कि उन्हें ताजे मौसमी फल भी वितरित किए गए। वहीं, स्थानीय नागरिक राजेंद्र मलांगड़ ने बताया कि युवक मंडल अम्बरेडा की यह पहल समाज में सकारात्मक सोच और सेवा भावना को बढ़ावा देने का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है। इस मौके पर कुटलैहड़ क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भी अचानक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। बही मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने उनका स्वागत किया। बही दविंदर कुमार भुट्टो ने युवक मंडल की इस सामाजिक पहल की सराहना की।

### श्रद्धालुओं को सत्य मार्ग पर चलने की दी प्रेरणा

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब के तहत पंचायत पंजोआ लडोली के डेरा बाबा आत्म पूरी आश्रम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 जून को स्वामी नारायण पूरी जी महाराज की अध्यक्षता में एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश सहित पंजाब, हरियाणा, और जम्मू-कश्मीर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार सुबह श्री रामायण पाठ से हुआ जिसका रविवार को भोग डालने के बाद सत्संग शुरू हो गया। बीते कल अन्य राज्यों से आए भजन गायकों ने पूरा दिन भजन गाकर बाहर से आए भक्तों के भगवान से जोड़े रखा। आज सुबह विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हवन डाला गया। इसके पश्चात स्वामी नारायण पूरी जी ने धर्म, भक्ति और जीवन मूल्यों पर प्रेरणादायक प्रवचन दिए। प्रवचनों के माध्यम से उन्होंने श्रद्धालुओं को सत्य, सेवा और संयम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर गांव के युवा मोर्चा के विकास शर्मा, विवेक प्रधान, अधिवक्ता अनिल शर्मा व अमित शर्मा ने अपने साथियों सहित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखा।

### पंप परिचालक को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के जलशक्ति विभाग में पंद्रह वर्षों सेवाएं देने के उपरांत पंप परिचालक सुरेंद्र कुमार को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए एक समारोह में सम्मानित किया गया। विभागीय परिसर में हर्षोल्लास के साथ सहयोगियों ने उन्हें सम्मान दिया। इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुरेंद्र कुमार के सेवा-काल को यादगार बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। समारोह में सहायक अभियंता अशोक शर्मा ने सुरेंद्र कुमार के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार ने अपने सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि, 'मैं अपने कार्यकाल के दौरान जल शक्ति विभाग के सभी अधिकारियों ही ही और कर्मचारी का स्नेह देने का आभारी हूं।

### डीए व पे- एरियर का जल्द हो भुगतान : संघ

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला ऊना ने सरकार से डीए व उसके एरियर के जल्द भुगतान करने की मांग रखी है। संघ के अध्यक्ष शशि सैनी व महासचिव संजीव कुमार ने संयुक्त वक्तव्य में कहा है कि जहां केंद्र सरकार आठवां वित्त आयोग लागू करने जा रही है, वहीं हमारे राज्य में डीए की चार किस्तें लंबित पड़ी हैं व पांचवी किस्त पहली जुलाई से बकाया हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हिमाचल दिवस के अवसर पर पहली जून से 3 दिए देने की घोषणा की थी, जिसकी अभी तक अधिसूचना भी जारी नहीं हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू से कर्मचारियों के हक में डीए व पे-एरियर के जल्दी भुगतान करने का अनुरोध किया है। संघ का यह भी कहना है कि बहुत सारे विद्यालयों में प्रधानाचार्य के पद रिक्त पड़े हैं जिससे प्रशासनिक कार्य बाधित हो रहे हैं व बच्चों की पढ़ाई पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला ऊना ने मांग की है कि प्रधानाचार्य पदोन्नति की सूची भी जल्द जारी की जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकुमार व मनजीत सोनी,वितसचिव राम कुमार , पूर्व अध्यक्ष विकास रतन ,पूर्व उपाध्यक्ष राकेश मल्होत्रा,वरिष्ठ प्रवक्ता राजन शर्मा,बिहारी लाल,केहर सिंह बैंस आदि उपस्थित थे।

## सरकार से मदद न मिलने पर बीडीसी सदस्य और समाजसेवी ने उठाया बीड़ा

# श्मशानघाट को अपने पैसे से बन रही सड़क

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



हटवाना श्मशानघाट तक सड़क निर्माण कार्य का आरंभ हो चुका है।

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की पीपलू पंचायत के हटवाना क्षेत्र के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने की ओर है। हटवाना श्मशानघाट तक सड़क निर्माण कार्य की बहुप्रतीक्षित शुरुआत हो चुकी है। इस कार्य को किसी सरकारी योजना या बजट से नहीं, बल्कि स्थानीय बीडीसी सदस्य और समाजसेवी राजकुमार मनकोटिया ने अपनी निजी आय से प्रारंभ किया है।

उन्होंने जेसीबी मशीन लगाकर लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क निकालने का कार्य आरंभ किया, जिससे अब क्षेत्र के दर्जनों गांवों को राहत मिलने की उम्मीद है। हटवाना श्मशानघाट से जुड़े पीपलू पंचायत और आसपास के कई गांव के लोग लंबे समय से अंतिम संस्कार के समय भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। सड़क सुविधा न होने के कारण अर्थियों को कंधों पर उठाकर कठिन रास्तों से श्मशा घाट तक ले जाना पड़ता था। बरसात या किसी आपात स्थिति में यह कार्य और भी चुनौतीपूर्ण हो जाता था। स्थानीय निवासी जनक सिंह, मुकेश कुमार, बलजीत सिंह, दिलबाग सिंह, दिनेश कुमार, सुरेश कुमार, तेजिंदर सिंह, विनोद कुमारसहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने राज कुमार मनकोटिया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जब कई बार पंचायत, प्रशासन और सरकार तक गुहार लगाने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला, तब उन्होंने यह मांग सीधे राजकुमार मनकोटिया के समक्ष रखी।

राजकुमार ने इसे जनसमस्या मानते हुए व्यक्तिगत खर्च पर सड़क निर्माण का बीड़ा उठाया। बीडीसी सदस्य राजकुमार मनकोटिया ने कहा कि मैं जनता की समस्याओं को लेकर हमेशा प्रयासरत रहता हूं। अगर सरकार या प्रशासन में कहीं सुनवाई नहीं होती, तो मैं स्वयं उन समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करता हूं। हटवाना श्मशान घाट तक सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतें हो रही थीं। इसलिए मैंने बिना देरी किए जेसीबी लगवाकर सड़क निकालने का कार्य शुरू किया।

राजकुमार मनकोटिया ने यह भी कहा कि श्मशानघाट तक सड़क पहुंचना केवल विकास नहीं, बल्कि मानवीयता और समाज के प्रति दायित्व है। बीडीसी सदस्य राजकुमार मनकोटिया की इस पहल ने प्रशासन और सरकार के समक्ष एक बड़ा संदेश दिया है कि यदि राजनेता या जनप्रतिनिधि इच्छाशक्ति से काम करें, तो संसाधनों की कमी भी बाधा नहीं बनती। राज कुमार मनकोटिया की यह पहल न सिर्फ हटवाना क्षेत्र बल्कि पूरे उपमंडल बंगाणा में चर्चा का विषय बन चुकी है। लोगों का मानना है कि इस प्रकार के जनसेवक समाज को आगे ले जाने की प्रेरणा देते हैं।

इस सड़क के निर्माण से हटवाना श्मशान घाट तक पहुंचना अब आसान हो जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि यह कार्य जल्द पूरा हो जाएगा और आने वाले समय में इस सड़क पर पक्की सड़क निर्माण, बिजली, लाइटिंग और अन्य सुविधाएं भी जोड़ी जाएंगी। स्थानीय निवासी चाहते हैं कि अब सरकार इस कार्य को संज्ञान में लेकर इसे स्थायी रूप से पक्की सड़क में बदले और राज कुमार की इस पहल को सम्मानित भी करे। वीडीसी सदस्य राज कुमार मनकोटिया की यह पहल न सिर्फ एक सामाजिक कार्य है बल्कि यह उस सोच की मिसाल है, जिसमें जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के लोगों की सेवा को प्राथमिकता देते हैं।

## चेक बाउंस के दोषी को तीन-तीन माह की कैद, डेढ़ लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



पुलिस की गिरफ्त में चेक बाउंस मामले का दोषी।

चेक बाउंस के दो अलग-अलग मामलों में अंब न्यायालय द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित किए गए एक व्यक्ति को ऊना पुलिस के पीओ सैल ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पीओ सैल ने सोमवार को उक्त आरोपी को अंब न्यायालय में पेश किया। यहां दो अलग-अलग मामलों में उक्त आरोपी दोषी करार दिया गया है। अंब न्यायालय के आदेश पर आरोपी को वनगढ़ जेल भेज दिया गया है।

उपमंडल गगरेट के मवा सिंधियां गांव के राकेश कुमार को वर्ष 2018 में अंब न्यायालय ने उद्घोषित अपराधी घोषित किया था। राकेश कुमार को चेक बाउंस के दो अलग-अलग मामलों में अंब न्यायालय द्वारा तीन-तीन माह की कैद व डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा भी सुनाई है। राकेश कुमार तब से न तो न्यायालय में पेश हो रहा था और न ही पुलिस उसे ढूंढ पा रही थी। उक्त मामला पीओ सैल के एचएचसी राजेश सोहल के पास था।

राजेश सोहल ने अपने सूत्रों से पता लगाया कि राकेश कुमार अपने ससुराल पंजाब के जिला होशियारपुर के कोट पटियाला में रह रहा है, जिस पर राजेश सोहल ने कोट पटियाला में दबिश देकर राकेश कुमार को गिरफ्तार किया और सोमवार को अंब न्यायालय में पेश किया। यहां से राकेश कुमार को वनगढ़ जेल में भेज दिया गया है।

## जिला स्तरीय पीपलू मेले में विभागों की प्रदर्शनियां बनेंगी आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ऊना जिले के उपमंडल बंगाणा के तीन दिवसीय जिला स्तरीय पीपलू मेला न केवल सांस्कृतिक विविधताओं को मंच देगा, बल्कि यह क्षेत्रीय विकास, कला, संस्कृति और जनसंपर्क का भी अद्भुत संगम साबित होगा। मेला 5 से 7 जून तक आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं और हर वर्ग के लोग इसमें उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाने को तैयार हैं।



कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने मेले की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इस वर्ष मेले की थीम समावेशी संस्कृति और प्रतिभा का उत्सव रखी गई है। इस थीम के अंतर्गत जिले भर के विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थाओं और सांस्कृतिक समूहों को आमंत्रित किया गया है। विवेक शर्मा ने कहा कि तीन दिवसीय जिला स्तरीय पीपलू मेले के प्रथम दिन 5 जून को सुबह 10 बजे एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो बंगाणा के होटल आशीर्वाद से शुरू होकर बंगाणा बाजार होते हुए रेस्ट हाउस तक जाएगी।

विवेक शर्मा ने कहा कि पीपलू मेले के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल और प्रदर्शनी लगाई जाएंगी, जिनमें कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग एवं रोजगार कार्यालय सहित कई अन्य विभाग भाग लेंगे। इन प्रदर्शनियों के माध्यम से आमजन को सरकार की योजनाओं, नवाचारों और लाभकारी नीतियों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस तीन दिवसीय मेले से स्थानीय व्यापारियों और शिल्पकारों को भी काफी लाभ मिलेगा।

## पॉलीथिन का प्रयोग करने वालों से वसूला जुर्माना : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**सार्वजनिक वितरण प्रणाली की डीसी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित**

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 322 उचित मूल्यों की दुकानों के माध्यम से जिले के 1,41,330 राशन कार्ड धारकों को लाभान्वित किया जा रहा है। यह जानकारी उपायुक्त जतिन लाल ने अपने चैंबर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की त्रैमासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि ऊना जिले में एपीएल श्रेणी के 78061, बीपीएल के 18,846, अंत्योदय अन्न योजना के 9,996 तथा प्राथमिक गृहस्थियां के 30,897 उपभोक्ता शामिल हैं।

उपायुक्त ने बताया कि जिला में माह जनवरी से अप्रैल, 2025 तक 61,724 क्विंटल आटा, 36,579 क्विंटल चावल, 8,626 क्विंटल चीनी, 1,288 क्विंटल नमक, 6,274 क्विंटल चना दाल, 1,987 क्विंटल मल्का दाल, 2,751 क्विंटल उर्द की दाल, 6,98,056 लीटर सरसों का तेल और 14 लीटर रिफाइंड ऑयल का वितरण किया गया है। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि माह जनवरी से अप्रैल, 2025 तक जिले में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 771 निरीक्षण किए गए और इस अवधि के दौरान विभिन्न अनियमितताओं के पाए जाने पर एक मामले पर कार्रवाई करते हुए 1,500 रुपए का जुर्माना किया गया। इसके अलावा 27 दुकानदारों और व्यापारियों को पॉलीथिन का उपयोग करने पर 27,500 रुपए का जुर्माना किया गया।

हिमाचल प्रदेश ब्रिक्स क्लिन नियंत्रण के तहत जिला में कुल 11 ईंट भट्ठों का निरीक्षण किया गया तथा अनियमताओं के चलते कुल 8 लाख 61 हजार 665 रुपए का जुर्माना डाला गया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि रामपुर और टकारला गेहूं खरीद मंडियों में कुल 29 किसानों से 157.70 क्विंटल गेहूं खरीदी गई। उन्होंने बताया कि रामपुर मंडी से 22 किसानों से 127.70 क्विंटल और टकारला में 7 किसानों से 30 क्विंटल गेहूं खरीदी गई है।

इस अवसर पर जिला नियंत्रक खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ऊना राजीव शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधन नागरिक आपूर्ति निगम संजीव वर्मा, कांगड़ा बैंक प्रबंधक सुमेश शर्मा, मोहित कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### डीसी ने समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश



**अनंत ज्ञान, ऊना।** एकल नारी कृषि सहकारी सभा घालूवाल की त्रैमासिक बैठक बचत भवन ऊना में उपायुक्त ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और अपने-अपने विभागों की ओर से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। इस अवसर पर एकल नारी कृषि सहकारी सभा द्वारा उपायुक्त को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने एकल नारी सभा से जुड़ी महिलाओं की समस्याएं सुनीं और कुछ का मौके पर ही समाधान किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कुठियाड़ी गांव के एक दिव्यांग व्यक्ति को ई-ऑटो प्रदान करने की बात भी कही। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) नरेंद्र कुमार, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव संजय सांख्यान, एकल नारी कृषि सहकारी सभा की जिला अध्यक्षा कांता शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## नगर निगम के वार्ड परिसीमन का प्रारूप प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत वार्डों के परिसीमन के लिए प्रारूप प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है और इसे संबंधित क्षेत्र के सभी मतदाताओं एवं नागरिकों की जानकारी और अवलोकन हेतु सार्वजनिक रूप से प्रकाशित कर दिया गया है। यह जानकारी उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने दी।

उपायुक्त ने बताया कि सभी संबंधित हितधारक प्रस्तावित वार्ड सीमाओं की समीक्षा कर सकते हैं। यदि प्रारूप परिसीमन के संबंध में कोई सुझाव, आपत्ति या सुधार प्रस्तावित करना हो, तो वह सात दिनों के भीतर उपायुक्त कार्यालय, ऊना में लिखित रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके अलावा परिसीमन से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति नगर निगम ऊना कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## कृषि प्रसार केंद्र चौकीमनियार में ताले लटके रहने से किसान परेशान

**श्रीचंद ठाकुर, अनंत ज्ञान**

> समस्या मेरे ध्यान में है और एसएमएस बंगाणा को शीघ्र ही इस केंद्र पर बीज उपलब्ध करवा कर किसानों को वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं और जल्द ही किसानों को इस केंद्र पर बीज उपलब्ध करवाया जाएगा।
> -कुलभूषण धीमान, उपनिदेशक कृषि विभाग ऊना।

**चौकीमनियार।** सरकार के द्वारा किसानों को घर-द्वार पर बेहतर सुविधा देने के लिए कृषि प्रसार केंद्र तो खोले गए परंतु इन केंद्रों पर ताले लटके रहने के चलते किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कृषि विभाग के द्वारा जोल क्षेत्र के खेतिहर किसानों के लिए चौकीमनयार में कृषि प्रसार केंद्र तो खोला गया है, पर आलम यह है की यहां पर किसी भी कर्मचारी के न होने के चलते यह प्रसार केंद्र गत दो वर्ष से सफेद हाथी साबित हो रहा है और किसानों को कृषि संबंधित बीज या अन्य उपकरण लेने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है ।

क्षेत्र में अब मक्की की बिजाई का समय है और इस केंद पर न तो कोई कर्मचारी मिल रहा और न ही कोई अधिकारी इस प्रसार केंद्रकी सुध ले रहा है जिससे किसान परेशान हैं। खेतिहर किसान शिव कुमार, गोल्डी दयाल, बॉबी, देस राज, सुनीता कुमारी, यशपाल, संजीव संधू, नरदेव सिंह, मनजीत कुमार, सुदेश, सोम नाथ, मिर्जा खान, मनोहर लाल आदि ने बताते हुए कहा कि पहले इस केंद्र पर एक कर्मचारी स्थायी रूप से अपनी सेवाएं देता था परंतु पिछले दो सालों से उसे भी कहीं और भेज दिया गया जिसके चलते यहां दूर-दूर से आने वाले लोगों को जहां आर्थिक परेशानी होती है, वहीं मानसिक परेशानी से भी जूझना पड़ रहा है और किसानों को बाजार से महंगे दामों पर बीज व अन्य खेती के उपकरण खरीदने पड़ रहे हैं।

किसानों ने विधायक सुदर्शन सिंह बबलू से मांग की कि वह कृषि विभाग को शीघ्र ही इस कृषि प्रसार केंद्र में कर्मचारी की नियुक्ति और बीज उपलब्ध करवाने के निर्देश दें ताकि उनकी समस्याओं का हल हो।

## अनिरुद्ध बने हेड ब्वॉय, वंशिका हेड गर्ल




डीएवी लठियानी स्कूल में स्टूडेंट्स काउंसिल के सदस्य गणमान्यों के साथ।

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**डीएवी लठियाणी में स्टूडेंट्स काउंसिल का हुआ गठन**

**लठियाणी।** बंगाणा उपमंडल के डीएवी पब्लिक स्कूल लठियाणी में अध्यापिका मीना कुमारी की देखरेख में हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन का चयन किया गया, जिसमें नौवीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपना नाम नामांकित किया। पांचवीं श्रेणी से 12वीं श्रेणी तक के विद्यार्थियों ने उम्मीदवार अपने मत का प्रयोग कर चुनाव किया।

शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल के प्रधानाचार्य नसीब ठाकुर ने मार्चपास्ट करने के साथ एवं तिरंगा फहराकर, दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। स्कूल का हेड ब्वॉय अनिरुद्ध शर्मा व हेड गर्ल वंशिका शर्मा को चुना गया। वॉइस हेड ब्वॉय अर्पित, वॉइस हेड गर्ल वर्षा को चुना गया। हाउस कैप्टन दयानंद हाउस से सार्थक रतन व आकृति को चुना गया। वाइस हाउस कैप्टन दयानंद हाउस से स्वास्तिक व यशवी चौहान को चुना गया।

हाउस कैप्टन हंसराज हाउस से स्वरित व प्रीत को चुना गया, वाइस हाउस कैप्टन शुभम व यशवी को चुना गया। विवेकानंद हाउस से हाउस कैप्टन रुद्र व रितु को चुना गया, ब्वॉयज हाउस कैप्टन काव्य व सिया को चुना गया। मुख्य अतिथि एवं स्कूल के प्रधानाचार्य ने कहा कि भारत विश्व में सबसे बड़ा लोकतंत्र है। स्कूल के विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से अवगत करवाना आज की आवश्यकता है। इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में नेतृत्व जिम्मेदारी और अधिकारों के प्रति जानकारी होना बहुत ही जरूरी है।

स्कूल में विद्यार्थियों का चुनाव अच्छे गुणों और भारत के लोकतंत्र की ताकत को विकसित करने के उद्देश्य से कराया जाता है। उन्होंने नवनिर्वाचित कप्तान और उपकप्तान को बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

## कामयाबी: बुरांस के फूलों का स्क्वैश तो लसूड़े के आचार की महक पहुंचने लगी पंजाब

# ऐसे प्रयासों से ग्रामीण महिलाएं भी बनेंगी स्वाबलंबी

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी अंबोटा ट्रस्ट की एक छोटी सी पहल ने स्वाबलंबी बनने का प्रयास कर रही गणेश स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऐसा मंच प्रदान किया है कि उनके उत्पाद तो हाथों-हाथ बिकने ही लगे हैं, बल्कि अन्य राज्यों तक इन उत्पादों की महक भी पहुंचने लगी है।

बुरांस के फूलों का महिलाओं द्वारा तैयार किया स्क्वैश, लसूड़े का आचार, मिल्लेटस की सवेइयां, तरह-तरह के आचार व पहाड़ी शहद द्रोण महादेव शिव मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को यूं भा रहा है कि गणेश स्वयं सहायता समूह से डिमांड पूरी नहीं हो पा रही है। ऐसे प्रयास अगर प्रदेश के अन्य देव स्थानों पर हों तो इससे हिमाचली उत्पादों को तो बाजार मिलेगा ही, बल्कि ग्रामीण परिवेश की महिलाओं को स्वाबलंबी बनने में देर नहीं लगेगी। विकास खंड गगरेट के अंबोटा गांव की निशु सूद पिछले कई सालों से स्वावलंबन की राह ताक रही थीं। हालांकि उनके पास हुनर था लेकिन इसका उपयोग कर कैसे आगे बढ़ा जाए, वह रास्ता नहीं मिल रहा था। इसी बीच निशु सूद राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी तो मानों उनके सपने को उड़ान मिल गई। निशु सूद द्वारा तैयार उत्पाद प्रदेश सहित देश भरह में सराहे गए।



गणेश स्वयं सहायता समूह के स्टॉल का अवलोकन करते एसडीएम सौमिल।

इन उत्पादों की बदौलत उन्हें ऐसी पहचान मिली कि उन्हें महामहिम राज्यपाल व कई केंद्रीय मंत्रियों द्वारा सम्मानित किया गया। यही नहीं बल्कि उनके द्वारा तैयार किए गए नमक को हिम ईरा के माध्यम से ऐसी पहचान मिली कि इनका नमक अब एमाजान पर भी उपलब्ध है। हालांकि पहले निशु सूद को अपने साथियों के साथ अपने उत्पाद बेचने के लिए प्रदेश के कोने-कोने में लगने वाले मेलों में पहुंचना पड़ता था लेकिन एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम को जब इनके हुनर का पता चला और द्रोण महादेव मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं तक इनके उत्पाद पहुंचे इसके लिए उन्होंने गणेश स्वयं सहायता समूह को मंदिर परिसर में स्टाल लगाने की इजाजत दी। महिलाओं द्वारा खुद हाथों से तैयार किए जाने वाले नेचुरल उत्पाद श्रद्धालुओं को इतने भाने लगे कि अब गणेश स्वयं सहायता समूह द्रोण महादेव मंदिर में लगाए गए स्टाल से ही रोजाना तीन से चार हजार रुपए के उत्पाद बेच रहा है। स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध करवाने के लिए ऐसी राह दिखाई गई है कि अगर भाषा एवं संस्कृति विभाग के साथ मिलकर ग्रामीण विकास विभाग प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में स्वयं सहायता समूहों के स्टाल स्थापित करवाए तो महिलाों द्वारा तैयार किए जाने वाले हिमाचली उत्पादों को देश भर में पहचान मिलेगी तो ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर भी बन सकेंगी।

एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि गणेश स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए उत्पाद मिलावट से दूर हैं और स्वाद में भी बेहतर हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें, इसके लिए ही इन्हें प्रोत्साहित किया गया है।

## अगले शैक्षणिक सत्र से शुरू होगा अमलेहड़ डे-बोर्डिंग स्कूल : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**नादौन में नवनिर्मित राजस्व सदन का किया उद्घाटन**

मुख्यमंत्री ने नादौन में 18.50 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित राजस्व सदन का उद्घाटन किया और 1.14 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पंचायत घर कलूर को भी समर्पित किया। कलूर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब पंचायत घर का निर्माण शुरू हुआ था, तब वह विधायक थे और आज 1.14 करोड़ रुपए की लागत से यह भवन बनकर तैयार हुआ है। उन्होंने घोषणा की कि कलूर में शराब की दुकान को वापस पुराने स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जब से राज्य सरकार ने पुरानी पेंशन योजना बहाल की है, राज्य को केंद्र सरकार की ओर से वित्तीय प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। इसके परिणामस्वरूप, हिमाचल प्रदेश को मिलने वाली वित्तीय सहायता में सीधे तौर पर 1,600 करोड़ रुपए की कटौती की गई है। मुख्यमंत्री ने अमलेहड़ में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल को अगले शैक्षणिक सत्र से शुरू करने की भी घोषणा की। यह राज्य का पहला सीबीएसई से संबद्ध राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल होगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ राज्य सरकार इस स्कूल में पौष्टिक भोजन भी सुनिश्चित करेगी और आने वाले वर्षों में इस संस्थान में लगभग एक हजार छात्रों को दाखिला मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक रूप से उगाई गई कच्ची हल्दी के लिए 90 रुपए प्रति किलोग्राम, मक्की के लिए 40 रुपए प्रति किलोग्राम और गेहूं के लिए 60 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार जारी है और जल्द ही हमीरपुर में कैंसर अस्पताल की सुविधा आरंभ हो जाएगी। सुक्खू ने नादौन क्षेत्र के खरीड़ी में 65 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किए जा रहे अत्याधुनिक बहुउद्देशीय खेल परिसर के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। यह परिसर क्षेत्र में खेल और युवाओं की भागीदारी का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को इस वर्ष के अंत तक इसका निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस आधुनिक परिसर में आठ लेन का स्विमिंग पूल, शूटिंग रेंज और कुश्ती, मुक्केबाजी, कबड्डी, योग, टेबल टेनिस और बैडमिंटन के लिए स्थान उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में युवाओं के लिए रचनात्मक अवसर प्रदान करने और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरे को रोकने में मदद करने के दृष्टिगत इस तरह के बहुउद्देशीय खेल परिसर विकसित किए जा रहे हैं। स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली को बढ़ावा देने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह खेल परिसर प्रतिभा को निखारने और युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित करने का प्रतीक होगा। इसके बाद, उन्होंने नादौन विधानसभा क्षेत्र के अमलेहड़ में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

## टायर लगने से घायल हुए बुजुर्ग की मौत

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** गगरेट उपमंडल की दियोली पंचायत में सोमवार दोपहर हादसे में घायल हुए 75 वर्षीय बुजुर्ग किशोरी लाल चड्ढा की इलाज के लिए ले जाते समय मौत हो गई। यह हादसा करीब एक बजे उस समय हुआ, जब वे सड़क किनारे अपनी दुकान के बाहर बेंच पर बैठे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ट्राला जब सड़क से गुजर रहा था तो उसका एक टायर अचानक खुल गया और लुढ़कता हुआ सीधे किशोरी लाल की छाती से जा टकराया। परिजन उन्हें गंभीर हालत में गगरेट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रीजनल अस्पताल ऊना रेफर किया गया। ऊना अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत को नाजुक बताते हुए एम्स बिलासपुर रेफर कर दिया, लेकिन वहां ले जाते समय आनंदपुर साहिब के पास ही रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। बुजुर्ग के बेटे चमेल सिंह चड्ढा ने बताया कि परिवार इस मामले में किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं करना चाहता। लोगों ने ट्रालों की तकनीकी जांच को लेकर कड़े नियम लागू करने की मांग की है।

## 19 से 21 तक कलाकेंद्र व अटल सदन में रहेगी 48वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव की धूम



48वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव के सफल आयोजन को लेकर चर्चा करते हुए पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी बैठक सूत्रधार भवन के कार्यालय में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में इस जून माह में होने वाले 48वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव के सफल आयोजन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि वर्तमान वर्ष-2025 में संस्था अपने 48 वर्ष पूर्ण कर रही है। इन 48 वर्षों में संस्था ने कला संस्कृति के क्षेत्र में कई बार हिमाचल प्रदेश, भारत वर्ष के विभिन्न प्रांतों में तथा विदेशों में अपनी प्रस्तुतियों से अनेक आयामों को स्थापित किया है। संस्था का मूल उद्देश्य उभरती हुई युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, समाज सेवा तथा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना है। संस्था द्वारा निरंतर 5 दशकों से युवा शक्ति को कला संस्कृति के माध्यम से जोड़कर उन्हें सृजनात्मक कार्यों में संलिप्त किया गया है, ताकि वे कला-निपुण होने के साथ-साथ समाज में व्याप्त दुर्व्यसनों से भी बचे रहें। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत सूत्रधार कला संगम कुल्लू हर वर्ष की भांति इस बार भी स्थानीय निजी व सरकारी पाठशालाओं की सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 21 जून तक ऐतिहासिक लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र कुल्लू व अटल सदन कुल्लू में करने जा रहा है। इस त्रिदिवसीय उत्सव में विभिन्न 11 सांस्कृतिक विधाओं लोकनृत्य, समूह नृत्य, लघुनाटक, समूह गान, स्किस सूत्रधार, फैशन शो, वाद्यवृंद, लोक गीत, फिल्म गीत, शास्त्रीय गायन तथा फैंसी ड्रैस की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# देवलोक में 13 से 15 जून तक इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**



हिमाचल आर्ट विलेज के संस्थापक राजा मल्होत्रा प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

**कुल्लू।** हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म और आर्ट फेस्टिवल का आयोजन हिमाचल प्रदेश सरकार और संस्कृति मंत्रालय केंद्र सरकार के सहयोग से 15 मील स्थित देवलोक में किया जा रहा है। यह आयोजन 13 जून से 15 जून तक किया जाएगा।

सोमवार को प्रेस वार्ता के दौरान इस आयोजन की रुपरेखा के बारे में जानकारी देते हुए संस्था के संस्थापक राजा मल्होत्रा ने बताया कि यह फेस्टिवल हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और कला को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट अवसर होगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म और आर्ट फेस्टिवल एक ऐसा आयोजन है, जो हिमाचल की समृद्ध संस्कृति और कला को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस फेस्टिवल में विभिन्न क्षेत्रों की फिल्में और कलाएं प्रदर्शित की जाएंगी, जिससे लोगों को अपनी संस्कृति और अन्य संस्कृतियों के बारे में जानने का अवसर मिलता है। इस फेस्टिवल के दौरान कई तरह की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जैसे कि थियेटर प्रोडक्शन, लोकगीत, पेंटिंग, फोटोग्राफी, वस्त्र कला की प्रदर्शनी, लोक कलाकारों द्वारा लाइव डेमो और आर्ट फेयर आदि विभिन्न कार्यशाला आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा, वर्कशॉप्स और मास्टरक्लासेस भी आयोजित किए जाएंगे, जो लोगों को विभिन्न कलाओं और कौशलों के बारे में जानने का अवसर प्रदान करते हैं।

हिमाचल आर्ट विलेज का उद्देश्य एक स्थायी सांस्कृतिक केंद्र बनना है, जो कलाकारों को रेजिडेंसी, डिजिटल आर्काइव और कला-शिक्षा प्रदान करेगा और हिमाचल को भारत के क्रिएटिव नक्शे पर मजबूती से स्थापित करने का उद्देश्य है। इस फेस्टिवल में विभिन्न क्षेत्रों की फिल्में और कलाएं प्रदर्शित की जाएंगी, जिससे लोगों को अपनी संस्कृति के साथ-साथ अन्य संस्कृतियों के बारे में भी जानने का अवसर मिलेगा। हिमाचल प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के सहयोग से यह आयोजन हिमाचल प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और कलात्मक मंच प्रदान करेगा। इस दौरान संस्था के सह-संस्थापक अनुराग वशिष्ठ, फेस्टिवल आर्टिस्टिक निदेशक योशिता पारिक, याना कपूर क्रिएटिव सहायक निदेशक, श्रेया शर्मा उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स 1 जुलाई के बाद जमा करवाएं जीवन प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** हिमाचल पेंशनर्स महासंघ नगर खंड की मासिक बैठक अध्यक्ष लाल चंद ठाकुर की अध्यक्षता में होटल शुभम कटराई में संपन्न हुई। बैठक में महासंघ के वरिष्ठ सलाहकार नारायण सिंह ठाकुर सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में सेवानिवृत्त सीएचटी अनूप राम ठाकुर द्वारा सेवानिवृत्ति के पश्चात लगभग 22 वर्षों तक निशुल्क सेवा प्रदान करने पर महासंघ की ओर से प्रशंसा की गई। राज्य महासचिव ने पेंशनर्स की समस्याओं के बारे में विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए तथा पेंशनर्स से संबंधित डीए की लंबित किस्तों तथा पेंशन एरियर को जल्द जारी करने की भी सरकार से मांग की गई। लंबित मेडिकल बिलों को जल्द पास करने की भी मांग की गई। संघ के मीडिया प्रभारी हीरालाल ने कहा कि सभी पेंशनर्स अपना-अपना जीवन प्रमाण पत्र 1 जुलाई के पश्चात ट्रेजरी में जमा करवाएं तथा आयकर रिटर्न भी 15 सितंबर तक भरने की कोशिश करें।

## विकास कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र समयबद्ध जारी करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने जिला स्तर पर मंडे रिव्यू मीटिंग की शुरुआत की। इसका उद्देश्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ जिला वासियों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और उत्तरदायी समाधान सुनिश्चित बनाना है।



डीसी ने कहा कि यह बैठक अब प्रत्येक सोमवार नियमित रूप से आयोजित की जाएगी, ताकि विभागीय कार्यों की निरंतर समीक्षा, निगरानी और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार सहित विकास कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूरा किया जा सके। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के माध्यम से किए जा रहे विकास कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र समयबद्ध जारी करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए, ताकि विकास कार्यों के लिए केंद्र सरकार से अतिरिक्त धनराशी की डिमांड की जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह ध्यान में रखें कि जिले में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त मौसम (वर्किंग सीजन) की अवधि कम होती है। अक्तूबर, नवंबर से सर्दियां शुरू हो जाती हैं इसलिए विभिन्न निर्माण को समयबद्ध पूरा करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने उद्योग विभाग से जिले में महिलाओं को एमएसएमई प्रदर्शन योजना के माध्यम से संगठित और सशक्त बनाने बारे विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मनाली से लेह सड़क के किनारे (वे साइट एमनिटीज) प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे सिस्सू, तांदी, उदयपुर, जिस्पा में जन सुविधाओं को बढ़ावा जाएगा। उन्होंने पंचायतीराज विभाग को केलांग और उदयपुर पंचायतों में पुस्तकालय के संचालन के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला के कुल 264 गांवों में से 93 गांव पूर्ण रूप से खुला शौच मुक्त हो चुके हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 5 से काजा अस्पताल में एंडोस्कोपी कैंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** 5 से 14 जून तक सीविल अस्पताल काजा में हिमाचल सरकार के सौजन्य से निशुल्क एंडोस्कोपी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सुबह 9.30 से शाम 4.30 तक मरीजों की जांच की जाएगी। यह जानकारी खंड चिकित्सा अधिकारी काजा डॉ. बृजेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस कैंप में डॉ. बृज शर्मा, प्रोफेसर एवं गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभागाध्यक्ष, एआईएमएसएस चमियाना शिमला, डॉ. नीतू शर्मा, सहायक प्रोफेसर फिजियोलॉजी, डॉ. केशु जिंदल, वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस, जय प्रकाश, एंडोस्कोपी अटेंडेंट मरीजों को अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। डॉ. बृजेश शर्मा ने इस कैंप में आने वाले मरीजों से आग्रह किया कि वे अस्पताल की अपनी पुरानी पर्चियां एवं रिपोर्ट साथ लाएं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बृजेश शर्मा ने स्पीति घाटी के समस्त जनमानस एवं साथ लगते जिलों के लोगों से अपील की है कि सिविल अस्पताल काजा में आयोजित होने वाले इस कैंप का अधिक से अधिक संख्या में आकर कर लाभ उठाएं।

### 5 को कुल्लू जिले के दौरे पर विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह 5 जून को कुल्लू जिले के प्रवास पर होंगे। 4 जून को सायं कुल्लू के शाढ़ाबाई पहुंचेंगे तथा 5 जून को बंजार की टील पंचायत के बछूट में धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद गाड़ागुसैणी में कॉलेज भवन का निरीक्षण करेंगे तथा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तीन के अंतर्गत बंजार-बठाहड़ सड़क का निरीक्षण करेंगे।

### आनी कॉलेज के कैडेट्स का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय सरस्वतीनगर में 25 से 2 जून तक आयोजित 8वीं हिमाचल प्रदेश बटालियन एनसीसी रामपुर का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में बटालियन के विभिन्न कॉलेजों के कैडेट्स ने भाग लिया। इनमें आनी कॉलेज के 55 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लेकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। शिविर में आनी कॉलेज के कैडेट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार अपने नाम किए। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अशोक ने बताया कि आनी कॉलेज ने सोलो डांस (गर्ल्स) में प्रथम स्थान, सोलो डांस (ब्वॉयज) में द्वितीय, सोलो सॉन्ग (गर्ल्स) में द्वितीय तथा सोलो सॉन्ग ब्वॉयज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिताओं में भी कॉलेज ने अपना परचम लहराया। 100 मीटर दौड़ ब्वॉयज) में द्वितीय स्थान, 200 मीटर दौड़ ब्वॉयज में प्रथम और 200 मीटर दौड़ गर्ल्स में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### लाहौल-स्पीति पुलिस ने की सामान्य परेड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** पुलिस लाइन केलांग में जिला पुलिस द्वारा सामान्य परेड आयोजित की गई। इस परेड का निरीक्षण डीएसपी रश्मी शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएसपी रश्मी शर्मा ने जवानों को अनुशासन, ड्यूटी के प्रति सजगता और दक्षता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने जवानों को अपनी ड्यूटी के प्रति सदैव सजग और जिम्मेदार रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस द्वारा निरंतर इस प्रकार की परेड एवं अभ्यासों के माध्यम से पुलिस बल की कार्यक्षमता और अनुशासन को सुदृढ़ किया जा रहा है। इससे पुलिस बल की क्षमता और प्रभावशीलता में वृद्धि होती है, जो समाज की सुरक्षा और व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पुलिस विभाग अपनी जिम्मेदारियों को निभाने और समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### डीएवी मनाली के 20 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, मनाली।** राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन बैजनाथ में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न क्लबों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में डीएवी मनाली के 20 छात्रों ने भाग लिया। इनमें से 13 छात्रों ने स्वर्ण पदक हासिल किया, 3 छात्रों ने रजत पदक और 4 छात्रों ने कांस्य पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा दिखाई। पदक विजेता सभी खिलाड़ी राष्ट्र स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेंगे। डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली की प्रधानाचार्या अनीता वर्मा ने विजयी छात्रों तथा कराटे कोच रजनीश कुमार को इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### निरमंड में धूमधाम से मनाया बी माता पर्व

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान, आनी।** कुल्लू जिले के आनी और निरमंड क्षेत्र में प्राचीन परंपराओं और रीति-रिवाजों के साथ 16 दिवसीय बी माता पर्व का समापन सोमवार को विधिवत विसर्जन के साथ किया गया। इस पर्व को क्षेत्र के जलोड़ी, बटाला, शमेशा, ठोगी, कराणा, ओल्वा, दलाश, निरथ के बंदल, देशा, कैबली, धनाह तथा निरमंड के ब्राह्मण बहुल गांवों में श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। बी माता पर्व की विशेषता यह है कि इसमें 16 माताओं का आह्वान कर पूरे सोलह दिनों तक पूजा-अर्चना की जाती है। पर्व के अंतिम दिन गांव की सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक विधि और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार प्राकृतिक जलाशयों के पास बी माता का विसर्जन किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस पर्व को मनाने से क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और कुल की वृद्धि होती है। स्थानीय विद्वान गोपाल देव शर्मा ने जानकारी दी कि यह पर्व आदिकाल से मनाया जा रहा है और यह हमारी संस्कृति की समृद्ध परंपरा का प्रतीक है।

### अरमान हेड ब्वॉय व नैनिका गुप्ता हेड गर्ल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल में एक इंवेस्टिचर (पदग्रहण) समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नवगठित छात्र परिषद को औपचारिक रूप से उनके कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। इस विशेष अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में आरटीओ कुल्लू और लाहौल राजेश भंडारी बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की शुरुआत मुख्यातिथि के स्वागत के साथ हुई, जिसके पश्चात उन्होंने हेड ब्वॉय और हेड गर्ल सहित सभी हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन और प्रीफेक्ट्स को सम्मानित किया। विद्यालय के प्रांगण में छात्र, शिक्षक, एवं अभिभावकों की उपस्थिति ने इस समारोह को और भी गरिमापूर्ण बना दिया। विशेष रूप से, कई छात्रों को उनके माता-पिता द्वारा बैज पहनाकर गौरवान्वित किया गया, जिसने समारोह को और भी भावुक एवं प्रेरणादायक बना दिया। स्कूल की प्राचार्य ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए उन्हें उनके कर्तव्यों के प्रति ईमानदार रहने की प्रेरणा दी। इसके बाद हेड ब्वॉय अरमान ठाकुर, हेड गर्ल नैनिका गुप्ता, सीडर हाउस कप्तान विरासत शर्मा, उपकप्तान वंदेही वर्मा, प्रीफेक्टसमीलन शर्मा और तेनज़ीन नोर्जिन, मेपल हाउस कप्तान यथार्थ सागर, उपकप्तान वसुंधरा शर्मा, प्रीफेक्ट्स भार्या ठाकुर और वैभव ठाकुर को चुना गया।

## सरकार जल्द भरे सिस्सू केसीसी बैंक के प्रबंधक का पद : रवि ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल के सिस्सू स्थित कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की शाखा में दिसंबर-2024 से प्रबंधक का पद खाली है।



इस कारण चंद्रा वैली के लोगों को बैंकिंग सेवाओं से वंचित होना पड़ रहा है। लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने जारी एक प्रेस बयान में कहा कि सरकार इस ओर ध्यान दें और जल्द प्रबंधक के रिक्त पड़े पद को भरे। उन्होंने कहा कि बैंक से जुड़े कार्यों में ठहराव आ गया है। ग्रामीणों और कारोबारियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। बैंक में लोन वितरण सहित रोजमर्रा के कार्य बंद हैं। किसानों ने बैंक का ऋण चुका दिया है, लेकिन उन्हें एनओसी लेने में परेशानी आ रही है, न ही उनके ऋण खाता रिन्यू हो रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि उन किसानों और स्थानीय उद्यमियों को अधिक परेशानी हो रही है, जो कृषि और पर्यटन से जुड़े कार्यों के लिए बैंकिंग सहायता पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि अटल-टनल रोहतांग के खुलने के बाद क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों में तेजी आई है, लेकिन बैंक से जुड़ीं अड़चनों के कारण कई योजनाएं अटक गई हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ बैंक प्रबंधन से मांग की है कि सिस्सू शाखा में जल्द प्रबंधक की नियुक्ति की जाए। कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि अधिकारी की कमी के कारण समस्या आई है। जल्द सिस्सू शाखा में प्रबंधक नियुक्त किया जाएगा। बैंक की सेवाओं को बहाल करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

## पुनर्वास व पुनर्स्थापन कार्यों में लाएं तेजी

**सीआर शर्मा, अनंत ज्ञान**



डीसी कुल्लू परियोजना की पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन कमेटी की बैठक के दौरान चर्चा करते हुई।

**निरमंड।** लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण-1 के तहत प्रभावित क्षेत्र के लोगों का पुनर्वास और पुनर्स्थापन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस संबंध में गठित कमेटी उक्त कार्यों को पूर्ण करने के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रभावित पंचायतों के पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता प्रदान की जा रही है। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने यह बात परियोजना की पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन कमेटी की निरमंड में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमेटी की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पुनर्वास और पुनर्स्थापन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार की ओर से जो भी सहायता प्रभावित क्षेत्र के लोगों को प्रदान की जानी है, उस पर समयबद्ध कार्य किया जाएगा। बैठक में परियोजना प्रबंधकों की ओर से जानकारी प्रदान की गई कि परियोजना के कारण भूमिहीन और बेघर होने वाले 6 परिवारों को जमीन प्रदान करने का कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही इन परिवारों का पुनर्वास सुनिश्चित किया जाएगा। परियोजना के कारण प्राकृतिक जल स्रोतों की भरपाई की एवज में करीब 24 करोड़ की उठाऊ पेयजल योजना का 80 फीसदी निर्माण पूर्ण हो चुका है और परियोजना प्रबंधन की ओर से इसके लिए 8 करोड़ रुपए की राशि वहन की जा रही है। इसी तरह जल विद्युत परियोजना के कारण प्रभावित विभिन्न पंचायतों के 905 भवनों, गोशाला आदि को हुए नुकसान की भरपाई 2.19 करोड़ रुपए से की जा रही है। अन्य प्रभावित निर्माण ढांचों का मूल्यांकन आवश्यकता अनुसार किया जाएगा। इसके अलावा देहरा और गड़ेज पंचायत की फसलों को हुए नुकसान का आकलन भी जल्द किया जाएगा और उचित मुआवजा विभिन्न प्रभावितों को प्रदान किया जाएगा।

## माता देउरी दुर्गा पछला भगवती की भव्य यात्रा 7 को

**अनंत ज्ञान, आनी।** 7 जून को जाबन के देउरी स्थित माता दुर्गा पछला भगवती काथला गांव की यात्रा के लिए रवाना होगी। इसकी जानकारी देते हुए माता के कारदार ईश्वर दास ने बताया कि माता की शोभायात्रा अपने भक्त काथला गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र स्वर्गीय पिणु राम के निवास स्थान प्रस्थान करेंगी। 7 को यह यात्रा दोपहर करीब एक बजे के देवरी स्थित मंदिर परिसर से विधिपूर्वक पूजन और पूरे लाव-लश्कर के साथ प्रारंभ होगी। माता पछला दुर्गा 8 जून को वापस अपने देउरी स्थित मंदिर में प्रतिष्ठापित की जाएंगी। इस अवसर पर मंदिर कमेटी ने समस्त मुजारों, 12 घर देउकर, दारोगे, मंदिर के समस्त कारकूनों तथा माता की हार की समस्त जनता से अनुरोध किया कि वे इस धार्मिक आयोजन में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं।

## मूल्यांकन, परामर्श व मार्गदर्शन शिविर 5 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन दिव्यांगों के लिए नेशनल करियर सर्विस सेंटर ऊना द्वारा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से दिव्यांगजनों के लिए व्यवसायिक पंजीकरण, मूल्यांकन, परामर्श एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन 5 को किया जा रहा है। यह शिविर कॉन्फ्रेंस हॉल डीआरडीए, मिनी सचिवालय कुल्लू में लगाया जाएगा। केंद्र के सहायक निदेशक रजंन चंकाकटी ने बताया कि इस शिविर में दिव्यांगजनों को व्यवसायिक प्रशिक्षण व रोजगार के बारे में जानकारी दी जाएगी, जिन दिव्यांगजन की आयु 15 वर्ष से 45 वर्ष के बीच में होगी व दिव्यांगता प्रतिशतता 40 फीसदी या इससे अधिक होगी वे इस शिविर में भाग ले सकते हैं। दिव्यांगजनों को पत्र द्वारा सूचित कर दिया गया है। किसी दिव्यांगजन को पत्र नहीं मिलता या पत्र द्वारा सूचित नहीं किया गया है और उपरोक्त योग्यता रखते हो वे भी इस शिविर में भाग ले सकते हैं।

## फलोत्पादक मंडल के सुभाष नेगी उपप्रधान, राकेश ठाकुर बने कोषाध्यक्ष

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

पतलीकूहल। कुल्लू फलोत्पादक मंडल की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की पहली बैठक सोमवार को बागवान भवन माहिली में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित प्रधान प्रेम शर्मा ने की। इसमें मंडल के महामंत्री रिमन सिंह ठाकुर ने कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत किया। बैठक का आरंभ कार्यकारिणी सदस्यों के परिचय के साथ हुआ। इसके पश्चात, प्रधान प्रेम शर्मा ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को मंडल के विधान की शपथ दिलाई।

बैठक का मुख्य एजेंडा उप प्रधान और कोषाध्यक्ष का चुनाव था। उपप्रधान पद के लिए दिनेश नेगी ने सुभाष नेगी का नाम प्रस्तावित किया, जिसका अनुमोदन जोगिंद्र ने किया। वहीं, भगत राम ने बालक राम का नाम प्रस्तावित किया, जिसका अनुमोदन मान चंद ने किया। इसी प्रकार, कोषाध्यक्ष पद के लिए शमशेर सिंह ने मोहर सिंह ठाकुर का नाम प्रस्तावित किया, जिसका अनुमोदन प्रताप पठानिया ने किया। भाग दास महंत ने राकेश ठाकुर का नाम प्रस्तावित किया, जिसका अनुमोदन देवी सिंह राणा ने किया। उपप्रधान और कोषाध्यक्ष दोनों पदों के लिए दो-दो नाम प्रस्तावित होने के कारण, गुप्त मतदान की प्रक्रिया अपनाई गई। कार्यकारिणी के 59 उपस्थित सदस्यों ने मतदान में भाग लिया। मतगणना के बाद, उपप्रधान पद के लिए बालक राम को 28 मत और सुभाष नेगी को 31 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार सुभाष नेगी उपप्रधान चुने गए। कोषाध्यक्ष पद के लिए, मोहर सिंह को 28 मत और राकेश ठाकुर को 31 मत प्राप्त हुए। राकेश ठाकुर कोषाध्यक्ष पद पर विजयी हुए। बैठक के अंत में, प्रधान प्रेम शर्मा ने अपने संबोधन में कार्यकारिणी सदस्यों से मंडल की बैठकों में नियमित रूप से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि कुल्लू फलोत्पादक मंडल किसानों और बागवानों का मंच है और इस मंच पर राजनीति के लिए कोई स्थान नहीं है।

## राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में झटके 36 पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में 36 पदक जीतने वाली टीम के साथ गणमान्य लोग।

बैजनाथ के महाराजा पैलेस में हुई सब जूनियर, कैडेट व जूनियर की राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जिला कुल्लू की कराटे टीम ने सेंसई हरीश शर्मा के नेतृत्व में भाग लिया। इस टीम में कुल 41 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया और 36 पदकों पर कब्जा जमाया।

कुल्लू से ऑफिशियल के रूप में सेंसई हरीश शर्मा, सेंसई रजनीश कुमार, कुमकुम शर्मा, अभी शर्मा, अर्जुन, देवांश, नंदनी ठाकुर और अंजनी ठाकुर टीम मैनेजर, अजय कुमार व मीना शर्मा ने कोच के रूप में भाग लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से 325 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया और कुल्लू के कराटे खिलाड़ियों ने 19 स्वर्ण पदक 7 रजत पदक 10 कांस्य पदक जीते। इसमें विराज, मनीष, रुप लाल, अव्यं सूद, रेयांन्स, तृषा, विपुल, सान्वी, आरव, इशानवी, विहान, यश, राजवी, आयुष, सिहोना, अर्जुन, अभी शर्मा ने कुमिते के विभिन्न आयु व भार वर्गों में स्वर्ण पदक और आयेशा, दीपक, सुहाना, जिग्मेद, अर्णव, आयुष ने रजत पदक और अनन्या, अन्वेषा, श्रीजा, कमल, शिवम, ईशान, अनमोल, प्रणीत, रुद्राक्ष, शौर्य राणा ने कांस्य पदक जीते।

काता में अन्वेषा, श्रीजा ने स्वर्ण और अनमोल शर्मा ने रजत पदक पर अपना कब्जा जमाया। कराटे संघ कुल्लू के महासचिव केएस पराशर ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी जून में देहरादून में होने जा रही राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कराटे संघ कुल्लू के चेयरमैन वेद प्रकाश, वाइस चेयरमैन राकेश कुमार, उपाध्यक्ष सुधांशु सूद, महासचिव केएस पराशर, कोषाध्यक्ष सोनू कुमार, संयुक्त सचिव नरोत्तम चंद, लीला कार्की, कार्यकारिणी सदस्य यादव व चेतन ने बधाई व शुभकामनाएं दीं। हरीश शर्मा ने कराटे संघ के चेयरमैन हैंशी जनक राज जम्वाल, अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार और महासचिव दामन जम्वाल का प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

## सैर-सपाटा होटलों को छोड़कर कॉटेज व कैंप में रहना पसंद कर रहे पर्यटक

# रूपी रैला की सैर के साथ हो रहा ऑफिस का काम

**अनंत ज्ञान, सैंज**

जिला कुल्लू की सैंज घाटी के रूपी रैला में इन दिनों पर्यटकों का खूब तांता लगा हुआ है। पर्यटक यहां पर विभिन्न पर्यटन स्थलों में सैर-सपाटे के साथ ही ऑफिस का भी कामकाज (वर्क फ्रॉम होम) में निपटा रहे हैं।

ऐसे में पर्यटक रूपी रैला के भाटकंडा, रयलु, थाच, रीडवन, शौच माता आदि मनमोहक स्थलों का भ्रमण व कैंपिंग स्थल रायलु थाच, रूपी रैला वॉटर फाल का भरपूर मजा ले रहे हैं। सैंज घाटी में इनदिनों शाघड, पुंडीर लेख मनु मंदिर सराहन आदि स्थलों पर पर्यटक पहुंच रहे हैं। नेट ऑन मैप की टीम के शेयन नाथ, आंशु, मिलीन गुप्ता, मानसी ठाकुर ने बताया कि सैंज घाटी शांत और मनमोहक घाटी है, इसमें सरकार व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए घाटी के मनोरम स्थलों को सवारने की जरूरत है। ज्यादा से ज्यादा संख्या में होमस्टे को पंजीकृत करवाना चाहिए, जिससे होम नेट आन मैप से सिधे होम स्टे संचालकों को पर्यटक भेज सकेंगे।



रूपी रैला भाटकंडा के वाइल्ड रूपी कॉटेज में मजा लेते पर्यटक।

### भरपूर मजा ले रहे : शेयन नाथ

नेट ऑन मेप के शेयन नाथ ने बताया कि रूपी रैला की सैर के साथ-साथ वर्क फ्रॉम हॉलिडे का मजा भी ले रहे हैं। सुबह व्यायाम, दिन में ऑफिस का काम और शाम होते ही सैर। आजकल हमारी टीम की यही दिनचर्या है शहर की भागदौड़ से दूर, न प्रदूषण और न ही कोरोना वायरस का खतरा। हम यहां भरपूर मजा ले रहे हैं।

### पर्यटकों को भा रहा घर का भोजन

**सैंज** घाटी के रूपी रैला आने वाले पर्यटकों को घर के चूल्हे में पका हुआ घर का भोजन बहुत पसंद आ रहा है। नेट ऑन मेप की टीम कर शेयन नाथ, आंशु, मिलीन गुप्ता, मानसी ठाकुर का कहना है कि यहां की वादियां ही नहीं, बल्कि घर के चूल्हे में पकका हुआ घर का भोजन बहुत मजेदार है। इसमें मक्की की रोटी, सरसों का साग और उसके साथ ताजा लस्सी बहुत ही मजेदार है। इसके अलावा कुल्लू के प्राचीन व्यंजन घी सिड्डू और घी खिचड़ी का अपना ही मजा है।

### रूपी रैला की हसीन वादियों में ठहरने की उचित व्यवस्था

**रूपी** रैला में पर्यटकों के ठहराव के लिए वर्तमान समय में, रैला होम स्टे, वाइल्ड रूपी कॉटेज, रीबर साइड कॉटेज, रैबिट हाउस, वंश ग्रीन, श्रेया कुंजी हट, स्काई माउंट कॉटेज, दी कुटिया कॉटेज, स्नो ब्यूटीम स्टे, भास्कर विला होम स्टे आदि सुविधाओं से परिपूर्ण है।

## 18 खिलाड़ी जूनियर और सीनियर वुशु प्रतियोगिता में दिखाएंगे प्रतिभा का जौहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**





जिला स्तरीय जूनियर और सीनियर वुशु प्रतियोगिता का आयोजन जिला कुल्लू वुशु संघ द्वारा अक्षित वुशु स्पोर्ट्स अकादमी बजौरा में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला कुल्लू के लगभग 60 वुशु खिलाड़ियों ने भाग लिया।

यह जानकारी जिला कुल्लू वुशु संघ के महासचिव व वुशु के कोच लुदर चंद ने दी। उन्होंने बताया कि जिला स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी आज राज्य स्तरीय जूनियर और सीनियर वुशु प्रतियोगिता के लिए सलेक्शन जिले की आईईसी यूनिवर्सिटी बद्दी जाएंगे। इसमें जूनियर पुरुष वर्ग में 48 किलोग्राम भार वर्ग में वंश ठाकुर, 52 किलोग्राम भार वर्ग में आरव मंहत, 56 किलोग्राम भार वर्ग में इशान बौद्ध, 60 किलोग्राम भार वर्ग में नीतीश कुमार, 65 किलोग्राम भार वर्ग में अभिमन्यु, 70 किलोग्राम भार वर्ग में पंकज ठाकुर, 75 किलोग्राम भार वर्ग में दक्ष शर्मा, जूनियर महिला वर्ग में 45 किलोग्राम भार वर्ग में हरिप्रिया, 48 किलोग्राम भार वर्ग में सानिया ठाकुर, 52 किलोग्राम भार वर्ग में शौर्य ठाकुर, 56 किलोग्राम भार में आंचल और सीनियर पुरुष वर्ग में 56 किलोग्राम भार वर्ग में राहुल, 60 किलोग्राम भार वर्ग में धर्मेंद्र कुमार, 65 किलोग्राम भार वर्ग में योगेंद्र ठाकुर, 70 किलोग्राम भार वर्ग में मिनेश ठाकुर, 75 किलोग्राम भार वर्ग में संजय जोशी। सीनियर महिला वर्ग में हिमांशी ठाकुर 45 किलोग्राम भार वर्ग और ताजुल इवेंट में अक्षित अपना हुनर दिखाएंगे। 3 जून से 5 जून होने वाली राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तरीय वुशु प्रतियोगिता, जो कि 14 से 19 जून को जयपुर में होने जा रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर जिला वुशु संघ के अध्यक्ष पूर्ण चंद, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, झाबे राम सहसचिव, चेतन लाल सदस्य, चंद्रेश्वरी, वीना देवी, राकेश कुमार, गगन कुमार, ज्ञान सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

# नगर निगम के वार्डों की परिधि तय, आपत्ति हो तो दें सुझाव

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान



**सोलन।** नगर निगम सोलन के सभी वार्डों के सीमांकन के संबंध में प्रारूप प्रस्ताव का प्रकाशन कर दिया है। डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने इस संदर्भ में लोगों से सात दिन के अंदर लोगों से आपत्तियां मांगी हैं।

डीसी से कहा कि यदि किसी निवासी को प्रस्ताव में निहित अधिसूचना से संबंधित कोई आपत्ति या सुझाव हो, तो वह अधिसूचना के प्रकाशन से 7 दिन के भीतर फार्म-2 भरकर सुझाव अथवा आपत्ति डीसी कार्यालय में प्रेषित कर सकता है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि प्रारूप सीमांकन के अनुसार नगर निगम सोलन के सभी 17 वार्डों की परिधि दर्शाई गई है। वार्ड नंबर-1 देहूंघाट सपरून वार्ड की परिधि में पंच परमेश्वर मंदिर बड़ोग, नेशनल हाईवे पुरानी राघव इलेक्ट्रिनिक्स, घड़ी फैक्टरी से नाले तक, शिवम ट्रेडर्ज से देवभूमि आपर्टमेंट के साथ निकट बाबा बालक मंदिर में देहूं गांव की सीमा के साथ हीरो होंडा शोरूम तक अंतिम मकान डॉ. नीरू मलिक नीलिमा सेठी सड़क के दोनों तरफ, हीरो होंडा शो रूम सड़क से नीचे की ओर कबीर होटल के साथ दाईं ओर का क्षेत्र नाले तक व नाले से होते हुए तार फैक्टरी तक सपरून पंचायत की सीमा के साथ सिद्धार्थ के फ्लैट से वाई ओर का क्षेत्र सोलन सुबाथू सड़क तक, वहां से वापस दोहरी दीवार से नेशनल हाईवे से वापस, रेलवे लाइन कुमारहट्टी वाइपास तक वहां से रेलवे लाइन से होते हुए बीच का क्षेत्र विकास मुहल्ला से गहड़ोग गांव पुरा से बड़ोग नेशनल हाईवे घड़ी फैक्टरी पंच परमेश्वर मंदिर तक का क्षेत्र सम्मिलित है। वार्ड नंबर-2 रेलवे स्टेशन की परिधि में तार फैक्टरी के नीचे सुबाथू रोड के साथ एसईकौल के घर से सुबाथू रोड के साथ लगते घरों से नीचे पावर हाउस से कवाई ओर का क्षेत्र, सपरून न्यू एरिया से होते हुए सपरून पंचायत की सीमा से पम्मी सरदार के घर के साथ लगता क्षेत्र, सुगंधा अपार्टमेंट के साथ लगते क्षेत्र से होते हुए नेशनल हाईवे के नीचे बीडीओ ऑफिस होते हुए मेहता निवास से नाले तक से दाईं ओर का क्षेत्र, लौहर मोहल्ला पार्किंग से होते हुए साथ लगते नाले से सीधा उपर रेलवे लाइन तक, वहां से रेलवे लाइन होते हुए आगे नाले से उपर हनुमान मंदिर माल रोड दाईं तरफ का क्षेत्र, वहां से पुराना डीसी ऑफिस से होते हुए माल रोड तक, वहां से माल रोड वाईपास चौक सपरून की तरफ दाईं ओर नीचे का क्षेत्र हिमानी रिजार्ट, पैराग्नि, रेन सीटर वाईपास चौक से होते हुए गुरुद्वारा रोड के नीचे के क्षेत्र से दोहरी दीवार सुबाथू रोड तक, वहां से सुबाथू रोड के साथ दाईं ओर के क्षेत्र से तार फैक्टरी के नीचे एसई कौल के घर तक का क्षेत्र सम्मिलित है। वार्ड नंबर-3 कथेड़ वार्ड की परिधि में लौहार मुहल्ला, नगर निगम पार्किंग के साथ लगते नाले, वाईं तरफ से उपर रेलवे लाइन, रेलवे लाईन होते हुए हनुमान मंदिर रास्ते के वाईं ओर का क्षेत्र, मालरोड होते हुए पुराने बस अड्डे, ग्रीन होटल तक वहां से आर्मी सीमा के

**डीसी मनमोहन ने लोगों को दिया सात दिन का समय**

साथ-साथ कथेड़ पानी टैंक से होते हुए जगीजा निवास से जगदीश चंद शर्मा के घर आर्मी एरिया के साथ नीचे धर्म राम, गोपाल हाउस से नीचे सब्जी मंडी के साथ लगते नाले वाईं ओर का क्षेत्र, राष्ट्रीय मार्ग से होते हुए सैंट्रल सब-जेल के साथ ईश्वर चौधरी के मकान से नेशनल हाईवे के नीचे से होते हुए राम दास बिल्डिंग शॉप वाले नाले तक वहां से नाले से होते हुए उपर किशोर के मकान तक विपरीत लौहार मुहल्ला नगर परिषद पार्किंग तक का क्षेत्र सम्मिलित है। वार्ड नंबर-4 चंबाघाट सलोगड़ा वार्ड की परिधि में नेशनल हाईव-5 के साथ मैसर्ज सोलन एनर्जी जय भोले स्टील से शुरू होते हुए सलोगड़ा बस अड्डे की तरफ होटल किचन किंग से होते हुए स्टेट बैंक राजस्व गांग कथोग, सलोगड़ा से शिव मंदिर से तरण तारण ढाबा से होते हुए ब्रूरी की तरफ नीचे परमानंद हाउस, जराई से ब्रूरी पंजाब नेशनल बैंक पड़ग, बैर शाई कृषि उपनिदेशक कार्यालय से मशरूम सेंटर से होते हुए कालोनी सहित रेलवे फाटक से वाईं तरफ का सारे मोक्षधाम गांव, बेर खास से अगले नाले से ऊपर नेशनल हाईवे से आगे मेजवान होटल से उपर फोरेस्ट कालोनी, लोक निर्माण सर्किट हाउस से होते हुए शिवाना हिल्ज सेना सीमा के साथ एसपी निवास से होते हुए सब्जी मंडी के नाले तक वहां से वापस राष्ट्रीय मार्ग से होते हुए पुलिस लाइन रोड हवेली रिजोर्ट टूरिज्म रिजार्ट से चंबाघाट तक, रेलवे क्रासिंग राष्ट्रीय मार्ग से होते हुए नाले तक सलोगड़ा की तरफ बेर गांव से करोल विहार (बेर की सेर) सीधा समर होल तथा मोहन मीकिन ब्रूरी से सीधा कथोग गांव से होते हुए ग्रीन बैली रेलवे स्टेशन सलोगड़ा तक आरके बिल्डर्ज सलोगड़ा सीधा साथ-साथ नेशनल हाईवे-5 तक कंडाघाट की तरफ चलूत कलां गांव के साथ सीधा मैसर्ज सोलन एनर्जी नीचे तक का क्षेत्र सम्मिलित है।

वार्ड नंबर-5 लोअर बाजार वार्ड की परिधि में मेजवान होटल से पहले लगते नाले से नीचे दाईं ओर क्षेत्र के साथ चैस्टर हिल्ज होते हुए, सेंट ल्युक्स स्कूल के नीचे का क्षेत्र से नड़ोह गांव को जाने वाले रास्ते से ऊपर जौणाजी रोड गेट नंबर-1 से दाईं ओर का क्षेत्र, वहां जौणाजी रोड से होते हुए चंद्रभूषण सूद बिल्डिंग से साथ लगते रास्ते से दुर्गा मंदिर के विपरीत से गंज बाजार तक, गंज बाजार से अप्पर बाजार से होते हुए नीचे का क्षेत्र से पुराना बस स्टैंड माधो राम बिल्डिंग तक, वहां से नीचे से पौड़ियों से रेलवे लाइन तक, रेलवे लाइन से पूरा आर्मी एरिया से जाते हुए मोहन पार्क से आगे मेजवान होटल से पहले नाले तक सम्मिलित है।

वार्ड नंबर-6 जवाहर पार्क की परिधि में माल रोड, चिल्ड्रन पार्क के सामने मयूर होटल से पुराना बस अड्डे पर लाला संपत राम बिल्डिंग से अप्पर बाजार दाईं ओर का क्षेत्र से होते हुए गंज बाजार से चौक बाजार से ऊपर का क्षेत्र बाण मुहल्ला, चौक बाजार से सर्कुलर रोड दाईं ओर का क्षेत्र, सर्कुलर रोड से लक्कड़ बाजार सड़क के नीचे का क्षेत्र, राजगढ़ रोड़ तक, वहां से वापस राजगढ़ रोड जनदेव कांपलेक्स से होते हुए विपरीत नगर निगम कार्यालय से सर्कुलर रोड आरंभ तक आदि रहेंगे।

### वार्ड नंबर-7 से 10 तक ये क्षेत्र होंगे सम्मिलित

वार्ड नंबर-7 ठेडो ग्राउंड वार्ड की परिधि में धोबीघाट रोड के आरंभ केंद्र से राजगढ़ रोड पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, नगर निगम की पार्किंग व कार्यालय से होते हुए ठेडो ग्राउंड निकट जीएस इंडस्ट्री से हरी मंदिर, नव जीवन अस्पताल से होते हुए अस्पताल चौक नाले से कोटला नाला तहसील कार्यालय सहित पशु चिकित्सालय के साथ लगते नाले तक तथा नाले से होते हुए धोबीघाट नाले से आदर्श नगर, कारगिल कालोनी होते हुए नाले के साथ ऊपर सुमित्रा देवी हाउस से हरमीत व संत सिंह के घर के साथ लगती पौड़ियों से ऊपर बरार रोड के साथ अमर सिंह घर तक धोबीघाट रोड, वहां से सीधा राजगढ़ रोड दाईं ओर का क्षेत्र, पराशर कांपलेक्स से होते हुए धोबीघाट रोड से आरंभ केंद्र से राजगढ़ रोड तक के क्षेत्र आदि सम्मिलित हैं। वार्ड नंबर-8 शिल्ली रोड वार्ड की परिधि में गेट नंबर 1 शक्तिनगर से नड़ोह की जाने वाले रास्ते से नीचे शक्तिनगर से होते हुए नड़ोह गांव प्राइमरी स्कूल तक वहां से राज स्वरूप शर्मा के घर से होते हुए बजड़ोल गांव से होते हुए जौणाजी रोड के नीचे का क्षेत्र। वार्ड नंबर 9 मधुवन कालोनी वार्ड की परिधि में चौक बाजार मियां होटल के साथ लगते रास्ते व सीड़ियों से नीचे जौणाजी रोड तक जय दत के मकान के विपरीत से होते हुए जौणाजी रोड पहाड़ी की तरफ का क्षेत्र आदि। वार्ड नंबर-10 चौरीघाटी वार्ड की परिधि में पुलिस थाने के साथ लगते नाले से दाईं ओर का क्षेत्र राजगढ़ रोड से कोटला नाला चौक से होते हुए अस्पताल रोड तक, वहां से अस्पताल मार्ग से होते हुए अपेक्स नाले से उपर रघुवंशी के मकान तक आदि रहेंगे।

## एनएसयूआई ने युवान एक क्रांति एक चुनौती अभियान किया शुरू

**प्रेम कश्यप, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया ने अपने प्रदेशव्यापी अभियान युवान एक क्रांति, एक चुनौती शुरू किया। इस अभियान की शुरुआत में यूनियन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कंडाघाट में जिलाध्यक्ष कुशाग्र ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की।

इस अभियान की नई पहल में यूनियन के कार्यकर्ता जिला और उपमंडल के गांवों में जाकर घरद्वार युवाओं से संपर्क और संवाद करेंगे। उन्हें शिक्षा, रोजगार, नशा मुक्ति, और सामाजिक न्याय जैसे विषयों पर जागरूक किया जाएगा। इसका उद्देश्यों में युवाओं को छात्रवृत्ति, कॉलेज सुविधाओं, सरकारी योजनाओं, डिजिटल व सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए इनकी आवाज को मंच देना है। बैठक में कुशाग्र ठाकुर, सुकांत भारद्वाज, हर्ष ठाकुर, दुशांत कश्यप, चंदन भारद्वाज, हर्ष चौधरी, आर्यन काव्यांश सहित कई पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### विस उपाध्यक्ष 5 तक सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 5 जून तक जिला सिरमौर के प्रवास पर हैं। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 3 व 4 जून को श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों का दौरा कर लोगों से मिलेंगे तथा उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। उपाध्यक्ष 5 जून को प्रातः 11 बजे हरिपुरधार तथा दोपहर एक बजे गेहल में जन समस्याएं सुनेंगे।

### समिति ने चलाया भांग उखाड़ो अभियान



**महेंद्र, अनंत ज्ञान, परवाणू।** हिमजन कल्याण जागरूकता समिति हिमाचल प्रदेश जिला सोलन द्वारा सोमवार को परवाणू व अन्य कई स्थानों पर भांग उखाड़ने का कार्य किया गया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष रंजना ठाकुर व जिला अध्यक्ष सोलन संजीव शर्मा द्वारा बताया गया कि हमें अपने युवा पीढ़ी को अगर बचाना है, तो नशे को जड़ से खत्म करना पड़ेगा, पहले भी समिति द्वारा कई बार नशे के ऊपर कार्य किए गए व लोगों को जागरूक किया। समिति ने कई बार पहले भी नशे के ऊपर कैंप का आयोजन किया। इसमें काफी युवाओं ने भाग लिया। समिति का कहना है कि नशे को देश व प्रदेश से खत्म करना है, तो मिल-जुलकर सभी को समाज कल्याण के लिए आगे आना पड़ेगा। इसके लिए समिति काफी सालों से भरपूर प्रयास कर रही है। यह कार्य प्रदेश अध्यक्ष रंजना ठाकुर, सोलन अध्यक्ष संजीव शर्मा, महिला सुरक्षा सलाहकार अरुण शर्मा, जिला संगठन सचिव प्रमोद कुमार, त्रिवेदी जिला प्रचारक विलम सिंह, रचना शर्मा व अन्य साथियों ने इस पुनीत कार्य में भाग लिया।

### सूर्या गायत्री के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार शर्मा की माता सूर्या गायत्री नाथ का सोमवार सुबह निधन हो गया। वे 94 वर्ष की थी और पिछले एक सप्ताह से बीमार चल रही थी। सोलन के प्रमुख अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। सोमवार सुबह करीब 8 बजे उन्होंने अपने आवास में अंतिम सांस ली।

### तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में किया जागरूक

**राजन, अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नैना टिक्कर में तंबाकू निषेध को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल के 200 के लगभग विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्साधिकारी नैनाटिक्कर डॉ. तरुण पराशर ने तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि आजकल युवाओं को धूम्रपान व अन्य तंबाकू उत्पादों के प्रयोग से बचना चाहिए क्योंकि तंबाकू उत्पाद में बहुत से रसायनिक तत्व होते हैं, जो कि कैंसर जैसी घातक बीमारियों को न्यौता देते हैं। इस अवसर पर स्कूल में भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया व विद्यालय से लेकर मुख्य बाजार तक जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी पच्छाद डॉ. पुनीत शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाता रहता है, ताकि समाज में हर व्यक्ति स्वस्थ रहे। इस अवसर पर स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य भूपेंद्र गौतम, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक खंड पच्छाद नरवीर कुमार शर्मा के अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, स्कूल के स्टाफ के सदस्य व स्कूल के 200 के लगभग विद्यार्थी मौजूद थे।

## बाइक पेड़ से टकराई 2 बालकों की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भंडारा खाने जा रहे 2 बालकों की पांवटा साहिब के पुरुवाला में एक दर्दनाक हादसे में मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार यह हादसा पुरुवाला गांव में उस समय हुआ, जब दोनों बालक मोटर साइकिल पर सवार होकर भंडारे में जा रहे थे। इसी बीच मोटर साइकिल एक पेड़ से जा टकराई और दोनों की मौत हो गई। पांवटा के डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस सड़क हादसे में 15 वर्षीय गुरजीत सिंह पुत्र हरपाल सिंह व 15 वर्षीय देव शर्मा पुत्र बंटू शर्मा निवासी क्यारदा, माजरा पांवटा साहिब की मौत हो गई। डीएसपी ने बताया कि 12 बजे के करीब दोनों बालक मोटरसाइकिल पर खेड़ा महाराज भंडारे में जा रहे थे, तो अचानक पुरूवाला में नहर किनारे मोटरसाइकिल पेड़ से टकरा गई। डीएसपी ने बताया कि बाइक को गुरजीत सिंह चला रहा था। शवों को पोस्टमार्टम करवाने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया है।

## डॉ. परमार के समय से चली आ रही चनोटी सड़क निर्माण की मांग : रावत

अनंत ज्ञान, सोलन

भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि सड़क संपर्क मार्ग रास्त से चनोटी की मांग प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय डॉ. यशवंत सिंह परमार के समय से चली आ रही है।



इस सड़क संपर्क मार्ग बनने से क्षेत्र की दर्जनों पंचायतों के लोग लाभान्वित होंगे। रावत ने बताया कि यदि यह सड़क संपर्क मार्ग चनोटी पहुंच जाता है, तो इस संपर्क मार्ग बनने से महल क्षेत्र के लोगों को भी फायदा होगा क्योंकि हरिपुरधार से वियोग, कोरग, बड़ोल, शिलाहण, कुणा होकर यह संपर्क मार्ग चनोटी तक पहुंच चुका है, अब लोक निर्माण विभाग मंडल संगड़ाह ने इस संपर्क मार्ग को चनोटी से वाया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सागंना सत्ताहन से चियाड़ो नाले तक बनाना है। लोक निर्माण विभाग मंडल शिलाई पहले ही रास्त से तादियो तक सड़क संपर्क मार्ग बना चुका है, सिर्फ तादियो से चियाड़ो नाले तक लगभग पांच सौ मीटर सड़क बननी है, जो लोक निर्माण विभाग मंडल शिलाई ने बनानी है फिर यह सड़क बनकर तैयार हो जाएगी।

रावत ने बताया कि अभी इस क्षेत्र के लोग समान आदि खरीदने के लिए 70 किलोमीटर दूर ददाहु जाते हैं यदि यह सड़क संपर्क मार्ग बनकर तैयार हो जाता है तो फिर इस क्षेत्र के लोग अपना सामान आदि खरीदने के लिए आसानी से 20 किलोमीटर दूर रोनहाट जा सकते हैं। रावत ने बताया कि जब सड़के नहीं होती थी, तो उस समय भी लोग अपना समान आदि खरीदने के लिए रोनहाट ही जाते थे।

## एसडीएम से मिले नंबरदार यूनियन के पदाधिकारी

**कृष्ण, अनंत ज्ञान, अर्की।** नंबरदार यूनियन की बैठक जगत राम तनवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में विशेष रूप में संगठन मंत्री भीम सिंह चौहान व जिला प्रधान राजेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक में अनेक विषय पर चर्चा हुई। एसडीएम ने नंबरदारों को आश्वासन दिया कि नंबरदारों का काम लोगों को जागरूक करना और लोगों को नशे से दूरी बनाए रखने के लिए जागरूक करना है। नंबरदार कि महत्वपूर्ण भूमिका है। नंबरदार की बैठक 9 तारीख को सोलन डीसी के कार्यालय में रखी जाएगी। उसमें अपनी समस्या से अवगत कराया जाएगा। इस बैठक में प्रताप ठाकुर, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, चमनलाल, प्रधान नंदलाल मोहनलाल, मदन सिंह, पद्मसिह, जगत राम, अनीता देवी, कृष्ण चंद आदि ने भाग लिया।

## प्राथमिक चिकित्सा व सीपीआर के बारे में सभी को जानकारी होना आवश्यक : एसडीएम



स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में उपस्थित एसडीएम डॉ. पूनम बंसल व अन्य।

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला रेडक्रॉस सोसायटी सोलन द्वारा हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम सोलन के परिसर में चालकों, परिचालकों व तकनीकी कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने की। डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि प्राथमिक चिकित्सा व सीपीआर के बारे में सभी को जानकारी होना आवश्यक है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में बहुमूल्य जीवन को बचाया जा सके। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीना संगर ने इस अवसर पर प्राथमिक चिकित्सा व सीपीआर के बारे में विस्तृत व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर हिमाचल पथ परिवहन निगम सोलन के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेंद्र राजपूत, रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस पैटर्न डॉ. लेखराज कौशिक, रेडक्रॉस सोसायटी सोलन की प्रभारी सीमा मेहता व अन्य सदस्य, हिमाचल पथ परिवहन निगम सोलन के चालक, परिचालक तथा तकनीकी व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## उचित मूल्यों की दुकानों में विभागीय निर्देशों की पालना जरूरी : दिनेश शर्मा



कंडाघाट उपमंडल के उचित मूल्य के दुकान धारकों की बैठक आयोजित।

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल के उचित मूल्य के दुकान धारकों की बैठक निरीक्षक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें उचित मूल्य की दुकान धारकों को निर्देश दिए गए कि राशन डिपुओं में विभागीय निर्देशों का पालना करें।

राशन कार्ड के सभी वर्गों एपीएल, पीएच बीपीएल, अंत्योदय को मिलने वाले राशन की सूचि उनके मूल्य सहित नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित रहे। उन्होंने उपमंडल में डिपुओं के माध्यम से विभागीय मानदंड़ों अनुसार विधिवत राशन वितरण करने पर संतोष जताया। उन्होंने ईकेएसवाई और पॉस मशीन में उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर दर्ज करने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। इसको करने से राशन उपभोक्ता को राशन प्राप्त करने में कोई परेशानी नहीं होगी। बैठक में खंड की सभी 34 उचित मूल्य की दुकानों के धारकों, को-आपरेटिव सोसायटी के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने विभाग और सरकार से मांग की कि पॉस मशीन चलाने के लिए उन्हें नेट कनेक्शन की सुविधा दी जाए, अभी तक वह अपना कनेक्शन उपयोग कर रहे हैं।

## डीएवी स्थापना दिवस पर भजन संध्या का आयोजन

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** डीएवी सिरमौर पब्लिक स्कूल पांवटा साहिब में डीएवी स्थापना दिवस के अवसर पर विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिला सिरमौर के प्रख्यात गायक विक्रांत, धीरज एंड पार्टी ने अपनी मधुर वाणी से सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या शालिनी कांत ठाकुर ने सैकड़ों अतिथियों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में द्वीप प्रज्वलन कर किया। प्रधानाचार्या ने सभी गणमान्य अतिथियों एवं अभिभावकों का हार्दिक स्वागत किया व भजन संध्या के आयोजन को डीएवी पांवटा साहिब का ऐतिहासिक क्षण बताया। भजन संध्या में जहां एक ओर विक्रांत एंड पार्टी ने डीएवी संस्था की महिमा बखान करते हुए एक से बढ़कर भजन प्रस्तुत कर सभी को नाचने पर विवश कर दिया। वहीं प्रधानाचार्या ने परमपिता परमेश्वर से डीएवी पांवटा साहिब के चहुंमुखी विकास की मंगल कामना की।

## जिला परिषद के 17 वार्डों की अंतिम अधिसूचना जारी

### परिसीमन पर आपत्तियों की सुनवाई के बाद डीसी ने जारी की वार्डों की अंतिम सूची

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों की तैयारियां तेज हो गई हैं।



डीसी सिरमौर ने जिले के कुल 17 जिला परिषद वार्डों के अंतिम स्वरूप की अधिसूचना जारी कर दी है। इन 17 जिला परिषद वार्डों के परिसीमन को लेकर प्रशासन ने आपत्तियां और दावे आमंत्रित किए थे।

इस प्रक्रिया के दौरान विकास खंड पांवटा साहिब से पांच, कमरऊ स्थित तिलोरधार से चार, संगड़ाह से चार, नाहन से एक और राजगढ़ से एक, कुल मिलाकर 15 आपत्तियां प्राप्त हुई थीं। इन सभी आपत्तियों की सुनवाई के बाद डीसी ने वार्डों की अंतिम सूची को सार्वजनिक कर दिया है। नई अधिसूचना के अनुसार, जिला सिरमौर के विभिन्न विकास खंडों की कई ग्राम पंचायतों को इन 17 जिला परिषद वार्डों में शामिल किया गया है। वार्ड नंबर एक नौहरा में देवना, नौहराधार, चाढ़ना, घंडूरी, देवामानल, भराड़ी, पुन्नरधार, दिऊड़ी खड़ाहं, गेहल, टिक्करी डसाकंना, वियोंगे, टटवा, बड़ोल, शिलावड़ा, भवाई, भाटन भुजोंड, गवाही, सैर-तंदूला, चोकर, शामरा, लानाचेता व भुटली मानल।

वार्ड नंबर दो संगड़ाह में संगड़ाह, रेडली, लुधियाना, भौड़ कड़ियाना, अंधेरी, सताहन, सांगना, भलौना, रणफुआ जबड़ोग, गनोग, दानाघाटों, रजाना, माइना घडेल, बाऊनल काकोग, खालाक्यार, जामूकोटी, कोटीधिमान, छोऊ भोगर, खूड़ द्राबिल, भाटगढ़, जरग, लाना पालर व सैंज। वार्ड नंबर तीन कांडो भट्नौल में जंवा जुनेली, डाहर, पनोग, लौजा मानल, हलाहं, नाया पंजोड़, झकांडो, धारवा, नैनीधार, रास्त, शखोली, अजरोली, कोटीबौंच, लाणी बोराड़, द्राबिल, शिरीक्यारी, कांडो भटनौल, नावणा भटवाड़, बांदली व वेला। वार्ड नंबर चार ग्वाली में बालीकोटी, ग्वाली, शिलाई, नाया, अश्याड़ी, पाबे मानल, कुंहट, कोटी उतरोऊ, बांबल, मिल्लाह, बिरला दिगवा, क्यारी गुंडाह, बकरास, मानल, कोटापाब व सतौन। वार्ड नंबर पांच सतौन में कांडो च्योग, माशु, शरली मानपुर, गुद्दी मानपुर, जामना, शावगा, टोंडा जाखल, टिटियाणा, शिल्ला, बोकाला पाब, दुगाना, बल्दूवा, बोहल खुइनल, शमाहं, पमता, कमरऊ, कांटीमश्वा, बड़वास, शखोली, कोड़गा, चांदनी, कठवाड़, भजौन व पोका। वार्ड नंबर छह गोरखूवाला में शिवा, भरली आगरो, बनोर, टौंऊ डांडाआंज, नघेता, भैला, कलाथा बड़ाना, खोदरी, गोजर अड़यान, राजपुर, अंबोया, डांडा, कंडेला अदवाड़, गोरखूवाला व डोबरी सालवाला।


डीसी द्वारा जारी इस अंतिम अधिसूचना के बाद अब जिला परिषद के चुनाव को लेकर तस्वीर और स्पष्ट हो गई है। प्रशासन अब चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की तैयारियों में जुट गया है।

## अंडर-23 इंटर डिस्ट्रिक्ट वन-डे क्रिकेट में सिरमौर ने ऊना को 2 रनों से हराया

अनंत ज्ञान, नाहन

ऊना के जेएनवी ग्राउंड पेखूबेला में खेले गए अंडर 23 इंटर डिस्ट्रिक्ट वनडे मैच में सिरमौर ने शानदार खेल दिखाते हुए पिछले चैंपियन ऊना को सिर्फ 2 रनों से हराकर बड़ी जीत हासिल की है। यह मुकाबला बेहद रोमांचक और दर्शनीय रहा।

सिरमौर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.5 ओवर में 194 रन बनाए, जिसमें आर्यन ने 97 गेंदों में 71 रन की बेहतरीन पारी खेली। उनके साथ आर्यन विक्रम ने 74 गेंदों में 48 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति दी। ओपनिंग बल्लेबाज अंश शर्मा ने भी 53 गेंदों में 33 रन बनाकर पारी की अच्छी शुरुआत की। हालांकि, इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज लंबे समय तक टिक नहीं पाया और पूरी टीम 50 ओवर भी नहीं खेल सकी। ऊना की ओर से विनय कुमार ने 10 ओवर में महज 22 रन देकर 3 विकेट लिए, वहीं राघव अंगड़ा ने 32 रन खर्च कर 3 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। दोनों गेंदबाजों ने सिरमौर की पारी को काबू में रखा। जवाब में ऊना की टीम ने अच्छी कोशिश की। रॉबिन संडल ने 92 गेंदों में 57 रन बनाए, जबकि अभिषव शर्मा ने 48 गेंदों में 46 रन की पारी खेली, लेकिन सिरमौर के गेंदबाज सुकेश ने अपनी शानदार गेंदबाजी का जलवा दिखाते हुए 9.2 ओवर में 6 विकेट झटके और ऊना की पारी की कमर तोड़ दी। उनके साथ प्रियंशु शर्मा ने भी 2 विकेट लेकर टीम को मजबूत बनाए रखा। अंत में ऊना टीम 49.2 ओवर में 192 रन बनाकर सिमट गई और सिरमौर ने यह मैच केवल 2 रनों से जीत लिया।



सिरमौर जिले की टीम ट्रॉफी के साथ।

**समापन** 7-ए साइड राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न, 400 खिलाड़ियों ने लिया भाग

## युवाओं को नशे से दूर रखने में खेलें महत्वपूर्ण : डॉ. शांडिल



विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल।

अनंत ज्ञान, सोलन

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें खेलों की ओर आकर्षित करने के लिए प्रदेश सरकार सकारात्मक कदम उठा रही है।

डॉ. शांडिल ऐतिहासिक ठोडो मैदान में 7-ए साइड राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। 7ए साइड राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में 16 राज्यों की सीनियर और जुनियर वर्ग की 40 टीमों के 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। डॉ. शांडिल ने कहा कि खेल युवाओं को नशे से दूर रखने में अहम भूमिका निभाते हैं और खेलों के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर भी मिलते है।

उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को मानसिक रूप से एकाग्र और शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि खेलकूद के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखा जा सकता है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित करने और नशे से दूर रखने में सहायक सिद्ध होते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि युवाओं को खेल गतिविधियों से अधिक से अधिक जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार यथासंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों की डाईन मनी में वृद्धि की है।

### जीवन में तनाव मुक्त रहने के लिए संगीत आवश्यक


अनंत ज्ञान, सोलन। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि वर्तमान की भाग-दौड़ वाले जीवन में तनावमुक्त रहने में संगीत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. शांडिल गत देर सायं उदय फोरम द्वारा आयोजित रफी नाइट में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि तकनीक व भाग-दौड़ के इस युग में तनावमुक्त रहने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का होना आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम जहां युवा संगीतकारों को उनकी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। वहीं, उन्हें उचित मंच भी प्रदान करते हैं। संगीत के माध्यम से क्षेत्र विशेष की उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं हमारी संस्कृति के संवर्धन एवं संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नशा आज समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए संगीत, नृत्य व खेल महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि अपनी ऊर्जा का उपयोग शिक्षा, संगीत, नृत्य व खेलकूद जैसी गतिविधियों में लगाएं,, ताकि भविष्य उज्ज्वल बन सके। उन्होंने आयोजन समिति को ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर विभिन्न संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत नौणी के प्रधान मदन हिमाचली, नगर निगम सोलन के पार्षद सरदार सिंह, नगर परिषद सोलन के पूर्व अध्यक्ष कुल राकेश पंत, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन मेहता, जगमोहन मल्होत्रा, संधीरा सीनू सिंह, सक्षम शर्मा, उप महाअधिवक्ता रोहित शर्मा, उदय फोरम सोलन के अध्यक्ष रविंद्र कंवर पाल, महासचिव रणवीर सिंह राणा, मुख्य सलाहकार रविकांत सूद सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## हिम आंचल पेंशनर्स जनेड़घाट के प्रधान बने ब्रह्मानंद शर्मा

अनंत ज्ञान, सोलन

हिम आंचल पेंशनर्स संघ (रजि) हिमाचल प्रदेश के मशोबरा विकास खंड की जनेड़घाट इकाई की वार्षिक बैठक संघ के वरिष्ठ संयोजक नारायण त्रिष्टि की अध्यक्षता में स्थानीय सामुदायिक भवन के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और चर्चा में भाग लिया।

इस बैठक में पेंशनर्स ने कई मुद्दों और दैनिक जीवन में आ रही विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और प्रदेश सरकार से लंबित मांगों को जल्द पूरा करने का आग्रह किया। साथ ही संघ की मजबूती के लिए ज्यादा से ज्यादा पेंशनर्स को इसकी मुख्यधारा से जोड़ने पर बल दिया। बैठक में इकाई के वर्ष 2025-27 के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव करवाया गया। इसमें ब्रह्मानंद शर्मा को प्रधान, संतलाल राव महासचिव, विद्या प्रकाश चौहान कोषाध्यक्ष तथा भीम सिंह चौहान को सर्वसम्मति से प्रेस सचिव चुना गया। इसी तरह इंद्र कुमार कश्यप को सह कोषाध्यक्ष, माला भंडारी उपप्रधान, राम स्वरूप कश्यप को सहसचिव, ओमप्रकाश शर्मा लेखाकार, उमा कौशिक और राधा कृष्ण शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। चुनावी प्रक्रिया संपन्न होने के बाद कार्यकारिणी ने नारायण त्रिष्टि और देशराज ठाकुर के नामों की संस्तुति जिला प्रतिनिधि के लिए की। बैठक में राधा कृष्ण शर्मा ने नए वेतनमानों में उत्पन्न हुई वेतन विसंगतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रथम-2016 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों तथा कुछ श्रेणियों को संशोधित वेतनमानों में बहुत कम लाभ मिला है। संघ से इस मामले को सरकार के समक्ष पूरजोर उठाने का आग्रह किया।




# आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का निगम के खिलाफ प्रदर्शन

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ के अंतर्गत कार्यरत पब्लिक हेल्थ वर्कर यूनियन के अधीनस्थ सैकड़ों आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने आज, 2 जून 2025 को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक नगर निगम दफ्तर सेक्टर 17 के गेट के सामने एक शांतिपूर्ण रोष प्रदर्शन का आयोजन किया।

इस प्रदर्शन में भारतीय मजदूर संघ से संबंधित सभी यूनियनों के नेताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए कर्मचारियों का हौंसला बढ़ाया। इनमें मलकीत सिंह, पब्लिक हेल्थ वर्कर यूनियन यूटी चंडीगढ़, अध्यक्ष और प्रदीप कुमार, जनरल सैक्ट्री, प्रदीप कुमार सीनियर वाइस प्रधान, बलबीर राम, सुखवंत सिंह, जसवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह ने भाग लिया ।

भारतीय मजदूर संघ की तरफ से बद्री प्रसाद कौशिक-प्रभारी, बलविंद्र सिंह-अध्यक्ष, जसवंत सिंह- महासचिव, अमित कुमार, जगजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, कुमार, कृष्ण कुमार, रविंद्र जायसवाल, हरजिंदर सिंह, बलविंद्र सिंह, मनोज कुमार ने हिस्सा लिया और संघ की तरफ से पूर्ण समर्थन का भरोसा दिलवाया। इस मौके पर दविंद्र सिंह बबला, स्टेट वाइस प्रेजिडेंट, बीजेपी भी पहुंचे और निगम आयुक्त से मुलाकात करने और सभी कर्मियों को आश्वासन दिया कि उनकी नौकरी की सुरक्षा के लिए सभी उचित कदम उठाए जाएंगे ।

संघ के अध्यक्ष मलकीत सिंह ने कहा, आउटसोर्सिंग कर्मचारी नगर निगम की कई सेवाओं की रीढ़ हैं । भारतीय मजदूर संघ के प्रधान बलविंदर सिंह ने कहा, हमें उम्मीद है कि नगर निगम आयुक्त और संबंधित अधिकारी इन मांगों पर शीघ्र उचित कार्रवाई करेंगे ।

### ये हैं मुख्य मांगें

**आउटसोर्सिंग** कर्मचारियों की सेवाएं बरकरार रखी जाएं, क्योंकि ये कर्मचारी नगर निगम की आवश्यक सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं । आउटसोर्सिंग के माध्यम से मैनपावर प्रविस्तारण के लिए टेंडर का आवंटन एवं नवीनीकरण शीघ्र किया जाए, ताकि कर्मचारियों की नौकरी और सेवाएं दोनों ही सुरक्षित रह सकें। सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान किया जाए, क्योंकि वेतन में देरी के कारण कई कर्मचारी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं ।

## सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के विजेता सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ सॉफ्टबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 43वीं जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियां) का आज पंजाब विश्वविद्यालय में समापन हुआ। जिसमें 22 राज्यों ने भाग लिया था। मुख्यातिथि राजीव वर्मा (आईएएस) मुख्य सचिव, यूटी चंडीगढ़ प्रशासन ने, धर्मपाल (सेवानिवृत्त आईएएस), अध्यक्ष, चंडीगढ़ सॉफ्टबॉल एसोसिएशन और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक के पूर्व सलाहकार; और सुश्री प्रेरणा पुरी (आईएएस), खेल सचिव यूटी चंडीगढ़ की उपस्थिति में विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया।

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए, मुख्यातिथि राजीव वर्मा ने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चंडीगढ़ शहर में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हर महीने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। उन्होंने खिलाड़ियों और कोचों को कड़ी मेहनत करने, उत्कृष्ट चंडीगढ़ खेल नीति का लाभ उठाने और शहर को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया।

# डायलिसिस सत्र का किया सफलतापूर्वक आयोजन : आरती

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि हरियाणा सरकार अपने नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सदैव पूरी तरह संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध रही है। राज्य के 22 जिलों में संचालित हीमो डायलिसिस सेवाओं के तहत 18 अक्तूबर, 2024 से 30 अप्रैल, 2025 तक कुल 99,309 नि:शुल्क डायलिसिस सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि डायलिसिस एक महंगी चिकित्सा प्रक्रिया है, जो किडनी रोगियों के लिए जीवन रक्षक साबित होती है, लेकिन अब यह सेवा हरियाणा के सभी नागरिकों को पूरी तरह से नि:शुल्क प्रदान की जा रही है। वर्तमान में यह सुविधा राज्य के 20 जिला नागरिक अस्पतालों तथा 2 मेडिकल कॉलेजों करनाल व नूंह में उपलब्ध है। इसके अलावा, आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों में भी पात्र लाभार्थियों को यह सेवा नि:शुल्क प्रदान की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी नागरिक आर्थिक कारणों से आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड, टेलीमेडिसिन और स्वास्थ्य शिविर जैसी सुविधाओं पर भी तेजी से काम कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी नागरिकों से जागरूक रहने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की भी अपील की।

### प्रबंधन प्रणाली लागू करने की घोषणा

**हरियाणा** की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव के दूरदर्शी नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने विभाग में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जियो-फेंसिंग आधारित उपस्थिति प्रबंधन प्रणाली लागू करने की घोषणा की है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) हरियाणा द्वारा विकसित यह नई प्रणाली प्रबंधन में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए बनाई गई है। इस नई पहल के तहत, सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन का वितरण पूरी तरह से जियो-फेंसिंग सिस्टम के डेटा पर आधारित होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### युवाओं को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2025 के उपलक्ष्य में सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में जनरेशन सेवियर एसोसिएशन



(जीएसए), जीजीडीएसडी एलुमनाई एसोसिएशन (एसडीएएसी) और कॉलेज के विक्ट्री अगेंस्ट ड्रग एब्यूज (वाडा) क्लब के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से युवाओं में तंबाकू और निकोटीन उत्पादों के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में ट्राईसिटी के 20 से अधिक स्कूलों ने हिस्सा लिया, जिनके स्टूडेंट्स ने पहले भी इसी विषय पर जीएसए द्वारा आयोजित 29वीं वार्षिक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया था। इसमें एक हजार से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। कॉलेज के मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान चयनित विजेताओं और प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया और सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू के सेवन के हानिकारक परिणामों के बारे में जागरूकता बढ़ाना न केवल एक स्वास्थ्य पहल है, बल्कि यह एक नैतिक जिम्मेदारी भी है। इस तरह के आयोजन हमारे युवाओं को सूचित निर्णय लेने और हानिकारक उद्योगों की भ्रामक रणनीति का विरोध करने के लिए सशक्त बनाते हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और ट्राईसिटी से आए गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और युवा सशक्तिकरण के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इनमें तंबाकू नियंत्रण, दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र, वाइटल स्ट्रैटेजीज के डॉयरेक्टर डॉ. राणा जे. सिंह और पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट एडवोकेट सरतेज सिंह नरूला शामिल थे। जीजीडीएसडी एलुमनाई एसोसिएशन (एसडीएएसी), समाज को वापस देने के लिए प्रतिबद्ध पूर्व छात्रों के समूह, ने इस उद्देश्य का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कर्नाटक में धारदार हथियारों से शख्स की हत्या

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक में संपत्ति विवाद को लेकर कुछ लोगों ने चेनप्पा नरिनाल नाम के व्यक्ति की हत्या कर दी है। इस वारदात को एक बेकरी के अंदर अंजाम दिया गया है, वहीं सीसीटीवी फुटेज में हमले की पूरी घटना कैद हुई हैं। इसके बाद संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज में पीड़ित साफ तौर पर नजर आ रहा है, वो चिल्लाता हुआ और बेकरी में भागता हुआ दिखाई देता है, जबकि कुछ लोग उसे लाठियों से पीट रहे थे। मामले में अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि कोप्पल जिले में कथित संपत्ति विवाद को लेकर बेकरी की दुकान के अंदर सात लोगों ने एक व्यक्ति की चाकू से हत्या कर दी। यह घटना 31 मई को हुई थी और सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस के मुताबिक, कम से कम दो लोग उस पर चाकू से हमला कर रहे थे, जबकि एक व्यक्ति ने पीड़ित के सिर पर लकड़ी के लट्ठे से वार किया। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका : फायरिंग में पुलिस अधिकारी की मौत

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** अमेरिका के लॉस एंजेलिस में गोलीबारी की एक घटना में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई है। दरअसल पुलिस को एक व्यक्ति द्वारा गोलीबारी करने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस पर भी गोलीबारी की गई, जिसमें एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घटना शनिवार रात की है। संदिग्ध आरोपी भी घायल हुआ है और उसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। संदिग्ध आरोपी की पहचान अभी नहीं हो सकी है। वहीं गोलीबारी में मारे गए पुलिस अधिकारी की पहचान सैमुअल रिवोर्स के रूप में हुई है। वहीं घटना में घायल पुलिस अधिकारी की हालत स्थिर है। गोलीबारी में इस्तेमाल किया गया हथियार जब्त कर लिया गया है और पुलिस घटना की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### पूर्वोत्तर में बारिश-बाढ़ से अब तक 37 मौतें



**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर राज्यों में पिछले चार दिनों में भारी बारिश जारी है। पूर्वोत्तर राज्यों में बाढ़ और लैंडस्लाइड से अब तक करीब 37 लोगों की मौत हुई है। इसमें असम में 10, अरुणाचल प्रदेश में 9, मिजोरम में 5 और मेघालय में 6 मौतें शामिल हैं। मौसम विभाग ने पूर्वोत्तर राज्यों में 5 जून तक बारिश की आशंका जताई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम, मणिपुर, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों से इन राज्यों में हो रही भारी बारिश के बारे में बात की। मौसम विभाग (आईएमडी) ने आगामी सप्ताह, 6 जून तक के लिए अरुणाचल प्रदेश के लिए चेतावनी जारी की है। बताया जा रहा है 6 जून तक भारी बारिश होगी। बाढ़-लैंडस्लाइड प्रभावित इलाकों से लोगों को निकालने के लिए भारतीय सेना, एयरफोर्स और असम रायफल्स के जवानों को तैनात किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# केशव बंसल ने जेईई एडवांस्ड में 382वां रैंक किया हासिल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड में चंडीगढ़ के 33 छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है, जो इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से सबसे कठिन मानी जाती है।

इस उपलब्धि के शीर्ष पर केशव बंसल हैं, जिन्होंने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 382 प्राप्त किया और टॉप रैंकर्स में अपना नाम दर्ज किया।

छात्रों को बधाई देते हुए डॉ. सुरेंद्र चौहान, क्षेत्रीय निदेशक, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने कहा कि यह परिणाम एईएसएल में अपनाई गई शैक्षिक कड़ी मेहनत और अनुशासन का प्रमाण हैं।

हम अपने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करते हैं और आईआईटी में उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

# एलन चंडीगढ़ के छात्रों का जेईई मेन्स परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**राकेश, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़ ।** एलन करियर इंस्टीट्यूट चंडीगढ़ लगातार विभिन्न ओलंपियाड में शीर्ष रैंक, जेईई मेन्स में शानदार परिणाम, नीट 24 में एआईआर-1 और अब एलन चंडीगढ़ के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2025 में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। आईआईटी कानपुर द्वारा आज घोषित बहुप्रतीक्षित जेईई एडवांस्ड 2025 के परिणाम एलन के छात्रों और शिक्षकों की उल्लेखनीय लगन और कड़ी मेहनत को दर्शाते हैं।

एलन चंडीगढ़ के क्लासरूम स्टूडेंट रमित गोयल ने जेईई एडवांस्ड 2025 में एआईआर 45 हासिल करके संस्थान और अपने माता-पिता के नाम को चमकाया है। केशव मित्तल ने एआईआर 147 हासिल की। अन्य उल्लेखनीय प्रदर्शनों में एलन के क्लासरूम स्टूडेंट दीपिंद्र सिंह शामिल हैं, जिन्होंने एआईआर 180 हासिल की और हितेन मित्तल ने एआईआर 185 हासिल की।

रमित के माता-पिता, अरविंद कुमार और संध्या रानी, उनके मजबूत सपोर्ट सिस्टम रहे हैं। उन्होंने जेईई मेन 2025 में एआईआर 168 भी हासिल की। एलन चंडीगढ़ क्लासरूम के छात्र दीपिंदर सिंह ढिल्लों ने जेईई एडवांस्ड 2025 में एआईआर 180 हासिल की। वह गुरमिंदर सिंह और नरिंदर कौर के बेटे हैं, दोनों शिक्षकों ने उन्हें मार्गदर्शन और पोषण प्रदान किया। 2025 में जेईई मेन रैंक 234 के साथ, उन्होंने लगातार अपनी अकादमिक उत्कृष्टता साबित की। शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के दीपिंद्र की उपलब्धियां आईओक्यूएमओ, एनएसईपी, एनएसईसी और एनएसईए में उत्तीर्ण होने तक फैली हुई हैं।

## यूटी चंडीगढ़ में टीकाकरण का छठा दौर संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत सरकार के राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) के तहत, पशुपालन एवं मत्स्यपालन विभाग, यूटी चंडीगढ़ द्वारा एफएमडी कार्यक्रम को 2020 में अपनी स्थापना के बाद से सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। यूटी चंडीगढ़ के सभी गांवों में एफएमडी टीकाकरण का छठा दौर 19 मई, 2025 से शुरू किया गया और 31 मई 2025 को समाप्त हुआ। यूटी चंडीगढ़ के पशुपालन एवं मत्स्यपालन सचिव, आईएएस हरि कल्लिकट ने कहा कि एफएमडी आर्थिक प्रभाव की दृष्टि से पशुओं की सबसे गंभीर बीमारियों में से एक है और इसे नियंत्रण और उन्मूलन के लिए विश्व स्तर पर प्राथमिकता वाली बीमारी के रूप में मान्यता प्राप्त है।

पशुपालन एवं मत्स्यपालन विभाग, यूटी चंडीगढ़ ने पशुपालकों के घर-घर जाकर एफएमडी के खिलाफ सभी बड़े और छोटे पशुओं का नि:शुल्क टीकाकरण किया। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## देश-विदेश

### 'आप' का बिहार में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बीच इंडिया गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी ने ऐलान किया है कि वो अकेले अपने दम पर प्रदेश का चुनाव लड़ेगी। पार्टी के बिहार प्रभारी और पूर्व विधायक अजेश यादव ने बताया कि आम आदमी पार्टी पूरे बिहार में यात्रा कर रही है। हमारी पार्टी सभी 243 सीटों पर अपनी तैयारी कर रही है और हम अपने दम पर अकेले चुनाव लड़ेंगे। अजेश यादव ने कहा कि फिलहाल तो गठबंधन को लेकर हमारी अभी किसी से कोई बातचीत नहीं चल रही है। इस बारे में चुनाव के समय देखा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# देश में कोरोना से 24 घंटे में 6 मौतें

## 3976 एक्टिव केस, केरल में सबसे ज्यादा 1435 मामले

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 3976 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 10 दिन में 15 गुना मामले बढ़े हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1435 केस हैं। महाराष्ट्र एक्टिव मामलों के मामले में दूसरे नंबर पर है, यहां 506 मरीज हैं।

कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 34 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 6 मौतें हुई हैं। सोमवार को अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती लड़की और 47 साल की महिला की कोरोना से जान गई। इससे पहले रविवार को दिल्ली में 22 साल की लड़की और तमिलनाडु में 25 साल के लड़के की कोरोना से मौत हुई थी। लगातार बढ़ते केसों के बीच कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की है।

इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की अपील की। बुखार, खांसी, सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने को कहा है। राज्य में 253 एक्टिव केस हैं। (अनंत ज्ञान)

### कोरोना से निपटने के लिए तैयारियां पूरी

**केंद्रीय** स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा- स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह से सतर्क हैं। सभी राज्यों के हालात पर नजर रख रहे हैं। हमने संबंधित सचिवों और मंत्रियों से बातचीत की है। उन्होंने आगे कहा कि पिछली कोविड लहरों के दौरान बने ऑक्सीजन प्लांट, ICU बेड इत्यादि की समीक्षा हो चुकी है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां जारी हैं।

# मोदी के जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने की संभावना कम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री मोदी के इस साल 15-17 जून को कनाडा की तरफ से आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन का हिस्सा बनने की संभावना नहीं है। अल्बर्टा में होने वाली बैठक के लिए कनाडा की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक आमंत्रण नहीं आया है, लेकिन मोदी के वहां जाने की पूरी संभावना नहीं है। ;द्द छह साल में पहली बार हो रहा जब प्रधानमंत्री जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेंगे। खासकर तब जब भारत को अभी भी यकीन नहीं है कि ओटावा में नई सरकार खालिस्तानी अलगाववादियों के बारे में उसकी चिंताओं को लेकर बात सुनेगी। जानकारी के अनुसार, कनाडा के जी7 प्रवक्ता ने रविवार को देर शाम इस बात की पुष्टि नहीं की थी कि मोदी को आमंत्रित किया जाएगा या नहीं। भारत द्वारा अंतिम समय में दिए गए किसी भी आमंत्रण पर विचार किए जाने की संभावना नहीं है, क्योंकि इसमें लॉजिस्टिक संबंधी बाधाएं, अलगाववादियों की तरफ से यात्रा को बाधित करने के संभावित प्रयास और तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंध शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

**कनाडा की तरफ से अभी तक नहीं मिला निमंत्रण**

# बिहार में तीन चरणों में हो सकते हैं चुनाव

**एजेंसी, पटना**

इस साल के आखिर में बिहार विधानसभा का चुनाव होना है। सूत्रों की मानें तो बिहार में चुनाव 3 चरण में हो सकते हैं। माना जा रहा है कि वोटिंग की डेट में दिवाली और छठ पर्व का ध्यान रखा जाएगा।

चुनाव आयोग की टीम इसी महीने बिहार जाएगी। हालांकि, अभी तारीख अभी तय नहीं है। बता दें कि बिहार में वर्ष 2020 का विधानसभा चुनाव 3 फेज में हुआ था। इस साल भी ऐसी ही संभावना है। (अनंत ज्ञान)

### 22 नवंबर को खत्म हो रहा सरकार का कार्यकाल

**नीतीश** कुमार का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 तक है। ऐसे में संभावना है कि सितंबर से अक्टूबर के बीच आचार संहिता लग जाएगी। माना ये भी जा रहा है कि सितंबर के आखिरी हफ्ते से चुनाव की शुरुआत हो सकती है, जो पूरे अक्टूबर तक चलेगी। अक्तूबर में तीन बड़े त्योहार हैं, ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि चुनाव तीन चरणों में कराए जा सकते हैं। नवंबर के पहले हफ्ते में नतीजे आ सकते हैं।

# यूक्रेन ने 5 एयरबेस पर एयरस्ट्राइक की : रूस

**एजेंसी, मॉस्को**

रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को पुष्टि की कि यूक्रेन द्वारा किए गए ड्रोन हमलों में देशभर के 5 सैन्य एयरबेस को निशाना बनाया गया, जिससे कई विमानों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, कितने विमान क्षतिग्रस्त हुए हैं, इसका सटीक आंकड़ा नहीं बताया है। अपने बयान में रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसने मुरमान्स्क, इरकुत्स्क, इवानोवो, रयाजान और अमूर क्षेत्रों में स्थित हवाई अड्डों पर FPV (फर्स्ट पर्सन व्यू) ड्रोन से आतंकी हमला किया। मंत्रालय ने कहा कि इवानोवो, रयाजान और अमूर क्षेत्रों के सैन्य एयरबेसों पर सभी आतंकी हमलों को नाकाम कर दिया गया। पहली बार आधिकारिक रूप से यह भी पुष्टि की गई है कि कुछ ड्रोन हमले एयरबेस के बहुत पास से ही किए गए थे। (अनंत ज्ञान)

**कहा- यूक्रेन ड्रोनों से आतंकी हमला किया कई विमान तबाह**

# अमेरिका के कोलोराडो में इसराइल समर्थकों पर हमला

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के कोलोराडो राज्य के बोल्डर शहर में रविवार को एक संदिग्ध ने फ्री फिलिस्तीन का नारा लगाता हुए लोगों पर हमला कर दिया। उसने लोगों पर मोलोटोव कॉकटेल फेंका, जिससे मौके पर आग लग गई। इस आग की चपेट में आने से 8 लोग झुलस गए। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें एक शख्स मोलोटोव कॉकटेल (पेट्रोल बम) फेंकते हुए दिखाई दे रहा है। यह हमला रन फॉर देयर लाइव्स नाम के एक ग्रुप की सभा के दौरान हुआ। यह ग्रुप गाजा में हमास की कैद में मौजूद इजराइली नागरिकों की रिहाई की मांग कर रहा था। पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 45 वर्षीय मोहम्मद साबरी सोलिमान के रूप में हुई है। CNN ने बताया कि सोलिमान ने पहले अमेरिका में शरण के लिए आवेदन किया था। साल 2005 में सोलिमान को अमेरिका में घुसने के लिए वीजा देने से मना कर दिया गया था। हालांकि, वह अमेरिका कब और कैसे आया, यह अभी तक साफ नहीं है। (अनंत ज्ञान)

**लोगों पर पेट्रोल बम फेंका, आठ लोग झुलसे**

## गिरावट — बैंकिंग और आईटी के शेयर धड़ाम, निफ्टी में 34 अंक की गिरावट

# सेंसेक्स 77 अंक गिरकर 81,373 के स्तर पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**



शेयर बाजार में 2 जून को गिरावट रही। सेंसेक्स 77 अंक गिरकर 81,373 के स्तर पर बंद हुआ, वहीं निफ्टी में भी 34 अंक की गिरावट रही। यह 24,716 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में गिरावट और 11 में तेजी है। बैंकिंग, ऑटो और आईटी शेयर में गिरावट रही। वहीं, एफएमसीजी और एनर्जी शेयर्स में बढ़त देखने को मिली है।

अमेरिकी अपील अदालत की ओर से पारस्परिक शुल्कों को अस्थायी रूप से बहाल करने के बाद व्यापार अनिश्चितता फिर बढ़ गई। इससे आईटी शेयरों में गिरावट दिखी और एशियाई बाजारों में सुस्त माहौल बना। इसके कारण शुक्रवार को शेयर बाजार सीमित दायरे में बंद हुए।

### टेक महिंद्रा में 1.73 फीसदी की गिरावट

**सेंसेक्स** की कंपनियों में टेक महिंद्रा में सबसे ज्यादा 1.73 फीसदी की गिरावट आई। एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, इंफोसिस, नेस्ले, सन फार्मा और टाटा स्टील के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। इटरनल, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व लाभ में रहे। बाजार बंद होने के बाद घरेलू सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी होने से पहले निवेशक सतर्क थे।

# भीख मांगकर आतंकवाद फैलाता है पाकिस्तान : गुलाम अली खटाना

**एजेंसी, लंदन**



भारतीय जनता पार्टी के सांसद गुलाम अली खटाना ने आतंकवाद का समर्थन करने के लिए पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया। रविवार को लंदन के इंडिया हाउस में भारतीय प्रवासियों से बातचीत करते हुए खटाना ने कहा, 'पाकिस्तान एक तरफ भीख मांगता है, दूसरी तरफ आतंकवाद फैलाता है। वह समय चला गया है। हम यहां यूरोप में हैं और हमारे दूसरे दोस्त दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में यह संदेश देने के लिए हैं कि हम आतंकवाद को कुचलना जानते हैं। हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है। आप लोग हमारे राजदूत हैं। हम लड़ाई करेंगे। हमारी सेना वहां लड़ेगी। हमें यहां कूटनीतिक लड़ाई लड़नी है, सोशल मीडिया की लड़ाई लड़नी है। हमें लड़ना है और अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करना है। हम चुप रहते हैं और सोचते हैं कि यह मेरा काम नहीं है।' (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड

गुजरात टाइटंस


ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
679

गुजरात टाइटंस


पर्पल कैप
**प्रसिद्ध कृष्णा**
25

लखनऊ सुपर जायंट्स

सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
40

## आईपीएल | नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा फाइनल मुकाबला, कोहली पर सबकी नजरें

# आईपीएल ट्रॉफी का 18 साल का इंतजार खत्म करने उतरेंगे बेंगलुरु और पंजाब

**एजेंसी, अहमदाबाद**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने का 18 साल का इंतजार खत्म करना होगा। सभी की निगाहें हालांकि हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरू से आरसीबी से जुड़े होने के बावजूद अभी तक अपनी टीम को आईपीएल का चैंपियन नहीं बना पाए हैं। आरसीबी और कोहली का यह चौथा फाइनल होगा।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल मुकाबले में कोहली का समर्थन करने के लिए 18 नंबर की जर्सी पहने हजारों प्रशंसक नजर आ सकते हैं। आरसीबी ने अपनी पिछली समस्याओं को पीछे छोड़कर इस बार शुरू से लेकर अंत तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने पहले क्वालीफायर में पंजाब को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और उनकी टीम अपने इसी प्रदर्शन को दोहराने के लिए प्रतिबद्ध होगी। कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे। इस बार उन्हें अन्य खिलाड़ियों का भी अच्छा सहयोग मिला जिसने मुख्य अंतर पैदा किया।

इस वर्ष कोहली अकेले ऐसे खिलाड़ी नहीं




रहे हैं जिन पर सबका ध्यान केंद्रित रहा है, बल्कि उन्होंने चुपचाप आरसीबी को मजबूत करने का काम किया है। फिल साल्ट ने भारतीय सुपरस्टार का अच्छा साथ देकर आरसीबी को अच्छी शुरुआत दिलाई, जबकि मयंक अग्रवाल, कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा बल्लेबाजी क्रम के भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। टिम डेविड चोटिल होने के कारण आरसीबी के पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए इसलिए यह देखना बाकी है कि वह इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। उन्होंने रोमारियो शेफर्ड के साथ मिलकर डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

गेंदबाजी में शांत और धैर्यवान जोश हेजलवुड (21 विकेट) ने आरसीबी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अभी चौथे स्थान पर है।

मुल्लांपुर में अपने घरेलू मैदान पर पहले क्वालिफायर में आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स की टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। उसने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर 11 वर्षों के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया।

दस टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है। अय्यर (603 रन) के नेतृत्व में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स चैंपियन बना था। इस तरह से लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ कहता है जो इस प्रारूप में किसी भी अन्य की तरह ही अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से संगठित करता है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अय्यर टूर्नामेंट के 18 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स तीसरी टीम है। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब किंग्स के पास अच्छे बल्लेबाज

**प्रभसिमरन** सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह के रूप में अय्यर का साथ देने के लिए पंजाब किंग्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं, जिससे वह अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रख सकते हैं और विपक्षी खेमे पर आक्रामक हमले भी कर सकते हैं। मार्को यानसन के बिना पंजाब की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिखी, लेकिन बल्लेबाजी के अनुकूल विकेट पर मुंबई इंडियंस को पूरी पारी में रोके रखने से पता चलता है कि उसका आक्रमण बहुत कमजोर नहीं है।

### चहल से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**युजवेंद्र** चहल अब भी हाथ की चोट से जूझ रहे हैं और दूसरे क्वालीफायर में वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे, लेकिन पंजाब को उनसे अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी।

### फाइनल में रखा एक रिजर्व दिन

**पंजाब** और मुंबई के बीच दूसरा क्वालीफायर बारिश से प्रभावित रहा था, लेकिन फाइनल के दिन बारिश की कोई भविष्यवाणी नहीं है, लेकिन खेल समय में एक अतिरिक्त घंटा जोड़कर अवधि को 120 मिनट तक बढ़ाया गया है तथा फाइनल में एक रिजर्व दिन रखा गया है।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, फिल साल्ट (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लियाम लिविंगस्टोन, क्रुणाल पंड्या, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, मनोज भंडागे, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, सुयश शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी, यश दयाल।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे, काइल जैमीसन।

## स्पोर्ट्स विंडो

### श्रीहरि नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकाला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने 20वीं सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में 1:48:66 सेकंड का समय निकालकर सजन प्रकाश के 2021 में निकाले गए 1:49.73 सेकंड के समय को पीछे छोड़ा। नटराज ने इससे पहले 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीता था। तैराकी में किसी समय को राष्ट्रीय रिकार्ड तभी माना जाता है जब उसे राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में हासिल किया गया हो। इसलिए अन्य प्रतियोगिताओं में दर्ज समय को सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय कहा जाता है। (अनंत ज्ञान)

### हेनरिच क्लासेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**एजेंसी, केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिच क्लासेन ने काम और जिंदगी में संतुलन लाने और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग में भी अपनी प्राथमिकतायें तय करने की कवायद में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से तुरंत प्रभाव से संन्यास ले लिया। तैंतीस वर्ष के क्लासेन ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था। अब उन्होंने सफेद गेंद के प्रारूप से भी विदा ले ली है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिये चार टेस्ट, 60 वनडे और 58 टी20 मैच खेलकर 2764 रन बनाए हैं। क्लासेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा ,'' मेरे लिये यह दुखद दिन है क्योंकि मैने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है। मुझे यह तय करने में काफी समय लगा कि भविष्य में मेरे और परिवार के लिये क्या बेहतर है। यह काफी कठिन फैसला था लेकिन मैं इससे खुश हूं।' (अनंत ज्ञान)

### यूजिनी बूचार्ड बेहतरीन अंदाज

**कनाडा।** स्टार टेनिस खिलाड़ी यूजिनी बूचार्ड अपने खेल के साथ-साथ अपनी खूबसूरती को लेकर भी तारीफें लूट चुकी हैं। यूजिनी बूचार्ड की खूबसूरती की तुलना एक्ट्रेस से की जाती है। बूचार्ड के इंस्टाग्राम पर 2.3 मिलियन फॉलोवर्स हैं।



### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम चार देशों के टूर्नामेंट में अर्जेंटीना से 2-4 से हारी

**एजेंसी, रोसारियो (अर्जेंटीना)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में अपना अभियान मेजबान अर्जेंटीना से 2-4 से हार के साथ समाप्त किया। कनिका सिवाच (11वें और 45वें मिनट) ने प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत के लिए दो गोल दागे। खेल की शुरुआत तेज गति से हुई और पहले क्वार्टर में ही चार गोल हो गए। सोल गुइग्नेट गुनाजू ने पांचवें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके दो मिनट बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत ने 11वें मिनट में कनिका के गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने 13वें मिनट में गोल किया जिससे अर्जेंटीना ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। अर्जेंटीना की तरफ से चौथा गोल 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल ने किया।(अनंत ज्ञान)



# श्रेयस की तूफानी पारी से पंजाब किंग्स फाइनल में

**एजेंसी, अहमदाबाद**

श्रेयस अय्यर के 41 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से पंजाब किंग्स ने दूसरे क्वालीफायर में रविवार को मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया और अब यह भी तय हो गया कि इंडियन प्रीमियर लीग को इस सत्र में एक नया चैंपियन मिलेगा।



अब तीन जून को फाइनल में पंजाब का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा और दोनों टीमों ने 18 साल में एक बार भी खिताब नहीं जीता है। पिछले साल अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले श्रेयस ने दबाव के क्षणों में परिपक्व पारी खेलते हुए 11 साल में पहली बार पंजाब को फाइनल में पहुंचाया। मुंबई के खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण के सामने जीत के लिये 204 रन का लक्ष्य आसान नहीं था लेकिन श्रेयस ने आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढी। उन्होंने आठ छक्कों और पांच चौकों की मदद से नाबाद 87 रन बनाए जिसकी मदद से पंजाब किंग्स ने पांच विकेट पर 207 रन बनाए । श्रेयस ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर टीम को जीत तक पहुंचाया । इससे पहले बारिश के कारण मैच सवा दो घंटे विलंब से शुरू हुआ।

मुंबई के लिए जसप्रीत बुमराह का खराब फॉर्म भारी पड़ा जिन्होंने चार ओवर में 40 रन दे डाले और एक भी विकेट नहीं ले सके। इसके अलावा मुंबई की फील्डिंग भी काफी लचर थी और नेहाल वढेरा (48) को दो जीवनदान देना भारी पड़ गया। पंजाब के तीन विकेट 72 रन पर गिरने के बाद श्रेयस और वढेरा ने कमान संभाली। श्रेयस ने 13वें ओवर में रीसे टॉपली को तीन छक्के लगाकर जीत की राह आसान की। इससे पहले सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की अगुवाई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने छह विकेट पर 203 रन बनाए। मुकाबले में एक भी ओवर कम नहीं किया गया । (अनंत ज्ञान)

# राजीव शुक्ला का बीसीसीआई का कार्यवाहक अध्यक्ष बनना तय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अनुभवी क्रिकेट प्रशासक राजीव शुक्ला अगले महीने रोजर बिन्नी के 70 वर्ष की आयु सीमा पूरी करने के बाद अंतरिम रूप से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष का पद संभालेंगे। बीसीसीआई सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।



बिन्नी ने 2022 में बोर्ड अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली की जगह ली थी। वह 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे और इस तरह से बीसीसीआई के किसी भी पदाधिकारी के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा को पार कर जाएंगे। 65 वर्षीय शुक्ला वर्तमान में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह 2020 से इस पद पर हैं। सितंबर में बोर्ड की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान नए चुनाव होने तक वह बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष का पद संभालेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, ''परंपरा के अनुसार, ऐसी स्थिति में सबसे वरिष्ठ पदाधिकारी ही कार्यभार संभालता है। वह (शुक्ला) सितंबर में नए चुनाव होने तक यह भूमिका निभाएंगे।''

कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद शुक्ला इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। हाल के वर्षों में सीके खन्ना ने उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति के कार्यकाल के दौरान 2017 से 2019 तक बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था। प्रशासकों की समिति ने 33 महीने तक बोर्ड का कामकाज देखा था। (अनंत ज्ञान)

# मैक्सवेल ने टी20 क्रिकेट पर ध्यान देने के लिए वनडे से लिया संन्यास

**एजेंसी, मेलबर्न**

आस्ट्रेलियाई आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इस 36 वर्षीय विस्फोटक बल्लेबाज और ऑफ स्पिन गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 149 एकदिवसीय मैच खेले।

मैक्सवेल ने वनडे में कुछ यादगार पारियां खेली जिसमें वनडे विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ 128 गेंद पर खेली गई 201 रन की पारी भी शामिल है। उन्होंने फाइनल वर्ड पॉडकास्ट से कहा, 'मुझे लगा कि मेरा शरीर जिस तरह से परिस्थितियों के अनुकूल प्रतिक्रिया नहीं कर रहा था, उससे मैं टीम को थोड़ा निराश कर रहा था। मैंने (चयनसमिति के अध्यक्ष) जॉर्ज बेली के साथ अच्छी बातचीत की और उनसे पूछा कि आगे के बारे में उनके क्या विचार हैं।''



मैक्सवेल ने कहा,''हमने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप पर चर्चा की। मैंने उनसे कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें सफल हो पाऊंगा। अब समय आ गया है कि आप अन्य खिलाड़ियों के लिए योजना बनानी शुरू करें।'' मैक्सवेल को हाल में उंगली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग को बीच में ही छोड़ना पड़ा था। उन्होंने कहा,''मैं शुरू से कहता रहा हूं कि अगर मुझे लगता है कि मैं अब भी खेलने लायक हूं तो मैं टीम में बना रहूंगा। मैं अपने स्वार्थ के लिए नहीं खेलना चाहता हूं। ''

मैक्सवेल का स्ट्राइक रेट 126 है जो वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे ज्यादा है। वह वेस्टइंडीज़ के आंद्रे रसेल से पीछे हैं। उन्होंने एक गेंदबाज के रूप में वनडे में 77 विकेट लिए हैं जबकि एक बल्लेबाज के रूप में चार शतक और 23 अर्धशतक भी लगाए हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान में कहा, मैक्सवेल ने भारत और श्रीलंका में 2026 आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप, बिग बैश लीग और अपनी अन्य वैश्विक प्रतिबद्धताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है।''

# डी गुकेश ने कार्लसन को हराकर बदला चुकता किया




**एजेंसी, स्टावेंजर।** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर उनसे पहली बाजी में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। भारतीय खिलाड़ी की यह नार्वे के दिग्गज खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल शतरंज में पहली जीत है। रविवार की इस जीत से 19 वर्षीय गुकेश 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह अब संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज कार्लसन और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से केवल एक अंक पीछे हैं।

**आर वैशाली ने कोनेरू हम्पी को हराया**

प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी चीन के वेई यी के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत के बाद 7.5 अंकों के साथ हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इस टूर्नामेंट में लगभग सभी छह खिलाड़ियों के पास प्रतिष्ठित खिताब जीतने का मौका है। महिला वर्ग में आर वैशाली ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में कोनेरू हम्पी को हराया। (अनंत ज्ञान)

# एसीसी ने महिला एमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट किया स्थगित

**एजेंसी, लाहौर**

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने मेजबान देश श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं के कारण छह जून से शुरू होने वाले महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप टूर्नामेंट को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की। टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से प्राप्त पत्र पर विचार-विमर्श के बाद लिया गया जिन्होंने एसीसी प्रमुख मोहसिन रजा नकवी को इस टूर्नामेंट को स्थगित करने की मांग करते हुए पत्र लिखा था।

एसीसी ने एक बयान में कहा कि सिल्वा ने श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और इस क्षेत्र में चिकनगुनिया फैलने के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला दिया।

नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि महाद्वीपीय संस्था महिला क्रिकेट और क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के महत्व को समझती है।

उन्होंने कहा, ''एसीसी युवा महिला क्रिकेटरों को कौशल को बढ़ाने और उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के मौके प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम एशिया में महिला क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में इस टूर्नामेंट के रणनीतिक महत्व को समझते हैं और जल्द से जल्द इस टूर्नामेंट को फिर से आयोजित करने के लिए लगन से काम करेंगे।'' नकवी ने कहा कि एसीसी समय आने पर टूर्नामेंट की नयी तारीखों की घोषणा करेगा।

**श्रीलंका के अनुरोध के बाद एशियाई क्रिकेट परिषद ने लिया फैसला**

**पुरुषों के एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर गंभीर संदेह**

एसीसी के करीबी एक विश्वसनीय सूत्र ने यह भी कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच हाल में सीमा पर तनाव के कारण सितंबर में पुरुषों के एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर गंभीर संदेह है। सूत्र ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि एशिया कप होगा क्योंकि मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के लिए इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने के साथ पाकिस्तान टीम को आमंत्रित करने के लिए सरकार से मंजूरी लेना मुश्किल होगा। '' (अनंत ज्ञान)

## बैडमिंटन | सात्विक स्वास्थ्य और चिराग पीठ की चोट के कारण खेल से थे दूर

# सात्विक-चिराग इंडोनेशिया में खिताब जीतने की करेंगे कोशिश

**एजेंसी, जकार्ता**

पूर्व चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 1,450,000 डॉलर पुरस्कार राशि के इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुआई करते हुए वापसी की लय जारी रखना चाहेगी। फिटनेस हासिल करने के बाद दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थी और अब उनकी कोशिश इस टूर्नामेंट में और आगे तक पहुंचने की होगी ताकि वे 2023 में जीती गई ट्रॉफी को फिर से हासिल कर सकें।

अभी सात्विक और चिराग की जोड़ी रैंकिंग में 27वें स्थान पर है लेकिन सिंगापुर के सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद उनके शीर्ष 20 के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

यह भारतीय जोड़ी इंडोनेशिया आपेन में अपने अभियान की शुरूआत लियो रोली कार्नांडो और बागस मौलाना की इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ करेगी। सात्विक स्वास्थ्य समस्याओं और चिराग पीठ की चोट के कारण पिछले कुछ सप्ताह से खेल से दूर थे। हालांकि इस स्टार जोड़ी ने पिछले हफ्ते सेमीफाइनल में पहुंचने के दौरान तकनीकी दक्षता दिखाकर मलेशिया के गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की नंबर एक जोड़ी को हराकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। (अनंत ज्ञान)



### पीवी सिंधू आगे तक पहुंचने का बनाएंगी लक्ष्य

**वहीं** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इस साल लगातार खराब प्रदर्शन के बाद अब इस टूर्नामेंट में आगे तक पहुंचने का लक्ष्य बनाएंगी। 29 साल की इस खिलाड़ी को फरवरी में गुवाहाटी में ट्रेनिंग के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी जिसके कारण वह एशिया टीम चैंपियनशिप से बाहर हो गई थीं। वापसी के बाद से वह थुई लिन्ह एनगुयेन, पुत्री कुसुमा वर्दानी और किम गा युन जैसी खिलाड़ियों हारकर टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गई। पिछले हफ्ते हालांकि 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की इस चैंपियन ने दूसरे दौर में चीन की तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन यू फी से हारने से पहले अपने पूर्व प्रदर्शन की झलक दिखाई थी।

### त्रिसा जॉली और गायत्री की जोड़ी करेगी वापसी

**महिला** एकल में अन्य खिलाड़ियों में अनुपमा उपाध्याय का सामना कोरिया की किम गा यून से, रक्षिता श्री रामराज का सामना थाईलैंड की बाएं हाथ की खिलाड़ी सुपानिदा काटेथोंग से जबकि मालविका बंसोड़ का सामना इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी चोट से वापसी कर रही हैं और उनका सामना जापान की युकी फुकुशिमा और मायू मात्सुमोतो की जोड़ी से होगा। मिश्रित युगल में भारत का प्रतिनिधित्व ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो, रोहन कपूर और रुथविका गाडे शिवानी, सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ तथा असिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश की चार जोड़ियां करेंगी।

# पंजाब किंग्स ने खुद को पहले स्थान पर रहने के लिए तैयार किया : होप्स

**एजेंसी, अहमदाबाद**

पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल से पहले कहा कि उनकी टीम ने खुद को दूसरे या तीसरे स्थान पर रहने के लिए नहीं बल्कि पहले स्थान पर रहने के लिए तैयार किया है।



श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स की टीम को पहले क्वालीफायर में आरसीबी से करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन उसने दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की।

होप्स ने रविवार को पत्रकारों से कहा, ''हम पिछले कुछ महीनों से इस तरह से खेल रहे थे कि हम तीसरे स्थान पर न आएं। हम पहले स्थान पर आने का मौका चाहते थे और अब हमने खुद को वह मौका दे दिया है।'' इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में विराट कोहली के समर्थकों से निपटने के लिए भी उनकी टीम को तैयार रहना होगा।

उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि वहां बहुत बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहेंगे और इनमें कोहली के समर्थक भी होंगे। हमारी टीम को इसके लिए मानसिक रूप से तैयार रहना होगा।'' (अनंत ज्ञान)